राष्ट्रीय मुख्यधारा PRINT | WEB | VIDEO

बोकारो, सोमवार

14.10.2024

पृष्ठ : 12, मूल्य : 2/

वर्ष : 11, अंक : 250

हिन्दी दैनिक

mukhyadhara.daily@gmail.com +919142412511

RNI : JHAHIN/2014/54374

# राष्ट्रीय मुख्यधारा

अख़बार भी, आन्दोलन भी

www.rashtriyamukhyadhara.com




राष्ट्र, राष्ट्रहित और राष्ट्रवाद को सदैव समर्पित : देश से बढ़ कर कुछ भी नहीं !

# पीएम गति शक्ति से देश अब विकसित भारत के सपने को पूरा करने आगे बढ़ रहा

## इस पहल को तीन साल पूरे, पीएम मोदी ने की प्रयासों की सराहना

एजेंसी। नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी द्वारा लॉन्च की गई पीएम गति शक्ति पहल के आज रविवार को तीन साल पूरे हो गए। इस अवसर पर पीएम मोदी ने इसके भारत के बुनियादी ढांचे और आर्थिक विकास पर सकारात्मक प्रभाव को लेकर महत्वपूर्ण बातें कही। उन्होंने पीएम गति शक्ति के जरिए से भारत के बुनियादी ढांचे को स्मार्ट और एकीकृत बनाने की दिशा में किए गए प्रयासों की सराहना की। पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा- गति शक्ति की बदौलत देश अब विकसित भारत के हमारे सपने को पूरा करने के लिए तेजी से आगे बढ़ रहा है। यह प्रगति, उद्यमशीलता और नवाचार को प्रोत्साहित करेगा। उन्होंने एक अन्य पोस्ट में कहा कि पीएम गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान के तहत भारत के बुनियादी ढांचे में क्रांति लाने एक परिवर्तनकारी पहल के रूप में उभरा है। इसने मल्टीमॉडल कनेक्टिविटी को बढ़ाया है, जिससे सभी क्षेत्रों में तेजी से विकास हुआ। इस पहल के तहत कई क्षेत्रों में लॉजिस्टिक्स को सुधारने, देरी को कम करने और नए अवसरों को पैदा करने के लिए मल्टीमॉडल कनेक्टिविटी पर जोर दिया गया है। इससे कई परियोजनाओं की



कार्यान्वयन गति में सुधार हुआ है और भारत के विकास की दिशा को तेज किया गया है। केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने भी ट्वीट कर लिखा- आज पीएम नरेंद्र मोदी द्वारा पीएम गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान को तीन साल पूरे हो गए हैं। इस पहल ने लॉजिस्टिक्स को सुव्यवस्थित किया और कनेक्टिविटी को बढ़ाया है, जिससे परियोजनाओं की गति में तेजी आई और यह एक आधुनिक, परस्पर जुड़े बुनियादी ढांचे के नेटवर्क के निर्माण में अहम भूमिका निभाता है। पीएम गति शक्ति पहल के तहत देश में बुनियादी ढांचे को और सशक्त बनाने की दिशा में कई कदम उठाए गए हैं, जिससे विकसित भारत के निर्माण की दिशा में नया विश्वास और गति आई है।

# भ्रष्ट और कामचोर अधिकारियों की सेवा समाप्त करेगी सरकार

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीसरी बार केंद्र की सत्ता में आए हैं। केंद्र सरकार के भ्रष्ट और कामचोर अधिकारियों पर अब सरकार ने शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। निर्णय नहीं लेने वाले, काम मे लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों और अधिकारियों की पहचान कर समय से पहले रिटायर्ड करने का निर्णय मंत्रिमंडल ने लिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने काउंसिल आफ मिनिस्टर्स की बैठक में मंत्रियों और सचिवों को मिशन मोड पर काम करने के निर्देश दिए हैं। मंत्रालयों के कामकाज में तेजी और पारदर्शिता लाने की बात कही गई है। भ्रष्टाचार के खिलाफ मुहिम तेज करने के लिए कहा गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने केंद्रीय सिविल सेवा नियमों का उल्लेख करते हुए कहा, केंद्र सरकार में पदस्थ सभी अधिकारियों और कर्मचारियों के कार्यों का मूल्यांकन किया जाए। ईमानदार अधिकारियों को पुरस्कृत किया जाए, जो अधिकारी भृष्ट और निकम्मे हैं। उनको समय के पहले सेवानिवृत्ति देकर घर बैठा दिया जाए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले 10 साल में मिली 4.5 करोड़ शिकायतों का उल्लेख करते हुए कहा,इस स्थिति में सुधार लाने की जरूरत है।

**3 महीने के नोटिस में टाटा-बाय-बाय :** अगर सरकारी कर्मचारी सेवा में बने रहने के लिए अयोग्ग साबित होते हैं. ऐसी स्थिति में उन्हें तीन माह का नोटिस देकर सेवानिवृत्ति दी जा सकती है. 55 साल पूरे होने के बाद भी सेवा से रिटायर किया जा सकता है। इन नियमों के तहत अभी तक 500 से ज्यादा अधिकारियों और कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति दी जा चुकी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक बार फिर सभी मंत्रियों से कहा है। सभी अधिकारियों और कर्मचारियों के कामकाज की लगातार समीक्षा करें। भृष्ट और कामचोर अधिकारियों और कर्मचारियों को बाहर का रास्ता दिखाएं।

# फारस की खाड़ी में तैनात भारतीय जहाज बहरीन और यूएई पहुंचे

एजेंसी। नई दिल्ली



फारस की खाड़ी में लंबी दूरी की प्रशिक्षण तैनाती जारी रखते हुए भारत के दो जहाज बहरीन के मनामा बंदरगाह पर और एक जहाज यूएई के पोर्ट राशिद पर पहुंच गए हैं। बंदरगाह पर व्यावसायिक बातचीत, क्रॉस शिप विजिट, संयुक्त प्रशिक्षण सत्र, योग सत्र, बैंड संगीत कार्यक्रम, मैत्रीपूर्ण खेल कार्यक्रम, सामाजिक संपर्क और सामुदायिक कल्याण गतिविधियों की योजना बनाई गई है। यह यात्रा बहरीन और यूएई के साथ भारत के बढ़ते रक्षा संबंधों का संकेत है, साथ ही समुद्री सुरक्षा सहयोग और नौसेनाओं के बीच बेहतर तालमेल को बढ़ावा देती है। भारतीय नौसेना ने प्रथम प्रशिक्षण स्क्वाड्रन (1 टीएस) के अपने जहाज तीर और शार्दुल तथा भारतीय तटरक्षक बल के जहाज वीरा को लंबी दूरी की प्रशिक्षण तैनाती पर भेजा है। तीनों भारतीय जहाजों ने 9 अक्टूबर को मस्कट, ओमान की यात्रा पूरी कर ली। चार दिवसीय यात्रा के दौरान भारतीय नौसेना ने विभिन्न मोर्चों पर ओमान की रॉयल नेवी के साथ बातचीत की, जिससे दोनों समुद्री देशों के बीच संबंध और गहरे बने तथा मैत्री के सेतु मजबूत हुए। आईएनएस तीर एवं आईसीजीएस वीरा 12 अक्टूबर को बहरीन के मनामा बंदरगाह पर पहुंच गए हैं। भारतीय नौसेना समुद्री संचालन और सर्वोत्तम साझा प्रथाओं के विभिन्न क्षेत्रों में रॉयल बहरीन नौसेना बलों (आरबीएनएफ) के साथ जुड़ने के लिए तैयार है। समुद्री भागीदारी अभ्यास की योजना बनाने और उसे संचालित करने के लिए दोनों नौसेनाओं की परिचालन टीमों के बीच समन्वय बैठक भी निर्धारित है। सहयोगात्मक जुड़ाव के हिस्से के रूप में भागीदारों के साथ प्रशिक्षण बातचीत और क्षेत्र में समुद्री सुरक्षा की पुष्टि भी इस यात्रा के दौरान होगी। भारतीय नौसेना के समुद्री प्रशिक्षु रॉयल बहरीन नौसेना की विभिन्न प्रशिक्षण सुविधाओं और प्रतिष्ठानों का दौरा करेंगे। लंबी दूरी पर तैनात आईएनएस शार्दुल दुबई के पोर्ट राशिद पहुंचा है। भारतीय दूतावास में रक्षा अताशे और यूएई नौसेना के अधिकारियों ने जहाज का स्वागत किया। यात्रा के दौरान भारतीय जहाज का चालक दल यूएई नौसेना के साथ कई प्रशिक्षण गतिविधियों और बंदरगाह पर बातचीत करेगा। बहरीन और यूएई में भारतीय जहाज़ों की तैनाती का उद्देश्य न केवल समुद्री प्रशिक्षुओं को विभिन्न नौसेना प्रशिक्षण गतिविधियों से परिचित कराना है, बल्कि सामाजिक-राजनीतिक, सैन्य और समुद्री संबंधों को भी आगे बढ़ाना है।

## संक्षिप्त समाचार

### चिनाब घाटी में भूकंप के झटके, 4.3 तीव्रता दर्ज



**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के डोडा स्थित चिनाब घाटी में रविवार सुबह 6.14 बजे भूकंप के झटके महसूस किए गए। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी ने बताया कि रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 4.3 दर्ज की गई। भूकंप का केंद्र डोडा जिले के गुंडोह इलाके में था। पिछले कुछ सालों से चिनाब घाटी में लगातार भूकंप आ रहे हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि ऐसी हल्की तीव्रता वाले भूकंपों से दबाव निकलता है और किसी बड़े भूकंप की आशंका कम हो जाती है।

### रावण दहन करते समय हुआ बैकफायर सांसद पप्पू यादव के पेट में घुसा रॉकेट



**पूर्णिया।** बिहार के पूर्णिया में दशहरे पर रावण दहन के दौरान एक हादसा हो गया जिसमें पूर्णिया के निर्दलीय सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव विजयादशमी पर रावण दहन कार्यक्रम में शामिल हुए। रावण दहन के लिए पप्पू यादव ने जैसे ही पटाखे में आग लगाई तो रॉकेट से बैकफायर हुआ और उनके पेट में घुस गया, जिससे पप्पू यादव की शर्ट में आग लग गई। वह बाल-बाल बच गए। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। राहत की बात यह रही कि इस दौरान किसी भी तरह का हादसा नहीं हुआ, लेकिन पप्पू यादव की शर्ट में आग लग गई। इस घटना से कुछ समय के लिए अफरा-तफरी का माहौल पैदा हो गया था। इस घटना का वीडियो भी सामने आया है, जिसमें पप्पू यादव के हाथ में पटाखा जलता हुआ देखा जा सकता है। उनके साथ पुलिस अधिकारी भी पटाखे को हाथ में पकड़े हैं तभी अचानक वह रॉकेट से बैकफायर हो जाता है और पप्पू यादव के पेट पर जाकर लगता है और उनकी शर्ट में आग लग जाती है। इस दौरान लोग पप्पू यादव को बचाने की कोशिश करते हैं। उनकी आंखों को हाथों से ढंकते हैं। हालांकि पप्पू यादव उस पटाखे को छोड़ते नहीं हैं। इसके बाद स्थिति सामान्य हुई हो रावण दहन कार्यक्रम संपन्न हुआ।

### दो बाइक की टक्कर में 4 की मौत

**पटना।** बिहार में नालंदा जिले के सरमेरा थाना क्षेत्र के बढ़िया गांव के पास शनिवार रात करीब 11 बजे दो बाइक की आपस में टक्कर में 4 लोगों की मौत हो गई। जबकि दो अन्य लोग घायल हैं। सरमेरा थाना के मुताबिक मृतकों में शेखपुरा निवासी राजन कुमार, सोनू कुमार, शशिरंजन और गया जिला के धरमुचक गांव निवासी बॉस कुमार शामिल हैं। दुर्घटना में घायल हुए सरमेरा निवासी सुराज कुमार और राज हंस कुमार का इलाज बीम्स अस्पताल में किया जा रहा है। मृतक के परिजनों के मुताबिक शेखपुरा से एक ही बाइक पर 4 लोग सवार होकर मेला देखने आए थे।

# ट्रेनिंग के दौरान दो अग्निवीरों की मौत पर राहुल गांधी का केंद्र पर निशाना

एजेंसी। नई दिल्ली



लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने अग्निपथ योजना के तहत अग्निवीरों की भर्ती प्रक्रिया पर एक बार फिर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि यह अग्निपथ योजना सेना के साथ अन्याय है और हमारे वीर जवानों की शहादत का अपमान है। प्रधानमंत्री और रक्षा मंत्री को जवाब देना चाहिए कि क्यों एक सैनिक की ज़िंदगी दूसरे सैनिक से अधिक मूल्यवान है? राहुल गांधी ने महाराष्ट्र के नासिक में ट्रेनिंग के दौरान दो अग्निवीर- गोहिल विश्वराजसिंह और सैफत शित की मौत का उदाहरण दिया। उनके परिवारों के प्रति संवेदनाएं व्यक्त करते हुए राहुल ने कहा कि यह घटना एक बार फिर अग्निवीर योजना पर गंभीर सवाल उठाती है, जिनका जवाब देने में भाजपा सरकार असफल रही है। उन्होंने पूछा कि क्या गोहिल और सैफत के परिवारों को समय पर मुआवजा मिलेगा, जो किसी अन्य जवान की शहादत के बराबर हो? अग्निवीरों के परिवारों को पेंशन और अन्य सरकारी सुविधाओं का लाभ क्यों नहीं मिलेगा? जब दोनों ही सैनिकों की ज़िम्मेदारियां और बलिदान समान हैं तो उनके शहादत के बाद यह भेदभाव क्यों? राहुल गांधी ने लोगों से अपील की कि मिलकर इस अन्याय के खिलाफ खड़े हों।

# दिल्ली सरकार को HC की फटकार, रेप के प्रयास से जुड़े मामले में अपील करने की मांगी थी इजाजत

एजेंसी।नई दिल्ली

दिल्ली हाई कोर्ट ने रेप के प्रयास मामले में ट्रायल कोर्ट द्वारा बरी किए जाने के खिलाफ अपील करने की इजाजत मांगने के लिए दिल्ली सरकार को फटकार लगाई। कोर्ट ने याचिका को खारिज कर दिया और कहा कि दिल्ली सरकार के कानून और विधायी मामलों के विभाग को मामले शुरू करने में अधिक सतर्क रहना चाहिए। बार एंड बेंच की रिपोर्ट के अनुसार, दिल्ली हाई कोर्ट ने हाल ही में दिल्ली सरकार को 2011 के बलात्कार के प्रयास के एक मामले में बरी किए जाने को चुनौती देने के लिए फटकार लगाई। शिकायतकर्ता ने सुनवाई के दौरान स्वीकार किया



था कि उसने झूठा मामला दायर किया था। जस्टिस अमित महाजन ने ट्रायल कोर्ट द्वारा बरी किए जाने के फैसले के खिलाफ अपील करने की इजाजत मांगने वाली राज्य की याचिका को खारिज कर दिया। साथ ही यह स्पष्ट कर दिया कि अभियोजन पक्ष और दिल्ली सरकार के कानून और विधायी मामलों के विभाग को मामले शुरू करने में अधिक सतर्क रहना चाहिए। जस्टिस अमित महाजन ने जोर देकर कहा कि यह जरूरी है कि न्यायिक प्रक्रिया की अखंडता को बनाए रखने और वैध शिकायतों वाले लोगों के लिए समय पर न्याय सुनिश्चित करने के लिए अभियोजन और कानूनी विभाग मामले शुरू करने से पहले उचित परिश्रम करें। इस मामले में एक युवा महिला (अभियोक्ता) द्वारा अपने मकान मालिक के बेटे के खिलाफ आरोप लगाया गया था, जिसमें उसने मार्च 2011 में अपनी इमारत की छत पर उसके साथ बलात्कार करने का प्रयास करने का आरोप लगाया था। पीड़िता ने दावा किया कि जब वह छत से गद्दा ला रही थी तो आरोपी ने उसे पकड़ लिया और पास की झोपड़ी में ले जाकर रेप करने का प्रयास किया। कथित तौर पर वह शोर मचाने में कामयाब रही, जिससे वह भाग गया। मुकदमे के दौरान अभियोजन पक्ष ने 15 गवाह पेश किए। हालांकि, ट्रायल कोर्ट ने अभियोजक की गवाही में कई विसंगतियां पाईं। विशेष रूप से अपनी जिरह के दौरान उसने स्वीकार किया कि उसके परिवार का आरोपी के साथ किराए को लेकर विवाद था। इसलिए मामला दर्ज कराई थी। ट्रायल कोर्ट ने पुलिस को दिए गए उसके शुरुआती बयान और आपराधिक प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 164 के तहत दर्ज की गई उसकी गवाही के बीच विसंगतियों को भी उजागर किया।

## लेबनान में संयुक्त राष्ट्र शांति सैनिकों पर हमले के विरोध में भारत, 34 देशों के संयुक्त बयान को दिया समर्थन

**बेरुत।** लेबनान में संयुक्त राष्ट्र अंतरिम बल (यूएनआईएफआईएल) में अपने सैनिक भेजने वाले 34 देशों ने शांति सैनिकों पर इजरायली हमलों की निंदा करते हुए शनिवार को संयुक्त बयान जारी किया। भारत ने इस संयुक्त बयान को पूरा समर्थन देते हुए कहा है कि वह पूरी तरह इसके साथ है। भारत के 903 सैनिक यूएनआईएफआईएल के तहत लेबनान में तैनात हैं। इसराइल-लेबनान सीमा पर बिगड़ते हालात को लेकर भारत ने चिंता जाहिर करते हुए इसराइली कार्रवाई के खिलाफ संयुक्त राष्ट्र के बयान पर अपनी सहमति जताई है। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन ने एक्स पोस्ट में लिखा कि "एक प्रमुख सैनिक योगदान देने वाले देश के तौर पर भारत, 34 सैन्य योगदान देने वाले देशों की तरफ से जारी संयुक्त बयान से पूरी तरह से सहमत है।" शांति सैनिकों की सुरक्षा को सबसे अहम मानते हुए भारत ने कहा है कि इसे मौजूदा यूएनएससी प्रस्तावों के हिसाब से सुनिश्चित किया जाना चाहिए। उल्लेखनीय है कि दक्षिणी लेबनान में इजरायल-हिजबुल्लाह बीच चल रही जमीनी संघर्ष में नकौरा स्थित यूएनआईएफआईएल मुख्यालय पर भी हमले हुए।

# बढ़ाई गई सलमान की सुरक्षा



**मुंबई।** एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी की 12 अक्टूबर की शाम सरेआम हत्या कर दी गई। सिद्दीकी के बेटे जीशान सिद्दीकी के दफ्तर बांद्रा खेरवाड़ी सिगनल के पास थे जब उन पर गोलीबारी हुई थी। बाबा सिद्दीकी की हत्या के बाद सलमान खान की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। सलमान खान के घर गैलेक्सी अपार्टमेंट के बाहर भारी संख्या में पुलिस के जवान तैनात किए हैं। हत्यारों ने लॉरेंस बिश्नोई गैंग से अपना संबंध बताया है,और लॉरेंस सलमान को मारने की घमकी दी है। बाबा सिद्दीकी के काफी करीबी दोस्त माने जाते हैं सलमान इसलिए उनकी सुरक्षा कड़ी की गई है। बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान को हॉस्पिटल तक जाने से रोका गया है। सूत्रों की मानें तो सलमान को पुलिस ने अस्पताल आने-जाने से मना कर दिया है और उन्हें घर में ही रहने की हिदायत दी गई है। हालांकि देर रात सलमान खान लीलावती हॉस्पिटल पहुंचे थे। यहां बताते चलें कि सलमान खान के मुंबई स्थित घर गैलेक्सी अपार्टमेंट्स में 14 अप्रैल की सुबह फायरिंग हुई थी। यह अलग बात है कि इसमें कोई घायल नहीं हुआ था लेकिन इस दौरान सलमान घर पर ही थे और गोलियां की आवाज से ही उनकी नींद खुली थी।

# प्रोफेसर साईबाबा की मौत आंशिक रूप से यूएपीए का परिणाम : ओवैसी

एजेंसी। हैदराबाद

## एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या की निंदा, जताया शोक

ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने कहा है कि दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) के पूर्व प्रोफेसर जी.एन. साईबाबा की मौत आंशिक रूप से यूएपीए का भी परिणाम है, जो अभियुक्तों को लंबी अवधि तक जेल में रखने की इजाजत देता है। ओवैसी ने साईबाबा के निधन और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए 'एक्स' पर पोस्ट में कहा कि एक ही दिन में मौत की दो खबर वास्तव में खौफनाक है। साईबाबा का शनिवार रात एक सरकारी अस्पताल में ऑपरेशन के बाद निधन हो गया था। उन्हें माओवादियों से कथित संबंध मामले में सात महीने पहले बरी कर दिया गया था। ओवैशी ने कहा कि प्रोफेसर साईबाबा की मौत भी बेहद चिंताजनक है। उनकी मौत आंशिक रूप से यूएपीए का नतीजा है, जो पुलिस को बिना किसी सबूत के आपको लंबे समय तक जेल में रखने की इजाजत देता है। वहीं अधिकारियों ने बताया कि शनिवार रात मुंबई के बांद्रा इलाके में तीन लोगों ने एनसीपी नेता सिद्दीकी को गोली मार दी, जिसके बाद अस्पताल में उसकी मौत हो गई।

# भारत के खिलाफ जहर उगलने वाले कनाडाई पीएम जस्टिन ट्रूडो की मुश्किलें बढ़ीं, अपने ही सांसदों ने घेरा

**नई दिल्ली।** भारत के खिलाफ जहर उगलने वाले कनाडाई प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो की मुश्किलें बढ़ गई हैं। उनकी ही पार्टी के सांसदों का उन पर भरोसा नहीं रहा है। कनाडा में सत्तारूढ़ लिबरल पार्टी के भीतर सांसदों का एक ग्रुप जस्टिन ट्रूडो पर पद छोड़ने के लिए दबाव बना रहा है। सीबीसी न्यूज ने सूत्रों के हवाले से बताया है कि टोरंटो और मॉन्ट्रियल में हाल ही में हुए उप-चुनावों में हार के बाद असंतोष चरम पर पहुंच गया है, जिसके कारण असंतुष्ट सांसदों के बीच कई गुप्त बैठकें हुईं। ये सांसद प्रधानमंत्री पद से जस्टिन ट्रूडो को हटाना चाहते हैं और नेतृत्व में बदलाव के लिए कम-से-कम 20 नेताओं ने दस्तावेज पर हस्ताक्षर किए हैं। इसी साल जून महीने में टोरंटो-सेंट पॉल उपचुनाव में ट्रूडो की पार्टी आश्चर्यजनक



हार हुई थी, जिसके बाद से ही उनकी पार्टी में जबरदस्त असंतोष पनप रहा है। संसद की वापसी के साथ यह अशांति और बढ़ गई और मॉन्ट्रियल उपचुनाव में हार के बाद और भी बढ़ गई। एशिया में हाल ही में हुए शिखर सम्मेलन में ट्रूडो और उनके चीफ ऑफ स्टाफ कैटी टेलफोर्ड की अनुपस्थिति ने निराश सांसदों को बैठक करने और आगे की रणनीति बनाने का मौका दे दिया। इससे पहले, टोरंटो स्टार के शुक्रवार के एक पुराने आर्टिकल में भी 52 वर्षीय ट्रूडो पर पद छोड़ने के लिए सार्वजनिक रूप से दबाव डालने की कोशिशों के बारे में विस्तार से बताया गया था। अखबार ने बताया कि कम-से-कम 30 से 40 सांसद एक पत्र पर हस्ताक्षर करने के लिए तैयार हैं।

**ट्रूडो पर दबाव बनाना चाहते हैं लिबरल पार्टी के सांसद :** हालांकि, आर्टिकल में बताई गई संख्या से असल आंकड़े कुछ कम हो सकते हैं। ट्रूडो की लिबरल पार्टी के पास कनाडा के हाउस ऑफ कॉमन्स में 153 सीटें हैं। असहमति जताने वाले नेताओं द्वारा हस्ताक्षरित इस दस्तावेज को पारंपरिक पत्र के बजाए एक प्रतिज्ञा के रूप में बताया गया है, जिसका उद्देश्य ट्रूडो के इस्तीफे के लिए सांसदों से प्रतिबद्धता हासिल करना है।




संक्षिप्त समाचार

## राहुल गांधी 19 अक्टूबर को रांची आ सकते हैं



**रांची।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस नेता राहुल गांधी 19 अक्टूबर को रांची आ सकते हैं। वे यहां एक गैर राजनीतिक कार्यक्रम संविधान सम्मान सम्मेलन में शामिल हो सकते हैं। झारखंड कांग्रेस के मीडिया विभाग के चेयरमैन सतीश पॉल मुंजनी ने यह जानकारी दी। दिल्ली से रांची लौटते ही कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश सहयोगियों के साथ संविधान सम्मान सम्मेलन के लिए संभावित कार्यक्रम स्थल कार्निवल सभागार का निरीक्षण किया। उनके साथ शशिभूषण राय, विनय कुमार दीपू, रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस के जिलाध्यक्ष राकेश किरण महतो, प्रवक्ता जगदीश साहू सहित कई वरिष्ठ नेता शामिल थे। वैसे तो रांची में होने वाला राहुल गांधी का संविधान सम्मान सम्मेलन देश का पांचवां कार्यक्रम होगा, लेकिन झारखंड विधानसभा चुनाव से पहले उनका यह कार्यक्रम कांग्रेस कार्यकर्ताओं के लिए खास है।

## अधिवक्ता के पिता की चाकू से मारकर हत्या

**रांची।** चान्हो थाना क्षेत्र के मसमानो गांव में सिविल कोर्ट के अधिवक्ता के पिता की हत्या की चाकू मारकर हत्या का मामला रविवार को प्रकाश में आया है। मिली जानकारी के अनुसार रांची सिविल कोर्ट के अधिवक्ता सुशांत सिंह के पिता अशोक सिंह की चाकू से मारकर हत्या कर दी गयी। पुलिस ने शनिवार को रिम्स में शव का पोस्टमार्टम करवाया। इसके बाद गांव लेकर पहुंचे और शनिवार देर शाम पुलिस की निगरानी में अंतिम संस्कार किया गया। बताया जाता है कि अशोक सिंह की हत्या जमीन विवाद में हुई है। इस मामले में पुलिस ने छह से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया है और सभी से पूछताछ कर रही है। बताया जा रहा है कि अशोक सिंह (62) शुक्रवार को घर से 50 मीटर की दूरी पर अपनी भैंस को बांध रहे थे। इसी दौरान कई लोग आये और अशोक सिंह की चाकू मारकर हत्या कर दी। घटना को अंजाम देने के बाद सभी फरार हो गये । जैसे ही घटना की जानकारी अन्य लोगों को मिली, वहां भीड़ जुटने लगी। पुलिस भी सूचना पाकर घटनास्थल पर पहुंची और जांच पड़ताल कर शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेजा। शव को पोस्टमार्टम के बाद शनिवार देर शाम गांव लाया गया और पुलिस की निगरानी में अंतिम संस्कार किया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि जमीन विवाद में हत्या हुई है। छह लोगों को मामले में पकड़ा गया है पूछताछ की जा रही है।

## मुख्यमंत्री 14 अक्टूबर को सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारियों को देंगे नियुक्ति पत्र



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सोमवार को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, झारखंड अनुबंध आधारित 498 सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र देंगे। यह कार्यक्रम धुर्वा स्थित प्रोजेक्ट भवन में आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम प्रोजेक्ट भवन के सभागार में सुबह 11:30 बजे से शुरू किया जाएगा।

## झामुमो की केंद्रीय और भाजपा की चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक 14 को

**रांची।** विधानसभा चुनाव को लेकर झामुमो की केंद्रीय समिति की विस्तारित बैठक 14 अक्टूबर को सुबह 11:30 बजे से सोहराय भवन में होगी। इसमें पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन भी शामिल होंगे। केंद्रीय समिति के लगभग 243 सदस्यों के अलावा सभी जिलों के जिलाध्यक्ष, जिला सचिव भी बैठक में शामिल होंगे। बैठक में चुनावी रणनीति पर मंथन किया जाएगा। भाजपा की दो अहम बैठक भी प्रदेश कार्यालय में होंगी। इसमें भी चुनावी रणनीति को अमलीजामा पहनाया जाएगा। पहली बैठक चुनाव प्रबंधन समिति की होगी और दूसरी बैठक सभी मोर्चा के पदाधिकारियों की होगी। इन दोनों बैठकों में असम के सीएम सह भाजपा झारखंड के चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा भी शिरकत करेंगे।

## झामुमो की केंद्रीय समिति की विस्तारित बैठक 14 को, मुख्यमंत्री होंगे शामिल



**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) की केंद्रीय समिति की विस्तारित बैठक 14 अक्टूबर को सोहराय भवन में होगी। इसमें पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन भी शामिल होंगे। झामुमो के महासचिव विनोद कुमार पांडे ने रविवार को कहा कि केंद्रीय समिति के लगभग 243 सदस्यों के अलावा सभी जिलों के जिलाध्यक्ष, जिला सचिव भी बैठक में शामिल होंगे। बैठक में चुनावी रणनीति पर मंथन, वर्तमान राजनीतिक स्थिति पर चर्चा, सदस्यता अभियान की समीक्षा, पार्टी के संगठनिक स्थिति पर विचार-विमर्श किया जाएगा।

# राज्य में 15 अक्टूबर को होगी बारिश



**रांची ।** राज्य में राजनीतिक सरगर्मी के साथ मौसम भी करवट ले रहा है। राज्य में मौसम में भी उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। मौसम केंद्र ने 15 अक्टूबर को राज्य के दक्षिणी और मध्य भाग में हल्के से मध्यम दर्जे के बारिश की संभावना जताई गई है। इसका असर रांची, गुमला, लोहरदगा, खूंटी, सिमडेगा, सरायकेला-खरसांवा, पूर्वी सिंहभूम और पश्चिमी सिंहभूम में देखने को मिलेगा। इसके साथ 16 से 18 अक्टूबर तक राज्य के पांच जिलों में बारिश की संभावना जताई गई है। इसका असर सिमडेगा, सरायकेला-खरसांवा, पूर्वी सिंहभूम और पश्चिमी सिंहभूम में देखने को मिलेगा। पिछले 25 घंटे में सरायकेला-खरसांवा, गुमला के बिशुनपुर में बारिश हुई। राज्य के कई हिस्सों से दक्षिणी-पश्चिमी मॉनसून की विदाई हो चुकी है। मौसम विभाग के अनुसार, राज्य में अगले पांच दिनों तक तापमान में बदलाव की संभावना नहीं है जबकि 14 अक्टूबर को मौसम शुष्क रहेगा। आसमान भी साफ रहेगा। पिछले 24 घंटे में सबसे अधिक तापमान देवघर में रिकॉर्ड किया गया। न्यूनतम तापमान राजधानी रांची में दर्ज किया गया। दक्षिण-पश्चिम मॉनसून बिहार, झारखंड, पूरे पश्चिम बंगाल और सिक्किम के शेष हिस्सों से वापस चला गया है। छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश के कुछ हिस्से, ओडिशा के कई हिस्से और असम व मेघालय के कुछ हिस्से, उत्तर-पश्चिम बंगाल की खाड़ी, दक्षिण-पश्चिम मॉनसून बिहार, झारखंड, पूरे पश्चिम बंगाल और सिक्किम के शेष हिस्सों से भी मॉनसून वापस चला गया है। छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश के कुछ और हिस्से, ओडिशा के कई हिस्से, असम और मेघालय के कुछ हिस्से, उत्तर-पश्चिम बंगाल की खाड़ी से भी मॉनसून की वापसी हो चुकी है। वहीं, 14 अक्टूबर के आसपास दक्षिण बंगाल की खाड़ी के मध्य भागों में एक कम दबाव का क्षेत्र बनने की संभावना है।

## मेला घूमने के दौरान मारपीट में घायल युवक की मौत, लोगों ने सड़क पर लगाया जाम



**रांची।** दुर्गा पूजा में मेला घूमने के दौरान हुई मारपीट में घायल युवक की शनिवार देर रात मौत हो गयी। मृतक की शिनाख्त रोहित तिर्की के रूप में हुई है। वह मूल रूप से लालपुर थाना क्षेत्र के लोहराकोचा का रहने वाला था। रोहित की मौत के बाद आक्रोशित लोगों ने रविवार को लालपुर चौक पर जाम लगा दिया। लोग आरोपितों की गिरफ्तारी की मांग कर रहे थे। सड़क जाम की सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और आक्रोशित लोगों को समझा-बुझाकर जाम हटवाया। इस दौरान लगभग आधे घंटे तक सड़क पर जाम लगा रहा। लालपुर चौक पर जाम लगने की वजह से वाहनों की लंबी कतार लग गयी थी। लोगों को आने-जाने में काफी परेशानी हुई। बताया जा रहा है कि रोहित अपने साथियों के साथ दो दिन पहले मेला घूमने के लिए निकला था। इसी दौरान रातू रोड चौक के आसपास कुछ युवकों से उसकी मारपीट हुई थी। इस घटना में रोहित गंभीर रूप से घायल हो गया था। इसके बाद उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां शनिवार की देर रात उसकी मौत हो गयी। थाना प्रभारी रुपेश कुमार ने बताया कि कोतवाली थाना क्षेत्र में मारपीट में घायल हुए युवक की अस्पताल में मौत होने के बाद आक्रोशित लोगों ने सड़क जाम किया था। उन्हें समझा बुझाकर हटा दिया गया है।

## हेयर स्टाइल को लेकर सुर्खियों में महेंद्र सिंह धोनी



**रांची।** टीम इंडिया के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी एक बार फिर अपने हेयर स्टाइल को लेकर सुर्खियों में है। धोनी का नया लुक सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। देश के जाने-माने हेयर स्टाइलिस्ट आलिम हकीम ने अपने इंस्टा और एक्स हैंडल पर धोनी की तीन फोटोज शनिवार को शेयर की है। फोटो में एमएसडी छोटे बाल में नजर आ रहे हैं। एक साइड उनके बाल छोटे-छोटे हैं जबकि दूसरे साइड के बाल हल्के बड़े हैं। हेयर स्टाइलिस्ट ने फोटो के साथ कैप्शन में लिखा कि महेंद्र सिंह धोनी। हमारे एकमात्र थाला। आईपीएल से पहले माही का नया लुक देख फैंस चौंक गये। हालांकि, फैंस को माही का नया लुक पसंद आ रहा है। आलिम हकीम देश के जाने-माने हेयर स्टाइलिस्ट हैं। आलिम के पास बॉलीवुड स्टार से लेकर क्रिकेटर तक अपना हेयर कट करवाते हैं। महेंद्र सिंह धोनी भी अपने हेयरस्टाइल को लेकर हमेशा सर्खियों में रहते हैं। आईपीएल के हर सीजन से पहले वह अपना लुक बदलते हैं। पिछले सीजन में माही लंबे बालों में नजर आये थे। वहीं, आईपीएल 2025 में माही छोटे बालों में दिखेंगे। पहले तस्वीर में माही का साइड लुक फोटो है और वो नीचे देख रहे हैं। दूसरी तस्वीर में माही ने साइड लुक किया है लेकिन सामने देख रहे हैं। तीसरी तस्वीर की बात करें तो इसमें माही के साथ आलिम हकीम भी नजर आ रहे हैं। वह क्रिकेटर के हेयर कट कर रहे हैं।



## दुर्गा मूर्ति विसर्जन के लिए बड़ा तालाब में एसडीआरएफ की टीम तैनात





**रांची।** राजधानी रांची में दुर्गा मूर्ति विसर्जन के लिए बड़ा तालाब में रविवार को स्टेट डिजास्टर रिस्पांस फोर्स (एसडीआरए) की टीम तैनात की गई है। कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोए के नेतृत्व में एसडीआरएफ की टीम को तैनात किया गया है। डीएसपी ने मौके पर पहुंच कर बड़ा तालाब का निरीक्षण भी किया, ताकि मूर्ति विसर्जन के दौरान किसी भी प्रकार की कोई घटना नहीं हो। विसर्जन जुलूस को लेकर राजधानी रांची सहित शहर के अन्य डैम और तालाबों में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। सभी तालाबों में दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गयी है। रांची नगर निगम क्षेत्र में चार स्थलों पर मूर्ति का विसर्जन किया जाता है। सभी विसर्जन स्थलों पर नाव, नाविक और गोताखोरों की व्यवस्था करने का निर्देश जिला आपदा प्रबंधन पदाधिकारी को दिया गया है। विसर्जन के दौरान सभी पूजा समितियों को विशेष रूप से अलर्ट रहने को कहा गया है।

# रोहित तिर्की के हत्यारों की पहचान कर अविलंब गिरफ्तार करे पुलिस : बाबूलाल मरांडी





**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने रविवार को रांची के लालपुर थानांतर्गत लोहराकोचा बस्ती में स्व रोहित तिर्की के परिजन से उनके घर पर मुलाकात की। साथ ही शोक व्यक्त करते हुए सांत्वना दी। उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन अविलंब हत्यारे को गिरफ्तार करे। साथ ही राज्य सरकार परिजनों की मांग के अनुरूप उचित मुआवजा दे। मरांडी ने मीडिया से बातचीत में कहा कि राज्य में अपराधी बेलगाम हैं। कहीं किसी की भी हत्या करने से नहीं डर रहे। उन्होंने कहा कि जवान बेटे को खोने का दर्द वही जानता है जिसके घर ऐसी घटना होती है। साथ ही कहा कि पुलिस घटना के तीन दिन बीत जाने पर भी अपराधी की पहचान नहीं कर पाई है जबकि सीसीटीवी से यह संभव है। इसलिए पुलिस को अविलंब हत्या के घटना स्थल के सीसीटीवी फुटेज को खंगालना चाहिए तथा मुस्तैदी के साथ खोज कर हत्यारे को बेनकाब करना चाहिए। मरांडी ने कहा कि पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर अपराधी की पहचान कर सकती है। अपराधी को अविलंब पकड़े जाने से एक भय का वातावरण भी बनता है और घटना की पुनरावृति पर रोक लगती है। आजकल राजधानी रांची सहित पूरे प्रदेश में नशखोरी बढ़ी है, जिसमें बड़ी संख्या में नाबालिग बच्चे भी शिकार हो रहे। युवा पीढ़ी बर्बाद हो रही। उन्होंने कहा कि ऐसे में पुलिस को शिक्षण संस्थानों, कोचिंग संस्थानों के आसपास सिविल ड्रेस में जांच बढ़ानी चाहिए। जरूरत पड़े तो सरकार इसके लिए स्पेशल टास्क फोर्स का भी गठन करे।

## झारखंड कैबिनेट की बैठक 14 अक्टूबर को




**रांची।** झारखंड विधानसभा चुनाव की घोषणा से पहले हेमंत सरकार ने 14 अक्टूबर को कैबिनेट की बैठक बुलायी है। यह बैठक दिन के 12 बजे से शुरू होगा। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन इसकी अध्यक्षता करेंगे। ऐसा माना जा रहा है कि यह मौजूदा सरकार के कार्यकाल का अंतिम बैठक होने वाला है। बैठक में कई अहम प्रस्तावों पर मुहर लग सकती है। झारखंड विधानसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान चुनाव आयोग जल्द कर सकता है। इसलिए ऐसी संभावना जतायी जा रही है कि सोमवार को हेमंत सोरेन सरकार की इस कैबिनेट में कई लोकलुभावन फैसले लिये जा सकते हैं। यह छह दिनों के अंदर में सरकार की दूसरी कैबिनेट बैठक है। इससे पहले 8 अक्टूबर को भी कैबिनेट की बैठक बुलायी गयी थी, जिसमें 81 प्रस्तावों पर मुहर लगी थी।

# झारखंड में विस चुनाव नजदीक आते ही नई-नई योजनाएं लाकर आधी आबादी को लुभा रहीं राजनीतिक पार्टियां







**रांची।** झारखंड में विधानसभा चुनाव की घोषणा अब कभी भी हो सकती है। संभावना है कि जल्द ही चुनावी बिगुल बज जाएगा। ऐसे में शिलान्यास और उद्घाटन का दौर शुरू हो गया है। चल रही योजनाओं के शिलान्यास और उद्घाटन में सत्ता पक्ष जहां मुखर है, वहीं विपक्ष भी पीछे नहीं है लेकिन झारखंड में अलग हवा बह रही है। यहां वेलफेयर स्कीम की बाढ़ आई हुई है। सभी दलों को आधी आबादी की चिंता सता रही है। बुजुर्ग, विधवा, दिव्यांगों के सामाजिक सुरक्षा की दुहाई दी जा रही है. राज्य सरकार की तरफ से खुद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने यह बीड़ा उठा लिया है। चुनाव प्रचार की रफ्तार में फिलहाल हेमंत सोरेन सबसे आगे दिख रहे हैं। हर वोटर तक पहुंचने के लिए टेक्नोलॉजी का सहारा ले रहे हैं। वॉइस मैसेज के जरिए जनता से संपर्क साध रहे हैं। यह सिलसिला नवरात्रि के दौरान ही शुरू हो गया था। झारखंड की सियासत में महिलाओं की अधिक पूछ हो रही। उनके मान, सम्मान की चिंता सियासी तौर पर खूब दिख रही है। विधानसभा चुनाव को लेकर यहां कभी भी आदर्श आचार संहिता लागू हो सकती है। ऐसे में पक्ष हो या विपक्ष, सभी महिला वोटर्स का भरोसा जीतने की पुरजोर कोशिश में लगे हैं। हालांकि, सब अपने-अपने स्तर से इसे 'महिला सम्मान' से जोड़कर बता रहे हैं। राज्य सरकार ने अगस्त 2024 से मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना शुरू की है। 18 वर्ष से 50 वर्ष तक की महिलाओं को हर माह 1000 रुपए की राशि दी जा रही। सरकार की इस पहल के जवाब में भाजपा गोगो दीदी सम्मान योजना लेकर लाई है। वह इसके जरिए हर महीने सभी महिलाओं, बेटियों को 2100 रुपये देने का भरोसा दिला रही है। इधर, भाजपा की इस पहल को देख सत्तारूढ झामुमो ने जेएमएम सम्मान योजना लाने की घोषणा की है। महिलाओं को हर साल 30 हजार रुपए देने का आश्वासन उसकी ओर से है। इसे लागू करने को लेकर वह निर्वाचन आयोग से परमिशन के इंतजार में है। हालांकि, 2019 से अभी तक, मंईयां सम्मान की बात कहीं नहीं थी। यह सत्तारूढ दलों के घोषणा पत्र में भी नहीं था। अगस्त 2024 में राज्य सरकार ने रक्षाबंधन के मौके पर महिलाओं, लड़कियों को सम्मान देने, आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर करने का उद्देश्य दिखाते मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान स्कीम शुरू करने की पहल की। अगस्त 2024 से अबतक इस योजना से तीन किस्त की राशि 40 लाख से अधिक महिलाओं के खाते में डालने की बात कही जा रही। इस योजना को रिस्पॉन्स मिलते देख भाजपा ने अपने घोषणापत्र में महिला सशक्तिकरण को प्रमुखता देते गोगो दीदी स्कीम की तैयारी शुरू कर दी है। भाजपा लीडर और असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा का दावा है कि यह योजना राज्य में भाजपा की सरकार बनने पर लागू की जाएगी। राज्य की हर गरीब परिवार की महिला और बेटियों को इसका लाभ मिलेगा। इस योजना के तहत 18-60 आयु वर्ग की महिलाओं को सालभर में 25,000 रुपये मिलेंगे। इसे लेकर राज्य सरकार और झामुमो की आपत्तियों के बावजूद भाजपा की ओर से फॉर्म भरवाने का अभियान जारी है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इस योजना का फॉर्म भरवाने वालों के खिलाफ रिश्वतखोरी का केस दर्ज करने का निर्देश सभी जिलों के डीसी को दिया है जबकि झामुमो ने चुनाव आयोग से इसे रोकने की मांग की है। फिलहाल, पांच अक्टूबर से प्रदेश भाजपा की ओर से गोगो दीदी योजना का फॉर्म भराने को करीब 29 हजार बूथों पर अभियान चलाया जा रहा है। अबतक 25 लाख से अधिक फॉर्म भरवा लिए जाने की सूचना है। इधर, झामुमो ने आयोग से गोगो दीदी योजना को लेकर शिकायत करने के साथ ही झामुमो सम्मान योजना का लाभ देने के लिए आयोग से इजाजत मांगी है। उसने कहा है कि यदि भाजपा की ओर से गोगो दीदी योजना का फॉर्म भराया जाना सही है तो वह भी जेएमएम सम्मान योजना का आवेदन लोगों से कराएगा। इसके तहत हर माताओं-बहनों को हर साल 30 हजार रुपये दिए जाएंगे। झारखंड निर्वाचन आयोग से प्राप्त सूचना के अनुसार, राज्य में कुल मतदाता की संख्या 2,55,18,642 हैं। इसमें पुरुष मतदाता की संख्या 1,29,97,325 जबकि महिला मतदाताओं की संख्या 1,25,20,910 है। राज्य में चुनाव के दौरान महिलाओं की सहभागिता बढ़ी है और वो निर्णायक भी साबित होती रही हैं। ट्राइबल के लिए 28 रिजर्व सीटों में से 10 सीट तो ऐसी हैं, जहां महिला मतदाताओं की संख्या पुरुषों से भी ज्यादा है। कोल्हान के मझगांव में महिला मतदाता की संख्या लगभग 51 प्रतिशत है। लिट्टीपाड़ा (संथाल परगना) में भी महिलाओं की संख्या पुरुष से ज्यादा है। चाईबासा में 50.62 प्रतिशत, खूंटी में 50.44 प्रतिशत, शिकारीपाड़ा में 50.22 प्रतिशत, सिमडेगा 50.21 प्रतिशत, महेशपुर में 50.09 प्रतिशत, खरसवां 50.08 प्रतिशत, मनोहरपुर 50.07 प्रतिशत और घाटशिला में 50.01 प्रतिशत है। इस तरह से महिला मतदाताओं के आंकड़ों से साफ है कि राजनीतिक पार्टियां महिला मतदाताओं को अपने पक्ष में कर-कर सत्ता की चाबी हासिल करना चाहती हैं।

## संक्षिप्त समाचार

## स्वदेशी जागरण मंच ने रतन टाटा के निधन पर जताई शोक संवेदना

**राष्ट्रीय मुख्यधारा संवाददाताः बोकारोः** स्वदेशी जागरण मंच ने एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कर भारत ही नहीं, बल्कि दुनिया के सबसे महान उद्योगपति, पद्म विभूषण, भारत के सच्चे अनमोल रत्न रतन नवल टाटा के दुःखद निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया। सर्वप्रथम मंच के जिला संयोजक प्रमोद कुमार सिन्हा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने स्वर्गीय रतन टाटा की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इसके बाद, जिला संयोजक प्रमोद कुमार सिन्हा ने कहा कि रतन टाटा भारतीय उद्योग जगत के भीष्म पितामह, प्रेरणापुंज, लौह उद्योग के जनक, भारत के एक श्रेष्ठ आर्किटेक्ट, युवाओं के लिए वैश्विक स्तर के आदर्श स्तंभ, एक कुशल संगठनकर्ता, एक योग्य प्रशासक, और भारत के कोर इंडस्ट्री सेक्टर के चाणक्य थे। उनका महाप्रयाण भारत एवं संपूर्ण विश्व में कभी न भर सकने वाला विशाल शून्य छोड़ गया।

उन्होंने कहा कि रतन टाटा का जीवन में उतार-चढ़ाव को जरूरी मानना हमारे लिए प्रेरणादायक है, क्योंकि यही उतार-चढ़ाव और जीवन का सतत संघर्ष हमें जीवन में स्पंदन, प्रेरणा और जीवंतता प्रदान करते हैं। उन्होंने रतन टाटा के एक अन्य कथन का भी उल्लेख किया, जो सामाजिक जीवन में एक महत्वपूर्ण सीख देता हैः "अगर तुम्हें जीवन में तेज चलना है, तो अकेले चलो; परंतु अगर जीवन में दूर तक का सफर तय करना हो, तो साथ चलो।" इस तरह, उन्होंने संगठन के महत्व को समाज के सामने रखा।

## छेड़खानी के बाद मारपीट, एक व्यक्ति घायल

**राष्ट्रीय मुख्यधारा संवाददाताः बोकारो थर्मल :** बोकारो थर्मल थाना क्षेत्र के जारंगडीह स्थित केबी कॉलेज के समीप मेन रोड पर दुर्गा पूजा का मेला घूमने जा रहे दंपत्ति के साथ छेड़खानी के बाद मारपीट की घटना में एक व्यक्ति का सिर फट गया। घटना शनिवार शाम लगभग पांच बजे की है। घटना को लेकर मारपीट में घायल जारंगडीह शास्त्री नगर निवासी अमित राम ने रविवार को बोकारो थर्मल थाना में लिखित आवेदन देकर कार्रवाई करने की मांग की है। थाना में दिए आवेदन में अमित राम ने लिखा है कि शनिवार को वह अपनी पत्नी एवं डेढ़ वर्षीय पुत्री, भाई अजीत राम, भाभी एवं बच्चों के साथ दो बाइक पर दुर्गा पूजा का मेला घूमने जा रहे थे। जारंगडीह स्थित केबी कॉलेज के समीप जारंगडीह अपर निवासी युवराज सिंह अपने तीन-चार दोस्तों के साथ बाइक से आकर छेड़खानी किया तथा बाइक सटा दी। मामले को लेकर जब युवराज सिंह को बोला गया तो उसने अपने अन्य दोस्तों को बुला लिया और गाली-गलौज करते हुए मारपीट की। घटना में अमित कुमार के सिर में चोट लगी है जिससे उसका सिर फट गया है। बाद में घायल का इलाज डीवीसी हॉस्पिटल बोकारो थर्मल में किया गया। मामले को लेकर थाना के इंस्पेक्टर शैलेंद्र कुमार सिंह का कहना था कि दिए गए आवेदन पर जांच कर कार्रवाई की जाएगी।


## सड़क दुघर्टना में युवक घायल

**राष्ट्रीय मुख्यधारा संवाददाताः बोकारो थर्मल :** बोकारो थर्मल-नरकी मेन रोड पर सड़क दुघर्टना में 30 वर्षीय युवक घायल हो गया। घटना शुक्रवार रात्रि की है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि शुक्रवार को पेंक नारायणपुर थाना अंतर्गत कंजकिरो निवासी सत्य नारायण तुरी का 30 वर्षीय पुत्र पवन कुमार तुरी बाइक से गिरकर घायल हो गया जिससे उसके सिर में चोट लगी। स्थानीय नयी बस्ती निवासी लाली यादव सहित अन्य लोगों ने तत्काल घायलावस्था में उसे डीवीसी बोकारो थर्मल हॉस्पिटल पहुंचाया, जहां डॉ. आरएन एक्का ने घायल का इलाज किया।

## बोकारो थर्मल थाना के तीन पुलिसकर्मियों को पदोन्नति

**राष्ट्रीय मुख्यधारा संवाददाताः बोकारो थर्मल :** बोकारो थर्मल थाना के तीन पुलिसकर्मियों को सहायक अवर निरीक्षक के पद पर पदोन्नति दी गई है। थाना स्थित इंस्पेक्टर के रीडर मनोज मंडल, मुंशी अभिषेक कुमार सिंह एवं हवलदार विनय पाल को सअनि में पदोन्नति दी गई है। इंस्पेक्टर के रीडर मनोज मंडल स्थानीय थाना का अपग्रेड होने के बाद विगत दस वर्षों से पदस्थापित हैं और उनका तबादला एक बार भी नहीं किया गया है।

## नवाटोली बाजार टांड स्थित महावीर मंदिर परिसर में पहली बार रावण दहन कार्यक्रम का किया गया आयोजन



**राष्ट्रीय मुख्यधारा संवाददाताः लापुंगः** लापुंग प्रखंड क्षेत्र के नवाटोली महावीर मंदिर परिसर में पहली बार रावण दहन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नवाटोली में विजयदशमी के उपलक्ष में पहली बार रावण दहन किया गया। बजरंग दल नवाटोली के सदस्यों के द्वारा रावण दहन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान देवगांव व नवाटोली कृतन मंडली के सदस्यों के द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। मौके पर श्यामलाल शेखर सिंह, कलेश्वर दास, उदित महतो, रामनारायण सिंह और बजरंग ठाकुर ने अपने लोक गीतों से श्रोताओं का मन मोह लिया। मौके पर देवगांव पंचायत के मुखिया दुर्गा उरांव ने कहा कि हम सभी को मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम के नक्शे कदम पर चल कर हमे एक कृतिमान स्थापित करना चाहिए। नाकि रावण जैसे प्रवृति रखनी चाहिए। रावण दहन मुख्य अतिथि जदयू पार्टी के मांडर विधायक प्रत्यासी बिगा मिंज ने किया। मौके पर फागू भगत, रूपनाथ सिंह, विजय महतो, संजय कुमार महतो, रविन्द्र ठाकुर, नंदलाल शेखर सिंह, मुनेश्वर सिंह, नफीन्द्र सिंह, लोचन सिंह, मनोज, सुदर्शन, उमेश माझी , विश्वनाथ, मनोज, मन्नू ठाकुर, यशवंत, दीपक, दिनेश महतो, सोमरा भगत के साथ दर्जनों सदस्यों का सराहनीय सहयोग रहा।

## हड़ताल के कारण नहीं मिली एम्बुलेंस होटल व्यवसायी की हुई मौत



**राष्ट्रीय मुख्यधारा संवाददाताः बेड़ोः** बेड़ो थाना क्षेत्र के तुको गांव निवासी होटल व्यवसायी सह समाजसेवी 58 वर्षीय राजकुमार प्रसाद गुप्ता का शुक्रवार की रात में लगभग नौ बजे उन्हें सांस लेने में दिक्कत होने पर उन्हें ऑटो से पत्नी व बेटी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेड़ो इलाज के लिए लेकर आये।जहां चिकित्सकों ने इलाज कर बेहतर उपचार के लिए रिम्स रेफर कर दिया। वहीं राजकुमार प्रसाद गुप्ता को रेफर करने के बाद 108 एम्बुलेंस को फोन करने पर पता चला कि वे लोग हड़ताल पर है। इसके बाद उन्हें रांची ले जाने के लिए दो घंटे तक दो घंटे तक गाड़ी खोजने बाद इन्हें गाड़ी नहीं मिली।वही साढ़े बारह बजे रात में मां बेटी ने किसी तरह से गाड़ी व्यवस्था कर रांची लेकर गए। जहां उन्हें बचाने की कोशिश की गई। लेकिन शनिवार की अपराह्न लगभग एक बजे सिटी अस्पताल रांची में इलाज के दौरान उनका निधन हो गया।वहीं राजकुमार प्रसाद गुप्ता के आकस्मिक निधन से उनके परिवार में पत्नी समेत बच्चों का रो रो कर बुरा हाल है। उनके आकस्मिक निधन से उनके परिवार में पत्नी समेत बच्चों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। वहीं बेटी आंचल का कहना है कि अगर समय से एंबुलेंस मिल जाती तो मेरे पिताजी की जान बच जाती।


# बोकारो में दुर्गापूजा धूमधाम से संपन्न, नौ दिनों तक उमड़ा रहा आस्था व उमंग का सैलाब

### सिंदूरखेला और प्रतिमा-विसर्जन के साथ मां दुर्गा को दी गई भावभीनी विदाई

राष्ट्रीय मुख्यधारा संवाददाता







**बोकारो :** आदिशक्ति जगतजननी जगदम्बा की आराधना का महापर्व शारदीय नवरात्र (दुर्गापूजा) बोकारो, उपशहर चास एवं आसपास के इलाका सहित पूरे जिले में सोल्लास संपन्न हो गया। लगातार नौ दिनों तक विधि-विधान से मां दुर्गा की पूजा करने के बाद विजयादशमी को बोकारो के अधिकांश पूजा-स्थलों पर स्थापित प्रतिमायें विसर्जित कर दी गयीं। बंग भारती, चक्की मोड़, कालीबाड़ी, थाना मोड़ समेत विभिन्न जगहों पर स्थापित मां दुर्गा एवं अन्य देवी-देवताओं की प्रतिमाएं निकटवर्ती जलाशयों व नदियों में विसर्जित की गयीं। भक्तों ने अगले बरस मां को फिर आने का न्योता देकर नम आंखों से भावपूर्ण विदाई दी। बंगाली रीति के अनुसार सेक्टर-1सी, चक्की मोड़, कालीबाड़ी, बंग भारती आदि जगहों पर महिलाओं ने सिंदुर खेला के साथ सदा सुहागन रहने की कामना करते हुए मां जगदंबा को विदाई दी।

दुर्गापूजा के अवसर पर पूरे नौ दिनों तक लगातार जहां शहर में मैया के भक्तिमय गीत तथा जय-जयकार गूंजते रहे, वहीं वैदिक मंत्रोच्चार से भी वातावरण आध्यात्मिक व भक्तिमय बना रहा। हर साल की भांति इस बार भी दुर्गापूजा पर पंडालों की साज-सज्जा अपने-आप में अनूठी रही, जहां आस्था के साथ-साथ पूजा का उमंग छाया रहा। सप्तमी को पंडालों के पट खुलने के बाद से लेकर विजयादशमी तक पंडालों में लाखों-लाख श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ा रहा। लोगों ने मां दुर्गा के दर्शन कर पूजा कर खुशियाली की जहां कामना की, वहीं मेलों का आनंद भी लिया।

**मेले में दिख रही बहुरंगी छटा**

नगर के सेक्टर-2सी और सेक्टर-9 में गत वर्षों की भांति इस बार भी विशाल मेला व मीना बाजार लगाया गया है, जो अभी अगले कुछ दिनों तक और लगा रहेगा। मेले में भांति-भांति के झूले, खान-पान के स्टाल, देश के कोने-कोने से आये व्यापारियों की दुकानें, हरेक माल वाली दुकानें लोगों को लुभा रही हैं और बहुरंगी छटा बनी है। कोई निशानेबाज, तो कोई जादूगर बनकर निकल रहा है। बच्चे खिलौने व झूले के पीछे लगे हैं, तो महिलाएं व युवतियां श्रृंगार के सामान खरीदने में लगी हैं। इसके अलावा रसोई, घरेलू साज-सज्जा आदि वस्तुओं के स्टॉल आकर्षण का केन्द्र बने हैं।

**लुभा रहे आकर्षक पंडाल**

बता दें कि इस बार सेक्टर-2सी में जहां गुजरात के सोमनाथ मंदिर की झलक पूजा पंडाल के जरिए देखने को मिल रही है, वहीं सेक्टर-9 स्थित गायत्री मंदिर के समीप गंगटोक के बुद्ध मंदिर की तर्ज पर पंडाल बनाया गया है। सेक्टर- 9 वैशाली मैदान तथा सेक्टर-12 में काल्पनिक मंदिरों की अनुकृतियों वाले पूजा पंडाल बनाए गए। पंडालों की खूबसूरती का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि यहां आने वाला लगभग हर शख्स पंडाल की तस्वीरें फोन व कैमरे में कैद करता नजर आया। कोई अकेला खड़ा हो सेल्फी लेता रहा तो कोई पूरे परिवार की फोटो पंडाल के साथ लेता रहा। यहां के पंडालों की तस्वीरें सोशल मीडिया पर भी खूब छायी रही। इसी प्रकार चास में बिहार कालोनी, जोड़ा मंदिर एवं आसपास के इलाके में दुर्गापूजा भव्य तरीके से विधिवत संपन्न हो गयी। जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्रों से लोग हो यहां आये और दुर्गापूजा मेलों के अलावा पूजा की छुट्टियां जैविक उद्यान, जगन्नाथ मंदिर, बोकारो मॉल में मनाते देखे गये। इस क्रम में सड़कों पर भारी भीड़-भाड़ लगी रही। होटल, रेस्तरां में भी मेला घूमकर नाश्ता-पानी करने वाले लोगों की भीड़ उमड़ी रही।

**जगह-जगह रावण दहन के कार्यक्रम**

बोकारो जिले में विजयादशमी के अवसर पर जगह-जगह रावण दहन के कार्यक्रम आयोजित किए गए। हालांकि, सेक्टर- 4 सूर्य मंदिर के मैदान में इस बार भी एहतियातन प्रशासनिक अनुमति नहीं मिलने के कारण रावण दहन का कार्यक्रम नहीं हो सका, जिससे आयोजकों में मायूसी देखी गई। इसके अलावा सेक्टर-3 स्थित चक्की मोड़, जिले के कसमार, गोमिया, पेटरवार सहित अन्य जगहों पर रावण के पुतले जलाकर बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश दिया गया।

## बोकारो थर्मल में मां दुर्गा की प्रतिमा को नम आंखों से विदाई



राष्ट्रीय मुख्यधारा संवाददाता

**बोकारो थर्मल :** बोकारो थर्मल स्थित डीवीसी के ऑफिसर्स क्लब एवं कारो स्पेशल फेज दो की प्रतिमा का विसर्जन रविवार को नम आंखों से एवं अगले वर्ष आने की कामना के साथ कोनार नदी एवं फेज दो स्थित तालाब में शाम ढलते ही कर दिया गया। प्रतिमा विसर्जन को लेकर इंस्पेक्टर शैलेंद्र कुमार सिंह के निर्देश पर थाना के पुलिस पदाधिकारियों एवं जवानों ने प्रतिमा विसर्जन के जुलूस में भाग लिया। दोनों ही प्रतिमा विसर्जन को लेकर स्थानीय थाना की पुलिस एवं जवान काफी मुस्तैद रहे। सोमवार को बोकारो क्लब एवं पंच मंदिर की प्रतिमा का विसर्जन किया जाएगा। रविवार को डीवीसी के आफिसर्स क्लब एवं कारो स्पेशल फेज दो में मां दुर्गा की प्रतिमा के विसर्जन के पूर्व सभी महिलाओं के द्वारा आपस में सिंदूरखेला किया गया तथा तथा अगले वर्ष दुर्गा माता के आने की कामना की गयी।

बोकारो थर्मल के सिक्स यूनिट स्थित पंच मंदिर दुर्गा पूजा पंडाल में रविवार को धनबाद के सांसद ढुल्लू महतो पहुंचे और पूजा अर्चना कर अमन चैन की दुआ मांगी। मौके पर मंदिर के पुजारी बनारसी, भुनेश्वर प्रसाद साव, जोधान नायक, जानकी महतो, कृष्ण मुरारी, सुरेश यादव, अरुण कुमार भी मौजूद थे। इसके पूर्व गिरिडीह के पूर्व सांसद रविंद्र कुमार पांडेय भी रविवार को स्थानीय सभी पूजा पंडालों में पहुंचे। जबकि बेरमो विधायक कुमार जयमंगल, बेरमो के पूर्व विधायक योगेश्वर महतो बाटुल भी शुक्रवार एवं शनिवार को बोकारो थर्मल के सभी दुर्गा पूजा पंडालों में पहुंचे तथा मत्था टेका एवं क्षेत्र के खुशहाली और अमन चैन की दुआ मांगी।

## छात्राओं ने रक्तबीज संहार का किया जीवंत प्रदर्शन

राष्ट्रीय मुख्यधारा संवाददाता



**बोकारो :** नगर के सेक्टर 8, कालीबाड़ी प्रांगण में लायंस कला अकादमी की ओर से विजयादशमी पर विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। छात्राओं ने देवी दुर्गा के नौ रूपों तथा रक्तबीज के बीच युद्ध तथा रक्तबीज के संहार का जीवंत प्रदर्शन किया। इस नृत्य में मुख्य रूप से सोनल दत्ता, अनुष्का, आरोही, नव्या, श्रेया, आशी, समीक्षा, दीपांजलि, वैष्णवी, वैभवी, प्राची, माही, श्रीमोई, क्षितिजा, रुद्रा, कनक लता, अवनी, अन्विता, गरिमा गांधी, भावना, दिव्या आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## सीसीएल गोविंदपुर परियोजना में प्रतिदिन चोरों की धमक से परेशान हैं कामगार एवं सुरक्षाकर्मी

राष्ट्रीय मुख्यधारा संवाददाता

**बोकारो थर्मल :** बोकारो थर्मल थाना क्षेत्र अंतर्गत सीसीएल कथारा प्रक्षेत्र के गोविंदपुर परियोजना में प्रतिदिन चोरी की नीयत से चोरों की धमक से कामगार एवं सुरक्षाकर्मी खासे परेशान हैं। परियोजना में शनिवार की रात्रि लगभग बारह बजे एक दर्जन चोरों ने धावा बोलकर पुराने एमटीके का आठ ताला तोड़ डाला। बाद में चोरों ने तीन-चार नंबर खदान के पास पंखा घर का केबुल काटने को लेकर गड्ढा करना आरंभ किया। इसी क्रम में सूचना मिलने पर रात्रि गश्ती में मौजूद सुरक्षाकर्मी पहुंचे और स्थानीय थाना को सूचना दी। पुलिस के पहुंचने पर चोर उक्त स्थान से भाग गए तथा स्वांग सी सीम पर जाकर काम कर रहे कर्मियों पर पथराव किया।

इसके पूर्व, चोरों ने सोमवार की रात्रि ड्यूटी पर मौजूद बिजली विभाग के फोरमेन, ड्यूटी में तैनात सीसीएल सुरक्षा कर्मी सहित होम गार्ड के जवानों को बंधक बनाकर चोरी करने का प्रयास किया था। चोरों ने बिजली विभाग के फोरमेन को रूम में बंद किया था, उसके बाद स्टोर रूम में तैनात सीसीएल सुरक्षा कर्मियों को कमरे में बंद कर चोरों ने केबुल सहित अन्य वस्तुओं की चोरी करने का प्रयास किया। चोरों के आने की सूचना बोकारो थर्मल थाना के रात्रि गश्ती दल को दी गई। पुलिस के आने पर चोर सभी सामानों को छोड़ कर भाग गए। शनिवार की रात्रि भी चोरों ने परियोजना में धावा बोलकर केबुल सहित अन्य सामानों को चोरी कर ले गए। कार्य में लापरवाही को लेकर परियोजना के खान प्रबंधक अंजनी कुमार ने सुरक्षाकर्मी सोना राम मांझी, सुखदेव भुईंया, कामेश्वर कुम्हार, सामा साव, कामेश्वर यादव सहित पांच को ड्यूटी में लापरवाही बरतने के कारण सस्पेंड कर दिया है।

## नए सिरे से गठित होगी मिथिला सांस्कृतिक परिषद की कार्यकारिणी, 16 को मनेगा कोजागरा महोत्सव

### संस्था की आमसभा में ध्वनिमत से कई प्रस्ताव पारित, अगली आमसभा 20 को

राष्ट्रीय मुख्यधारा संवाददाता



**बोकारो :** बोकारो में मिथिला-मैथिली भाषा-भाषियों की प्रतिष्ठित संस्था मिथिला सांस्कृतिक परिषद की आमसभा रविवार को परिषद द्वारा संचालित सेक्टर 4ई स्थित मिथिला एकेडमी पब्लिक स्कूल के विद्यापति सभागार में हुई। बैठक की अध्यक्षता परिषद के पूर्व महासचिव एवं बीएसएल के सेवानिवृत्त वरिष्ठ सतर्कता पदाधिकारी सतीशचंद्र झा ने की। बैठक के दौरान सांगठनिक सशक्तिकरण, संस्थाहित तथा विद्यालय के उत्थान में आवश्यक बिंदुओं पर विचार-विमर्श किया गया, साथ ही ध्वनिमत से कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किए गए।


बैठक में विभिन्न वक्ताओं ने परिषद, मिथिला समाज तथा विद्यालय के हित में उठाए जाने वाले आवश्यक कदमों पर विस्तार से प्रकाश डाला। इसके पश्चात सर्वसम्मति से परिषद की वर्तमान कार्यकारिणी समिति के गठन को इसलिए अमान्य घोषित किए जाने का प्रस्ताव पारित किया गया, क्योंकि उक्त कार्यकारिणी का गठन नियमानुसार न तो पीठासीन पदाधिकारी मंडल की सहमति से हुआ था और न ही उसकी स्वीकृति आमसभा से ली गई थी। इसके लिए अब पीठासीन पदाधिकारी मंडल द्वारा महासचिव नीरज चौधरी के साथ मिलकर नई एवं वैध कार्यकारिणी का गठन करने एवं उसे आमसभा से अनुमोदित कराए जाने का प्रस्ताव पारित किया गया। उपस्थित लगभग 100 सदस्यों ने ध्वनिमत से ताली बजाकर इस पर अपनी सहमति जतायी।

आमसभा की बैठक में परिषद के वित्त सचिव मिहिर मोहन ठाकुर द्वारा विद्यालय में हुई कथित वित्तीय अनियमितता के उठाये गए मामले की जांच को लेकर पांच सदस्यीय एक समिति के गठन का प्रस्ताव भी पारित किया गया, जिसमें अध्यक्ष सतीश चंद्र झा सहित सुदीप कुमार ठाकुर, डीके ईश्वर, दिलीप कुमार झा एवं जयप्रकाश चौधरी शामिल किए गए। इसके साथ ही उक्त सभी निर्णयों के अनुमोदन एवं अन्य विषयों पर विचार-विमर्श को लेकर के परिषद की अगली आमसभा आगामी 20 अक्टूबर को पूर्वाह्न 10:30 बजे से आयोजित करने का निर्णय लिया गया। इसके अलावा आगामी 16 अक्टूबर को मिथिलांचल का प्रमुख पारम्परिक त्योहार कोजागरा महोत्सव मनाने का निर्णय भी लिया गया, जिसके लिए 10 सदस्यों की टीम को जिम्मेदारी सौंपी गई। इसमें सांस्कृतिक कार्यक्रम का भार अरुण पाठक को दिया गया।

इसके पूर्व, बैठक के आरंभ में परिषद के महासचिव नीरज चौधरी ने आमसभा में उपस्थित सभी अभ्यागतों का स्वागत करते हुए बैठक के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। पीठासीन पदाधिकारी मंडल के संयोजक विजय कुमार झा ने बैठक का विषय-प्रवेश कराया, वहीं वित्त सचिव मिहिर मोहन ठाकुर ने विद्यालय प्रबंधन समिति की कथित वित्तीय गड़बड़ी को आमसभा के पटल पर प्रस्तुत किया। बैठक को कृष्ण चंद्र झा, सुदीप कुमार ठाकुर, रवीन्द्र झा, गंगेश पाठक, सुनील मोहन ठाकुर, विनय कुमार झा, श्रवण कुमार झा, अनिल मोहन ठाकुर आदि ने भी संबोधित किया। जबकि, इस अवसर पर मुख्य रूप से परिषद के पूर्व महासचिव राजेंद्र कुमार, बटोही कुमर, पीठासीन पदाधिकारी मंडल के डॉ. दुर्गानंद मिश्रा, प्रो. जयराम झा सहित जेपी चौधरी, मिहिर कुमार झा राजू, शंभु झा, दुर्गाचरण चौधरी, सुभद्र चौधरी, हरिश्चंद्र झा, गोविंद कुमार झा, चंद्रकांत मिश्रा, इंद्र कुमार झा, अविनाश झा अवि, श्रीमोहन झा, विश्वनाथ झा, रमण कुमार ठाकुर, संजय चौधरी, प्रकाश झा, विमलकांत झा, अरविन्द मिश्रा, मनोज कुमार झा, मिंटू झा, संतोष कुमार मिश्र, रोशन कुमार तरुण आदि उपस्थित थे।

## नहीं रहे साहित्यकार डॉ नर नारायण तिवारी; साहित्यजगत में शोक

राष्ट्रीय मुख्यधारा संवाददाता



**बोकारो :** बोकारो के प्रसिद्ध साहित्यकार व साहित्यिक संस्था भारती साहित्य परिषद् के महामंत्री डॉ नर नारायण तिवारी नहीं रहे। उनके निधन से बोकारो का साहित्य जगत शोकाकुल है। बोकारो इस्पात संयंत्र के शिक्षा विभाग द्वारा संचालित स्कूल में वरीय हिंदी शिक्षक के पद से सेवानिवृत्त, कई पुस्तकों के लेखक व साहित्य के क्षेत्र में निरंतर सक्रिय रहे बोकारो के सेक्टर 6 डी निवासी लगभग 76 वर्षीय कवि डॉ नर नारायण तिवारी का निधन दिनांक 10 अक्टूबर 2024 को हो गया। वे अपने परिवार के साथ वृंदावन घूमने गए थे और वही पर उनका देहावसान हो गया। उनका पार्थिव शरीर लेकर परिवार के लोग पैतृक गांव बलिया ले गये हैं। उनके निधन की सूचना पाकर बोकारो का साहित्य जगत मर्माहत है। भारती साहित्य परिषद् के संरक्षक व वरिष्ठ साहित्यकार सुख नंदन सिंह 'सदय', अध्यक्ष शिव कुमार सिंह, वरिष्ठ साहित्यकार बुद्धिनाथ झा, तुलानंद मिश्र, विजय शंकर मल्लिक, गिरिजा नंद झा 'अर्धनारीश्वर', डॉ आशा पुष्प, उदय कुमार झा, भुटकुन झा, डॉ परमेश्वर भारती, डॉ राम नारायण सिंह, रणधीर चंद्र गोस्वामी, डॉ नरेंद्र कुमार राय, अमन कुमार झा, जनवादी लेखक संघ के प्रहलाद चंद्र दास, ललन तिवारी, गोपाल प्रसाद, कुमार सत्येन्द्र, महेश मेहंदी, अशोक श्रीवास्तव, त्रिलोकी नाथ टंडन, प्रदीप कुमार दीपक, डॉ सरिता सिन्हा, राष्ट्रीय कवि संगम बोकारो महानगर अध्यक्ष अरुण पाठक, पूर्णेंदु पुष्पेश आदि ने गहरी संवेदना व्यक्त की है और उनके निधन को साहित्य जगत के लिए अपूरणीय क्षति करार दिया है।

संक्षिप्त समाचार

## कसमार प्रखंड के सभी गांव में हर्षोल्लास के साथ हुआ प्रतिमा विसर्जन

**दुर्गा पूजा में पूरे कसमार प्रखंड में दिखा उत्साह**



**बोकारो :** कसमार प्रखंड के विभिन्न गांव में शक्ति स्वरूपा देवी दुर्गा की पूजा शांतिपूर्ण माहौल में रविवार को सम्पन्न हो गया। इस दौरान महाष्टमी, महानवमी से लेकर विजयदशमी के अवसर पर कसमार के सभी गाँव में जबरदस्त उत्साह का माहौल दिखा। नवमी पूजा के दौरान कसमार प्रखंड में कई स्थानों में देवी दुर्गा की पूजा के बाद बकरे की बली चढ़ाई गयी। वहीं कई स्थानों में वैष्णवी मत से देवी दुर्गा की पूजा अर्चना की गई। इस दौरान विजयादशमी में शनिवार को धधकिया, चट्टी, गर्री चौबे टोला, दांतू, सोनपुरा, मंजुरा, मधुकरपुर, चंडीपुर, बगदा, खैराचातर, पिरगुल, कोतोगड़ा, हिसिम, भवानीपुर, दुर्गापुर समेत अन्य गांव में स्थापित सभी दुर्गा मंदिरों में नवमी को नवपत्रिका विसर्जन के पश्चात शाम में विभिन्न जलाशयों में देवी दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन गाजे - बाजे के साथ धूमधाम के साथ किया गया। वहीं रविवार को कसमार बाजार टांड़ एवं सिंहपुर स्थित सार्वजनिक दुर्गा मंदिर में स्थापित देवी दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन किया गया। विसर्जन के दौरान लोगों ने जमकर आतिशबाजी भी की। जलाशयों में प्रतिमा विसर्जन के बाद धधकिया समेत अन्य गाँव में सभी श्रद्धालुओं ने ओ माँ दिगंबरी, नाचो गो तारा रोनो माझे भक्ति गीत की धुन पर नाचते गाते देवी मंदिर पहुंचे। इधर विजयादशमी के मौके पर घर घर जाकर लोगों ने एक दूसरे को शुभकामनाएं दी। दुर्गा पूजा में शांति व्यवस्था के लिए काफी संख्या में पुलिस बल की तैनाती सभी पूजा पंडालों में की गई थी। कसमार सीओ प्रवीण कुमार, बीडीओ नम्रता जोशी, थाना प्रभारी भजनलाल महतो समेत प्रसाशनिक अधिकारियों व पुलिस बल ने घूम- घूमकर शांति व्यवस्था का जायजा लिया।

## कसमार में जंगल मे पेड़ से लटकता मिला अधेड़ व्यक्ति का शव

**बेटे से अनबन होने के बाद चार दिनों से गायब था मृतक**

**बोकारो :** कसमार थाना क्षेत्र अंतर्गत पोंडा पंचायत के धधकिया जंगल से रविवार सुबह कसमार पुलिस ने एक अधेड़ व्यक्ति का शव बरामद किया है। शव की पहचान मोचरो निवासी 64 वर्षीय बलदेव रजवार के रुप में हुई है। जानकारी के अनुसार रविवार की सुबह जब गांव के कुछ चरवाहे अपने पशुओं को लेकर जंगल गए थे तो अचानक चरवाहों की नजर जंगल के एक पेड़ पर एक व्यक्ति का लटकता हुआ शव देखा। इसके बाद चरवाहे ने तुरंत इसकी जानकारी गांव वालों को दी। घटना की सूचना मिलते ही जंगल में ग्रामीणों की भीड़ जुट गई और इसकी सूचना कसमार पुलिस को दी गई। घटना की सूचना के बाद कसमार थाना प्रभारी भजन लाल महतो, स्थानीय मुखिया हारू रजवार एवं पंसस रवि कुमार की उपस्थिति में पुलिस बल ने शव को पेड़ से उतारा। परिजनों ने जानकारी देते हुए बताया कि उनके पिता घर से चार दिनों से गायब थे। घर में थोड़ी बहुत अनबन के बाद चार दिनों से घर नहीं पहुंचने के बाद जब उसकी खोजबीन की गई तो कहीं कोई अता-पता नहीं लगा। अचानक रविवार को जंगल में उनका शव पेड़ पर लटकता मिला। इस संबंध में कसमार थाना प्रभारी भजन लाल महतो ने बताया कि घटना प्रथमदृष्टया संदेहास्पद लग रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस मामले में जांच में जुटी है।

## दुर्गा पूजा पर मानदेय नही मिलने से 108 एंबुलेंस कर्मी हड़ताल पर

**संवाददाता बेड़ो:-** दुर्गा पूजा के मौके पर मानदेय भुगतान नही होने से शुक्रवार से 108 एंबुलेंस कर्मचारी बेमियादी हड़ताल पर चले गये। 108 एंबुलेंस कर्मचारियों को विगत तीन माह का मानदेय भुगतान नहीं किया गया है। जिससे उन्हे काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा रहा है। दुर्गा पूजा के मौके पर भी उन्हे मानदेय नही दिया गया। जिससे वे विवश होकर शुक्रवार से ही सभी 108 एंबुलेंस कर्मी अनिश्चित काल के लिए हड़ताल पर चले गए। वहीं 108 एंबुलेंस के हड़ताल में जाने के बाद मरीजों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। 108 एंबुलेंस कर्मचारियों का कहना है कि हम सभी 24×7 घंटा सेवा दे रहे हैं। लेकिन हमें समय से मानदेय नहीं मिल पा रहा है।

## सरायकेला में बॉयलर ब्लास्ट, पिता की मौत, बेटा गंभीर

**सरायकेला।** जिले के आदित्यपुर औद्योगिक क्षेत्र की ताला इंटरप्राइजेज फैक्ट्री में शनिवार रात बॉयलर फटने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। हादसे में मृतक का बेटा गंभीर रूप से घायल है। मृतक की पहचान भाटिया बस्ती निवासी मदन प्रसाद के रूप में हुई है। जबकि घायल का नाम शुभम प्रसाद है। बताया जाता है कि हादसे के समय पिता-पुत्र वहीं काम कर रहे थे। मदन प्रसाद की मौके पर ही मौत हो गयी। वहीं शुभम प्रसाद गंभीर रूप से झुलस गया। जिसे अस्पताल पहुंचाया गया। आदित्यपुर थाना थाना प्रभारी राजीव कुमार सिंह ने बताया कि अग्निशमन टीम को बुला कर आग को बुझाया गया।

## प्लास्टिक की पाइप में लगी आग, लाखों का नुकसान

**कोडरमा।** जिले के डोमचांच प्रखंड अंतर्गत बगड़ो स्थित नवनिर्मित पानी टंकी के समीप रखे प्लास्टिक की पाईप में रविवार शाम को अचानक भंयाकर आग लगने से लाखों रुपये की पाईप जल कर राख हो गई। अचानक लगी आग को देखकर आस पास के लोग जुट गए। आग इतनी तेज थी कि काफी दूर तक धुआं फ़ैल गया और लोगों के बीच चर्चा का विषय बन गया। लोग चर्चा करने लगे कि कहां से इतना धुआं आ रहा है। फिर हो हल्ला के बाद पता चला कि बगड़ो स्थित प्लास्टिक पाईप मे आग लगी है। खबर लिखे जाने तक घटना स्थल पर पुलिस और दमकल वाहन पहुंचकर आग को काबू मे पाने की कोशिश कर रहे थे। पर खबर भेजे जाने तक आग पर काबू नहीं पाया जा सका। वहीं दूसरी ओर स्पष्ट नहीं हो पाया कि यह आग अचानक कैसे लगी है। घटना स्थल पर ग्रामीणों का हुजूम उमड़ पड़ा।

## पिस्टल के साथ युवक गिरफ्तार

**चतरा।** टंडवा पुलिस ने रविवार को पिस्टल के साथ एक मनचले युवक को गिरफ्तार किया है। युवक की पहचान थाना क्षेत्र के कामता गांव निवासी पंकज राम के रूप में की गई। जानकारी के अनुसार युवक पिस्टल को अपने साथ लेकर खुलेआम शहीद चौक के समीप घूम रहा था, जिसकी सूचना स्थानीय लोगों ने टंडवा पुलिस को दी। जिसके बाद पुलिस ने युवक को गिरफ्तार किया। युवक को गिरफ्तार करने के बाद पुलिस उससे कड़ाई से पूछताछ कर आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है।

# रांची में मां दुर्गा सहित अन्य मूर्तियों को विसर्जित कर दी गयी अंतिम विदाई






**रांची।** नवरात्र के 10 दिनों तक चलने वाले दुर्गा उत्सव का समापन मां भवानी के विसर्जन विदाई शोभा यात्रा के साथ संपन्न हुआ। राजधानी रांची के विभिन्न पूजा पंडाल में विराजित मां की प्रतिमा का विदाई विसर्जन शोभा यात्रा निकाली गई। रांची के बड़ा तालाब में भक्तों ने मां दुर्गा को नम आखों से अंतिम विदाई दी। मां दुर्गा, सरस्वती, लक्ष्मी, भगवान गणेश, कार्तिकेय और असुर राज महिषासुर के मूर्ति को बड़े वाहनों पर विराजमान कर शहर के विभिन्न क्षेत्र से भ्रमण करते हुए शहर के विभिन्न जलाशयों में विसर्जित की जा रही है। इसी क्रम में अल्बर्ट एक्का चौक स्थित चंद्रशेखर आजाद दुर्गा पूजा समिति के जरिये भी मां की विदाई विसर्जन शोभा यात्रा काफी भव्य रूप से निकाली गई। शोभा यात्रा का आकर्षण विसर्जन शोभा यात्रा डोली में निकाला जाना बेहद ही आकर्षण रहा। शोभा यात्रा में मातृ शक्ति की प्रधानता के साथ महिलाएं घोड़े पर सवार हो हाथों में वीरता का प्रतीक तलवार लेकर इस शोभा यात्रा में शामिल रही। आकर्षक रूप से बुलेट पर सवार हो वीरांगना मां के विसर्जन विदाई में शामिल हुई। वही रथ पर भगवान का दरबार लगाया गया। चंद्रशेखर आजाद दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष पदाधिकारी एवं सदस्य भजन, ढोल और ताशा के धुन पर झूमते गाते मां का जयकारा के साथ मां की विदाई में शामिल हुए। इस मौके पर एसडीएम और कोतवाली डीएसपी के साथ कोतवाली थाना प्रभारी, हिंदपीढ़ी थाना प्रभारी सहित कई पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे ।

## लातेहार में भीषण सड़क दुर्घटना ,एक की मौत ,पांच घायल



**लातेहार ।** जिले के मनिका थाना क्षेत्र अंतर्गत करमाही मोड़ के निकट राष्ट्रीय राजमार्ग 39 पर रविवार को यात्री बस, ऑटो और कार की टक्कर में कार चला रहे सफदर अंसारी (40) की मौत हो गई जबकि परिवार के पांच अन्य लोग घायल हो गए। घायलों में अनिक अंसारी, ज्यान गजनफर, आहिया अंसारी, इबाद अंसारी हैं। सभी रांची नामकुम के रहने वाले हैं। टेंपो पर सवार लातेहार निवासी अमित कुमार भी घायल हुआ है। जानकारी के अनुसार पूर्व मंत्री आलमगीर आलम के निजी सहायक छोटू अंसारी परिवार के साथ बेतला पार्क घूमने गए थे। रविवार को सभी लोग वापस लौट रहे थे। गाड़ी उनका भाई चल रहा था। इसी दौरान करमाही मोड़ के पास सामने से आ रहे यात्री बस से उनकी गाड़ी की टक्कर हो गयी। साथ ही पीछे से आ रहा ऑटो भी दुर्घटनाग्रस्त हो गया। घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों की मदद से सभी घायलों को लातेहार सदर अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सक ने सफदर अंसारी को मृत घोषित कर दिया। अन्य घायलों को प्राथमिक इलाज के बाद रांची रिम्स रेफर कर दिया गया है। इनमें तीन की स्थिति गंभीर बनी हुई है। पुलिस हादसे की जांच-पड़ताल कर रही है।


## सड़क दुर्घटना में युवक की मौत



**चतरा।** टंडवा थाना क्षेत्र के राहम-बड़गांव मुख्य पथ स्थित बेलवाटांड टोला के समीप मोटर साईकिल दुर्घटना में पुरनी गोंदा निवासी पुनैय उरांव (32) की मौत हो गई। पुनैय उरांव राहम मे आयोजित दुर्गा पूजा का मेला देखने आया था। शनिवार देर रात को मेला समाप्त होने के बाद वह अपने मोटर साइकिल से वापस घर जा रहा था। इसी बीच बेलवाटांड़ के समीप तीखी मोड़ मे मोटरसाइकिल का संतुलन बिगड़ गया और सड़क से लगभग दस फीट दुरी एक गढ्ढे मे जा गिरा। अंधेरा होने के कारण वह रात भर घटना स्थल मे घायल अवस्था मे पड़ा रहा। बताया गया कि सर मे गंभीर चोट लगने तथा रात भर घटना स्थल पर गिरे रहने के कारण उसकी मौत हो गई। रविवार सुबह राहगीरो ने घटना स्थल पर दुर्घटनाग्रस्त मोटरसाईकिल मे दबे पुनैय को देखा गया। जिसकी सुचना पुलिस को दी गई। घटना की सुचना पाते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंच कर शव को अपने कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए चतरा भेज दिया। जबकि मोटर साईकिल को जब्त कर थाने ले गई। इधर घटना के बाद मृतक के परिजनो का रो रो कर बुरा हाल है। वहीं घटना को लेकर मृतक की पत्नी ने रविवार को थाना में लिखित आवेदन देकर अज्ञात लोगों के विरुद्ध हत्या किए जाने का मामला दर्ज कराया है। आवेदन मिलने के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

## कसमार के युवक की बिजली करंट से उड़ीसा में मौत

**ड्राईवर संघ के प्रयास से घर पहुंचा शव, मिला मुआवजा**






**बोकारो :** कसमार थाना क्षेत्र अंतर्गत पोंडा पंचायत के धधकिया निवासी भरत करमाली का 20 वर्षीय पुत्र सुधाकर करमाली उर्फ रोहित करमाली की मौत उड़ीसा में काम करने के दौरान बिजली करंट लगने से हो गयी। शनिवार को गांव मृतक युवक शव पहुंचते ही बाद परिजनों के चीत्कार से पूरा गांव गमगीन हो गया। परिजनों ने बताया कि काम की तलाश में सुधाकर पांच अक्टूबर को उड़ीसा गया था। उड़ीसा के सुंदरगढ़ जिले के गोपालपुर में एसजीआर माइनिंग लोजिस्टिक्स कंपनी में हाईवा चालक के रुप में वह काम कर रहा था। 10 अक्टूबर को दोपहर में हाईवा में गंदगी होने के कारण इंजन खोलकर चालक सुधाकर वाशिंग कर रहा था। इसी बीच अचानक हाईवा में करेंट आ गई और इसकी चपेट में चालक रोहित आ गया, जिससे उसकी मौत हो गई। घटना के बाद कंपनी द्वारा मामला को रफा-दफा करने का प्रयास किया गया। मामले की सूचना मिलते ही ऑल राइट्स ड्राईवर मजदूर महासंघ एसोसिएशन चालक संघ ने मौत को लेकर हंगामा करते हुए मुआवजा की मांग की। जिसके बाद कंपनी व चालक एसोसिएशन संघ के बीच समझौता होने के बाद चालक के शव को कसमार लाया गया। इस दौरान महासंघ के पदाधिकारियो ने एंबुलेंस से रोहित के शव को परिजनों के घर तक पहुंचाया। इस दौरान पंचायत प्रतिनिधियों की उपस्थिति में कंपनी द्वारा मिली मुआवजा राशि चार लाख साठ हजार की राशि मृतक रोहित करमाली के माता-पिता को सौंपा गया। मौके पर स्थानीय मुखिया हारु रजवार, पंसस रवि कुमार, ऑल राइट्स ड्राईवर मजदूर महासंघ के इरफान खान, गुलशन पूर्ति, कृष्णा नायक, मोहित केशरी, समर कुंभकार, आरिफ अंसारी, तोकीर अंसारी, रोहन कुमार, अब्दुल वाहिद, मुरसीद अंसारी, उमा शंकर महतो, राम किशुन रजवार, हरेंद्र कुमार, सुखदेव रजवार, विमल सिंह सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## बेड़ो महादानी मैदान में रावण के पुतला हुआ दहन

**हर्षोल्लास के साथ मनाया बुराई पर अच्छाई की जीत का पर्व विजयदशमी दशहरा व**





**संवाददाता बेड़ो:-** बेड़ो प्रखंड मुख्यालय समेत प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में विजयदशमी का त्योहार शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न हो गया। शनिवार को महापर्व दशहरा परंपरागत तरीके से रावण दहन के साथ मनाया गया। श्री श्री दुर्गा पूजा महासमिति के द्वारा महादानी मैदान में बुराई पर अच्छाई की जीत और असत्य पर सत्य की जीत के प्रतीक के साथ रावण दहन किया गया। इसके पूर्व कलश विसर्जन व महिलाओं ने सिंदूर लगाकर विजयदशमी पर्व मनाया गया। इस वर्ष का आकर्षण का केंद्र रहे रावण का पुतला 50 फीट का बनाया गया था। महासमिति द्वारा जमकर आतिशबाजी के बीच दुर्गा पूजा के संस्थापक सह संरक्षक हरि सोनी पूर्व सांसद प्रतिनिधि धनंजय कुमार राय मुखिया सुशांति भगत सीओ प्रताप मिंज समेत पदाधिकारियों व जनप्रतिनिधियों ने संयुक्त रूप से रावण के पुतले को आग के हवाले कर दिया गया। जिससे वह धू-धू जलकर समाप्त हो गया। वहीं प्रशासन के द्वारा कड़ी सुरक्षा की व्यवस्था की गई थी। फायर ब्रिगेड की गाड़ी भी तैनात था।इस दौरान हजारों लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। वहीं प्रखंड के दुर्गा पूजा समिति तुको,खत्री खटंगा,घाघरा,मुरतो, ईटा चिल्द्री, पाकल मेड़ी व दिघिया में स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमा का भव्य विसर्जन जुलूस के साथ विभिन्न जलाशयों में विसर्जित कर दी गई। इधर रविवार को दुर्गा मंदिर परिसर बेड़ो से भव्य विसर्जन जुलूस शोभायात्रा निकाली गई। इस दौरान लोगों ने एक दूसरे को गुलाल लगाई और मां का आशीर्वाद लिया। मौके पर समिति के प्रकाश सिंह,साधन कुमार राय,सौमित्रो शर्मा,वाणी कुमार राय, मुकेश कुमार राय,मनोरंजन देवघरिया, परना महतो,उमेश महतो, अंकित सोनी,आकाश रक्षित,सुशील भगत, व बबलु गुप्ता समेत ग्रामीण मौजूद थे।

## मां दुर्गा की प्रतिमा विर्सजन के साथ ही दशहरा संपन्न



**लोहरदगा।** लोहरदगा जिला में मां दुर्गा की प्रतिमा के विसर्जन के साथ ही दशहरा पर संपन्न हो गया। माता की आराधना करने के बाद भक्तों ने नाम आंखों के साथ मां को विदाई दी इस मौके पर विभिन्न जल सहयोग में मां की प्रतिमा का विसर्जन भक्तों के द्वारा किया गया। मौके पर कई स्थानों पर मेला का भी आयोजन किया गया , जहां बाहरी संख्या में भक्तों की लोगों की भीड़ उमड़ी इस दौरान लोहरदगा जिला में सुरक्षा के व्यापक बंदोबस्त किए गए थे जगह-जगह दंडाधिकारियों के साथ-साथ पुलिस बल की तैनाती की गई थी लोहरदगा जिला के विभिन्न पूजा पंडालून के द्वारा इस वर्ष आकर्षक विद्युत सच्चा कभी आयोजन किया गया था बख्शी दीपा मेला मैदान में विजय या दशमी के दिन भव्य मेला का आयोजन किया गया, जहां रावण दहन का कार्यक्रम भी आयोजित किया गया, जहां बड़ी संख्या में लोग पहुंचे।

## रांची में मोबाइल टावर में लगी आग, मची अफरा-तफरी



**रांची।** राजधानी रांची के कोतवाली थाना क्षेत्र के अल्बर्ट एक्का चौक के पास स्थित राम कृष्ण अपार्टमेंट स्थित एक मोबाइल टावर में आग लग गई। इससे कुछ देर के लिए अफरा-तफरी मच गई। समय पर पहुंची फायर ब्रिगेड की गाड़ियों ने आग पर काबू पा लिया। अब तक की जांच में पता चला है कि आग शॉर्ट सर्किट की वजह से लगी थी। अपार्टमेंट की छत पर लगे मोबाइल टावर में अचानक आग लगने के कारण आसपास के घरों पर चिंगारियां गिरने लगीं। वहां मौजूद लोगों ने भी अपार्टमेंट की बिजली काटकर आग बुझाना शुरू कर दिया। इसी बीच फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंच गईं और कुछ ही देर में आग बुझा दिया। अपार्टमेंट की छत पर लगे टावर में आग लगने के कारण टावर पूरी तरह से काम करना बंद कर दिया है। अपार्टमेंट के केयरटेकर ने मोबाइल नेटवर्क कंपनी को इसकी सूचना दे दी है। कोतवाली थाना प्रभारी रंजीत कुमार सिन्हा ने बताया कि आग पर काबू पा लिया गया है। आग से सिर्फ मोबाइल टावर को नुकसान पहुंचा है।

## दुर्गा पूजा के दौरान अलग-अलग घटनाओं में 18 लोगों की मौत



**रांची।** दुर्गा पूजा के दौरान राज्य के अलग-अलग जिलों में हुई अलग-अलग घटनाओं में 18 लोगों की मौत हो गयी। यह घटना 11 और 12 अक्टूबर को हुई है। इनमें छह लोगों की हत्या कर दी गयी जबकि 11 लोगों की हादसे में मौत हो गयी। वहीं, एक व्यक्ति की हत्या हुई या हादसे में मौत हुई है, पुलिस इसका पता लगा रही है।

**प्रमुख घटनाएं**

- 12 अक्टूबर को देवघर में जंगल से क्षत-विक्षत हालात में मिला चार दिनों से लापता व्यक्ति का शव।
- 12 अक्टूबर को रांची के कोतवाली थाना क्षेत्र में मेला घूमने के दौरान हुए मारपीट में एक युवक की मौत।
- 12 अक्टूबर को सिमडेगा में धारदार हथियार से मारकर महिला की हत्या।
- 12 अक्टूबर को दुमका में खेलने के दौरान मिट्टी में दबकर दो बच्चों की मौत।
- 12 अक्टूबर को सरायकेला में फैक्ट्री में काम के दौरान हुए दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत।
- 12 अक्टूबर को लोहरदगा जिले के कुडू थाना क्षेत्र में सड़क दुर्घटना में दो युवकों की मौत।
- 11 अक्टूबर को रांची के बुढ़मू में सड़क हादसे में दो युवकों की मौत।
- 11 अक्टूबर को रांची चान्हो में अधिवक्ता के पिता की चाकू से मारकर हत्या।
- 11 अक्टूबर को चाईबासा के टेबो में एक ही परिवार के तीन लोगों की धारदार हथियार से काटकर हत्या।
- 11 अक्टूबर को रामगढ़ के मुराम कला गांव के पास दुर्गा पूजा करने जा रही चार लड़कियां ट्रक के नीचे दब गईं। तीन लड़कियों की मौके पर ही मौत हो गई।
- 11 अक्टूबर को बोकारो स्टील प्लांट बीएसएल के डीजीएम की सड़क हादसे में मौत ।

हिन्दी दैनिक
राष्ट्रीय मुख्यधारा
RNI : JHAHIN/2014/54374
अख़बार भी, आन्दोलन भी
बोकारो, सोमवार, 14 अक्टूबर, 2024



# जिलेभर में धूमधाम से संपन्न हुआ दुर्गा पूजा





**पाकुड़ः** जिला मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्रों में हिन्दू का महापर्व दुर्गा पूजा शनिवार को धूमधाम के साथ संपन्न हुआ। नवमी व दशमी को पूजा पंडालों में महिला व पुरुष भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। शहर के मंदिर व पूजा पंडालों में पुरोहितों ने वैदिक मंत्रों से माँ दुर्गा की पूजा अर्चना की। इसके उपरांत भक्तों ने माँ को पुष्पांजलि अर्पित अपने व परिवार की सुख, शांति व समृद्धि की कामना की। पूजा पंडालों में पूजा अर्चना को लेकर भक्तों की काफी भीड़ देखी। लोगों ने अपने परिवार के सदस्यों के आठ पूजा पंडालों का भ्रमण किया। पूजा पंडालों में शाम के समय से भक्तों का तांता लगना शुरू हो गया था। दशमी पूजा संपन्न होने के बाद भक्तों ने एक-दूसरे को विजयादशमी की शुभकामनाएं दी गई। शहर के रेलवे फाटक स्थित सद्भावना क्लब, आदर्श नगर स्थित पूजा पंडाल, रेलवे कॉलनी स्थित पूजा पंडाल, राजापाड़ा, बैंक कॉलनी आदि जगह में माँ दुर्गा सहित अन्य देवी-देवताओं का प्रतिमा व पंडाल भक्तों के बीच आकर्षक का केंद्र रहा। पंडालों में विभिन्न कमिटी की ओर से आकर्षक लाइट की सज-सज्जा की गई थी। पूजा पंडालों में सुरक्षा व्यवस्था का पुख्ता इंतजाम किया गया था। पूजा पंडालों में पुलिस पदाधिकारियों के साथ साथ दण्डिकारी व जवानों की तैनाती की गई थी। जिला मुख्यालय के अलावे पाकुड़ सदर प्रखण्ड, हिरणपुर, लिट्टीपाड़ा, अमड़ापाड़ा, पाकुड़िया, महेशपुर आदि जगहों में भी माँ दुर्गा की पूजा अर्चना धूमधाम के साथ की गई। पूजा पंडालों में विभिन्न कमिटी की ओर मेला का आयोजन किया गया था। मेले में लगे दुकानों का लोगों ने जमकर आनन्द उठाया।

# विधायक ने किया पावर सब स्टेशन का उद्घाटन



**महेशपुर** : विधायक स्टीफन मरांडी एवं युवा नेत्री उपासना मरांडी ने रविवार को हाथीमारा पावर सब स्टेशन का फीता काटकर एवं नारियल फोड़कर उद्घाटन किया। बताते चले कि बीते माह चोरों के द्वारा पावर सब स्टेशन से पांच एमबीए ट्रांसफार्मर का कॉयल चोरी कर लेकर भाग गया था। इसके बाद विधायक के पहल पर नया ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया गया। विधायक ने बताया कि नया ट्रांसफार्मर लगने से क्षेत्र में नियमित विद्युत आपूर्ति एवं लो वोल्टेज की समस्या से निजात मिलेगी। साथ ही विधायक ने जानकारी देते हुए बताया कि महेशपुर को जल्द ही अनुमंडल का दर्जा मिलने वाला है। उन्होंने बताया कि उपायुक्त एवं संथाल प्रमंडलीय आयुक्त ने अनुमंडल बनने का अनुशंसा कर दिया है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री से मिलकर जल्दी अनुमंडल का दर्जा दिया जाएगा। यहां के लोगों की लंबित मांग है कि अमड़ापाड़ा, पाकुड़िया एवं महेशपुर को मिलाकर महेशपुर का अनुमंडल का दर्जा मिलना चाहिए। लोगों की वर्षो पुरानी मांग पर सरकार के द्वारा मोहर लगा दी गई है। जल्दी महेशपुर को अनुमंडल का दर्जा घोषित किया जाएगा। इस अवसर पर झामुमों प्रखंड अध्यक्ष अनरूद्दीन मिंया, कुणाल अल्फ्रेड हेम्ब्रम, जेम्स सुशील हेम्ब्रम के अलावे अन्य मौजूद थे।

# चोरों ने बंद दुकान में किया हाथ साफ, सीसीटीवी में कैद हुए चोर




**अमड़ापाड़ाः** ज़िले के अमड़ापाड़ा प्रखण्ड के बाजार स्थित बासमती बर्तन भंडार (भोला बर्तन) प्रो. संतोष प्रसाद भगत के घर चोरों ने हाथ साफ कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार चोरों ने साठ हजार रुपये नकद और लगभग साठ किलो कांसे के बर्तन पर हाथ साफ किया। चोरी की वारदात की शिकायत अमड़ापाड़ा थाना पुलिस को दी गई। पुलिस ने घटना की सूचना मिलते ही घटनास्थल पर जाकर मामले की जानकारी ली।

सीसीटीवी में दोनों चोर दिख रहें है। वहीं दुकान के अंदर लगे सीसीटीवी कैमरे में दो चोर वारदात को अंजाम देते साफ़ दिख रहें है। दोनों ने अपने चेहरे को कपड़े से ढंक रखा था। प्रथमदृष्टया सीसीटीवी फुटेज देख कर ऐसा प्रतीत होता है जैसे चोरों को पहले से पता था कहां क्या है? दोनों चोर आज तड़के सुबह 2:14 में दुकान के पीछे बने वेंटिलेटर तोड़ कर घुसे और बड़े आराम से सभी कमरों में चहलकदमी करते हुए आंगन में पानी पिया फिर सामने दुकान के कैश काउंटर से कैश निकाला और फिर बोरे में बर्तन भर लगभग 2:42 में निकल गए। स्थानीय लोगों को उम्मीद है कि नवपदपस्थित अमड़ापाड़ा थाना प्रभारी जल्द ही चोरी का उद्भदेन करते हुए चोरों को धर दबोच लेंगे।

# सड़क दुर्घटना में बच्चा सहित तीन घायल



**महेशपुर** :महेशपुर-पाकुड़िया मुख्य सड़क के हाथीमारा गांव के पास रविवार को बाइक चालक असंतुलित होकर गिर जाने से एक बच्चा सहित तीन लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गया। जख्मियों का पश्चिम बंगाल के रामपुरहाट थाना क्षेत्र अंतर्गत शलबदरा गांव निवासी 38 वर्षीय सेंटू मंडल, 28 वर्सिय पिंकी साहू मंडल एवं पांच वर्षीय बच्चा दीपांजल मंडल शामिल है। घटना के बाद तीनों ज़ख्मियों को स्थानीय लोगों ने प्राथमिक उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महेशपुर लाया। जहां डॉक्टर सुनील कुमार किस्कू ने तीनों का प्राथमिक उपचार किया। जख्मी सेंटू मंडल से मिली जानकारी के अनुसार वे अपने पत्नी एवं बच्चों के साथ अपने गांव से अपना ससुराल सोनारपाड़ा जा रहा था। इसी दौरान हाथीमारा गांव के पास एक साइकिल चालक ने अचानक साइकिल को बाइक के सामने घुमा दिया। जिस कारण वह संतुलित होकर सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से जख्मी हो गया।

# तीरंदाजी प्रतियोगिता में विधायक ने किया शुभारंभ



**पाकुड़ः** जिले के लिट्टीपाड़ा प्रखंड अंतर्गत डुमरिया मैदान में 51 वॉ सिदो कान्हू आदिवासी सांस्कृतिक मेला का भव्य आयोजन रविवार को किया गया। जिसका शुभारम्भ स्थानीय विधायक दिनेश मरांडी व धर्मपत्नी एगलिना टुडु ने फीता काटकर किया गया।मेला प्रांगण में झामुमो का झंडा चारो ओर टँगा हुआ था। विधायक के मेला प्रांगण में आगमन के साथ सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ताओं ने फूलमाला पहनाकर भव्य स्वागत किया। वही विधायक सहित उपस्थित लोगों द्वारा वीर शहीद सिदो कान्हू के प्रतिमा पर पुष्पसुमन अर्पित कर नमन किया। इसके बाद विधिवत फीता काटकर मेला का शुभारम्भ किया गया।मेले में लांगड़े एनएच , डोम ढोल , दसाई दोन सहित अन्य कई दल मेला प्रांगण का शोभा बढ़ा रहे थे। मेला प्रांगण में तीरंदाजी की भव्य प्रतियोगिता आयोजित हुई। जिसमें विधायक दिनेश मरांडी व धर्मपत्नी एगलिना टुडु ने भी तीरंदाजी का कौशल प्रस्तुत किया। वही काफी संख्या में लोगो ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया। उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए विधायक ने कहा कि वीर शहीद सिदो कान्हू की स्मृति में यह सांस्कृतिक मेला वर्षो से आयोजित की जा रही है। जिसमे आदिवासी संस्कृति की झलक दिखती है। दिशोम गुरु शिबू सोरेन , क्षेत्र के कद्दावर झामूमो नेता दिवंगत साइमन मरांडी आदि ने लंबी लड़ाई कर अलग राज्य का निर्माण किया। इस मेले से क्षेत्र की राजनीति की दशा व दिशा तय होती है। इस अवसर पर झामूमो के तनवीर अली , संतोष भगत, पप्पू अंसारी , भीमसेन हेम्ब्रम , पगान हेम्ब्रम , बबलु राय , प्रेम रजक , मुस्लिम अंसारी , सोले मुर्मू , अशोक भगत , मुमताज अंसारी , इस्तेखार अली , वजीर अंसारी , सामुएल मुर्मू , निरंजन मण्डल , मतीन , सर्वजीत सिंह , छोटू मोमिन , इसहाक मोमिन आदि उपस्थित थे।

# चिकित्सक से मारपीट के आरोप में आरोपित गिरफ्तार



**पाकुड़ः** सदर अस्पताल के चिकित्सक से मारपीट व तोड़फोड़ मामले में मृतक के पति विजय साहा को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इसकी जानकारी पुलिस निरीक्षक सह नगर थाना प्रभारी हरिदेव प्रसाद ने दी। थाना प्रभारी ने कहा कि कानून हाथ मे लेने वालों को किसी हाल में बक्शा नही जाएगा। चिन्हित कर ऐसे लोगों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बतादें की ईलाज के लिए परिजनों ने दिनांक 07.10.2024 को सदर अस्पताल पाकुड़ में मंजु देवी पति विजय साहा को भर्ती कराया था। जो पांच वर्षों से कैंसर से पीड़ित थी। ईलाज के क्रम में मंजु देवी की मृत्यु हो गयी। मृतिका के परिजनों ने आवेश में आकर ईलाज कर रहे डॉक्टर एवं अन्य अस्पताल कर्मियों के साथ मारपीट एवं तोड़फोड़ की घटना का अंजाम दिया था। उक्त घटना को लेकर डॉक्टर अनांद कुमार के द्वारा दिये गये आवेदन के आधार पर पाकुड़ नगर थाना काण्ड सं 0-255/2024 दिनांक-07. 10. 2024, धारा-132/351(2) /115(2) /324(2)/109 (1)/3(5) भा०न्या०सं० के तहत काण्ड दर्ज किया गया है। काण्ड अनुसंधान के कम में इस काण्ड के मुख्य अभियुक्त विजय साहा ग्राम कोरियाडीह थाना लिटिपाड़ा जिला पाकुड़ को गिरफ्तार किया गया। जिसे न्यायिक हिरासत में प्रस्तुत कर जेल भेज दिया है।

# विजयादशमी के अवसर पर वैदिक मंत्रोच्चार के बीच संपन्न हुई शस्त्र पूजा



**पाकुड़** : रेलवे परिसर स्थित दुर्गा पूजा के पंडाल में स्थापित दुर्गा माता प्रतिमा के समीप विजयादशमी के शुभ अवसर पर युवाओं व मातृशक्तियों ने सामाजिक कार्यकर्ता हिसाबी राय के नेतृत्व में पारंपरिक वैदिक मंत्रोच्चार के साथ मां दुर्गा प्रतिमा के समीप शस्त्र पूजन का आयोजन किया गया। पुरोहित सजल चटर्जी एवं सुभो सहाना ने यजमान युवा नेता अनिकेत गोस्वामी द्वारा शस्त्र पूजन की अगुवाई करते हुए पूजा संपन्न कराया।शस्त्र पूजन पर पूजा मंडप जय माता दी,जय मां दुर्गे,जय श्री राम,हर हर महादेव के जय घोष से गुंजयमान हो उठा।पूजा मंडप में उपस्थित युवा एवं मातृशक्ति उत्साह से ओतप्रोत थे।दर्जनों लोगों ने अपने-अपने शस्त्रों का सामूहिक पूजन किया। शस्त्र पूजन में उपस्थित मातृशक्ति सम्पा साहा ने कहा कि दशहरा के शुभ अवसर पर शस्त्र पूजन करने की परंपरा सदियों पुरानी है।इस दिन हर घर में शास्त्रों की पूजा होती है।आगे साहा ने कहा कि दशहरा पर्व असत्य पर सत्य की विजय का प्रतीक है।विजयदशमी पर मर्यादा पुरुषोत्तम राम रावण एवं देवी दुर्गा ने महिषासुर का वध कर बुराई पर अच्छाई के प्रति का संदेश दिया था। शस्त्र पूजन कार्यक्रम में बाबुधन मुर्मू,पार्वती देवी,अखिलेश कुमार चौबे,पिंकी मंडल,संतोष कुमार ठाकुर,प्रभाती मंडल,राणा शुक्ला,वर्षा चटर्जी,संजय कुमार ओझा,मोऊ शहाना,सुशील साहा,मुरारी मंडल,पिंटू हाजरा,शताब्दी तिवारी, विजय राय, संगीता साहा,अजित मंडल,चम्पा साहा,राम मंडल,रिंकू दास,अविनाश पंडित, पिंकी सरकार, लाल्टू भौमिक, निवेदिता मंडल, परिणिता शुक्ला,मुन्ना रविदास, वैशाखी मंडल, ओमप्रकाश नाथ,दृष्टि गोस्वामी, रतन पासवान, शानवी गोस्वामी, नवनीत गोस्वामी, राजेश डोकानियां, धर्मेंद्र साह,अमलेश रंजन, कृष्णा यादव,विपिन चौधरी,तनमय पोद्दार, मिठू ठाकुर, कमल पाण्डेय,रातुल दे,अंकित शर्मा,प्रतुल दे,जितेश रजक,राजा झा सहित दर्जनों मातृशक्ति व युवा शक्ति एवं श्रद्धालुगण मौजूद थे।

# दिवंगत दीनानाथ शरण की प्रतिमा पर डीबीएल कर्मियों ने माल्यार्पण कर उन्हें नमन कर श्रद्धांजलि दी



**अमडापाड़ा** : पचवारा सेंट्रल कॉल ब्लॉक और नॉर्थ कॉल ब्लॉक के संस्थापक व कार्यकारी निदेशक रहे दिवंगत दीनानाथ शरण का 15 वीं पुण्यतिथि शनिवार को अमीरजोला स्थित डीबीएल कार्यालय के परिसर में उनकी प्रतिमा पर पुष्प कर श्रद्धांजलि सभा मनाई गई। दिवंगत दीनानाथ शरण की प्रतिमा पर डीबीएल कर्मियों ने माल्यार्पण कर उन्हें नमन कर श्रद्धांजलि दी।मौके पर जेम्स मुर्मू, संजय दास, राकेश कुमार सिंह, जेपी राय, प्रिंस कुमार , राकेश कुमार कर्ण, कार्तिक कुमार सहित सभी कर्मियों ने श्रद्धांजलि ली । मालूम हो कि स्वर्गीय दीनानाथ शरण का 12 अक्टूबर 2009 को पहाड़पुर के पास मॉर्निंग वॉक के दौरान उनकी और सीतल प्रसाद की अपराधियों ने गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

# मृतक के घर पहुंचकर पूर्व जिला अध्यक्ष ने किया दुःख प्रकट



**पाकुड़ः** जिले लिट्टीपाड़ा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत हिरणपुर प्रखंड के घाघरजनी गांव के निवासी सोम किस्कू के बेटा बिराम किस्कू का सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। अंतिम संस्कार में पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष सह भाजपा नेता बाबूधन मुर्मू शामिल हुए,ओर परिजनों से मिलकर दुख जताया। परिजनों से घटना की पूरी जानकारी लेकर हिरणपुर प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारी से वार्ता कर हर संभव मुआवाजा दिलाने का आश्वासन दिया। भाजपा नेता बाबूधन मुर्मू ने कहां पार्टी के लिए यह बहुत क्षति हुई है। एक होनहार कर्मठ कार्यकर्ता को खोया है। उनकी याद हमेशा आएगी।भाजपा ने परिजनों से कहा आप लोगों के साथ पार्टी के कार्यकर्ता हमेशा साथ देने के लिए तैयार रहेगा।

मृतक आत्मा को शांति के उन्होंने ने ईश्वर से प्रार्थना की ओर श्रद्धांजलि दी। मौके पर हिरणपुर पूर्व मंडल अध्यक्ष कैलाश प्रसाद सिंह,पूर्व कोषाध्यक्ष मनोज साह, अमीन सोरेन,काजल मंडल,सुनील मंडल, धेना टुडू, फाइल टुडू, तलामय टुडू,भीम हेमब्रम,परगना किस्कू,श्रद्धांजलि देने हजारों की संख्या में लोग पहुंचे थे।

# फुटबाल मैच में मुख्य अतिथि के रूप में सामिल हुए बाबूधन मुर्मू





**हिरणपुर** : विधानसभा लिट्टीपाड़ा क्षेत्र के अंतर्गत पाकुड़ जिला के हीरानपुर प्रखंड के खजूरडांगा गांव में आदिवासी सावता सागेन क्लब खजूरडांगा में फुटबॉल खेल प्रतियोगिता लेकर मुख्य अतिथि के रूप में सामिल हुए पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष सह भाजपा नेता बाबूधन मुर्मू, उन्होंने खिलाड़ियों का मनोबल बड़ाने के लिए खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि फुटबॉल एक ऐसा खेल है, जो मात्र शारीरिक दक्षता को नहीं दर्शाता है, बल्कि यह मानसिक दक्षता को भी दर्शाता है, यही एक खेल है, जो पैरो से जीता जाता है, इस खेल को खेलने से शारीरिक और मानसिक का विकास होता है, लोगो को अधिक से अधिक फुटबाल खेलना चाहिए,इस खेल प्रतियोगिता पहला पुरस्कार है,25000 /-,दूसरा,20000 /- ,तीसरा,5000 /- एवम चौथा, पुरुष्कार भी 5000 /- ही था,,इस फुटबाल टीम क्लब का अध्यक्ष शिवधोन मुर्मू, एवम कमेटी के सदस्य ,संजय टुडू ,मनवेल टुडू,लखन सोरेन,हेमलाल हेंब्रम,जोनातोन टुडू,सीताराम टुडू,सुनीराम टुडू ,अरविंद टुडू,रूबीराम सोरेन, नाइकी मरांडी , की उपस्थिति में यह फुटबाल मैच खेला गया, फर्स्ट राउंड , बुसका बनाम रानीकोह्ला,हिरणपुर बनाम मंगलपाड़ा, रामनाथपुर बनाम बरमसिया,रामचन्द बनाम बिशनपुर , की टीमों के बीच खेला गया

## वांगचुक ने आवाज उठाई

सोनम वांगचुक गांधी जयंती के मौके पर राजधानी आकर अपनी वे शिकायतें सरकार को बताना चाहते थे, जिनको लेकर कई महीनों से वे शक्तिशाली जन आंदोलन चला रहे हैं। लेकिन केंद्र उनसे संवाद तक करने को तैयार नहीं है। समझना मुश्किल है कि शांतिपूर्ण ढंग से अपनी शिकायतें सरकार तक पहुंचाने दिल्ली आए सोनम वांगचुक और उनके समर्थकों को क्यों सिंघु बॉर्डर पर हिरासत में ले लिया गया? वांगचुक गांधी जयंती के मौके पर राजधानी आकर अपनी वे शिकायतें सरकार को बताना चाहते थे, जिनको लेकर कई महीनों से वे शक्तिशाली जन आंदोलन चला रहे हैं। कुछ महीने पहले उन्होंने लद्दाख में अपनी मांगों के समर्थन में लंबा उपवास भी रखा था। लद्दाख में उनकी लोकप्रियता का आलम यह है कि उन्हें हिरासत में लिए जाने की खबर पहुंचते ही स्वतःस्फूर्त ढंग से पूरे इलाके में आम हड़ताल हो गई। वांगचुक की निर्दलीयता निर्विवाद है। जिस समय कश्मीर में अधिकांश ताकतें धारा 370 हटाने के खिलाफ थीं, वांगचुक ने इस कदम और लद्दाख को अलग केंद्र शासित प्रदेश बनाने का समर्थन किया था। लेकिन जब उन कदमों से लद्दाख की उम्मीदें पूरी नहीं हुईं, तो वांगचुक ने आवाज उठाई। इसी बीच चीन ने लद्दाख के बड़े इलाके में घुसपैठ कर ली, जिससे वहां के चरवाहों की जमीन उनकी पहुंच से बाहर हो गई। वांगचुक ने यह सवाल भी उठाया। शायद यही बात नरेंद्र मोदी सरकार को चुभ गई, क्योंकि ये मसला उसकी दुखती नब्ज है। वांगचुक और उनके डेढ़ सौ समर्थकों ने एक सितंबर को लेह से दिल्ली तक पैदल यात्रा शुरू की थी। 30 सितंबर को जब यात्रा सिंघु बॉर्डर के रास्ते दिल्ली में दाखिल हुई, तो पुलिस ने वांगचुक और उनके समर्थकों को हिरासत में ले लिया। लद्दाख के लोग पिछले पांच साल लद्दाख में विधानसभा बनाने, लद्दाख को राज्य का दर्जा देने और उसे संविधान की छठी अनुसूची में शामिल करने की मांग कर रहे हैं। इनके अलावा लेह और कारगिल के लिए लोकसभा की सीटें और राज्यसभा में भी प्रतिनिधित्व की भी मांग है। वांगचुक ने चीनी कब्जे से लद्दाख के इलाके को छुड़ाने की मांग भी रखी है। इसके अलावा चूंकि वे पर्यावरणवादी कार्यकर्ता हैं, इसलिए लद्दाख के बिगड़ते पर्यावरण को संभालने के कदम उठाना भी उनकी एक प्रमुख मांग है। मगर सरकार को इन मांगो से परेशानी है। उनसे संवाद तक करने को वह तैयार नहीं है।

## देश में कई दल परिवारवाद से ग्रस्त

द्रमुक के मुखिया और मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने पार्टी के भीतर वरिष्ठ नेताओं की अनदेखी करते हुए अपने 46 वर्षीय पुत्र उदयनिधि स्टालिन को उप-मुख्यमंत्री नियुक्त कर दिया। 29 सितंबर को तमिलनाडु के राज्यपाल आरएन रवि द्वारा उदयनिधि के साथ चार और मंत्रियों को पद-गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। तमिलनाडु और द्रमुक में ऐसा पहली बार नहीं है, जब पिता मुख्यमंत्री और बेटा उप-मुख्यमंत्री रहे हो। भारतीय राजनीति को परिवारवाद किस प्रकार अपनी जद में ले चुका है, तमिलनाडु का हालिया घटनाक्रम उसका उदाहरण है। यहां द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (द्रमुक) के मुखिया और मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने पार्टी के भीतर वरिष्ठ नेताओं की अनदेखी करते हुए अपने 46 वर्षीय पुत्र उदयनिधि स्टालिन को उप-मुख्यमंत्री नियुक्त कर दिया। 29 सितंबर को तमिलनाडु के राज्यपाल आरएन रवि द्वारा उदयनिधि के साथ चार और मंत्रियों को पद-गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। तमिलनाडु और द्रमुक में ऐसा पहली बार नहीं है, जब पिता मुख्यमंत्री और बेटा उप-मुख्यमंत्री रहे हो। वर्ष 2009 में एमके स्टालिन को भी उनके पिता और तत्कालीन मुख्यमंत्री एम।करुणानिधि ने उप-मुख्यमंत्री बना दिया था। जहां स्टालिन की चुनावी राजनीति की शुरुआत वर्ष 1984 में हुई, तो वहीं स्टालिन के बेटे उदयनिधि पहली बार वर्ष 2021 में विधायक चुने गए। डेढ़ साल बाद ही उदयनिधि मंत्रिमंडल में शामिल हो गए, तो अब वे राज्य के उपमुख्यमंत्री है। ये वही उदयनिधि है, जिन्होंने गत वर्ष सनातन संस्कृति की डेंगू-मलेरिया-कोरोना आदि बीमारियों से तुलना करते हुए उसे समाप्त करने की बात कही थी। करुणानिधि परिवार की तीसरी पीढ़ी उदयनिधि का हालिया प्रमोशन ऐसे समय हुआ है, जब द्रमुक अपनी 75वीं वर्षगांठ मना रहा है। वर्ष 1949 में सीएन। अन्नादुरै ने पार्टी की स्थापना की थी। 1969 में उनकी मृत्यु के बाद पार्टी की कमान करुणानिधि के पास चली गई, जो तब प्रदेश के मुख्यमंत्री भी बने। उन्होंने अपने परिवार को राजनीति में आने के लिए प्रोत्साहित किया। अपने बेटे स्टालिन को उत्तराधिकारी बनाने की हठ ने वैको जैसे नेताओं को दरकिनार कर दिया, जो तब करुणानिधि के बाद पार्टी का नेतृत्व करने के लिए सबसे उपयुक्त थे। इस कलह के कारण 1994 में द्रमुक का विभाजन हो गया। पार्टी में स्टालिन को अगली चुनौती उनके ही बड़े भाई एम।के। अलागिरी से ही मिली, जिन्हें 2014 में पार्टी से निकाल दिया गया। करुणानिधि की बेटी कनिमोझी पार्टी की लोकसभा सांसद है। द्रमुक के भीतर स्टालिन के बाद उदयनिधि के उभार के खिलाफ बहुत कम चुनौती दिखती है। गांधीजी परिवारवाद के मुखर विरोधी थे।

# संघ की स्थापना विजयादशमी के दिन ही क्यों हुई

**प्रहलाद सबनानी**

भारतीय परंपरा में, "आश्विन शुक्ल दशमी" को, अक्षय स्फूर्ति, शक्तिपूजा एवं विजय प्राप्ति का दिवस माना जाता है। किसी भी शुभ, सात्विक एवं राष्ट्र गौरवकारी कार्य को प्रारंभ करने के लिए यह मुहूर्त सर्वोत्तम माना गया है। विजयादशमी का यह उत्सव आसुरी शक्तियों पर दैवी शक्तियों की विजय का प्रतीक है।

विजयादशमी के दिन ही सतयुग में भगवती मां दुर्गा के रूप में दैवी शक्ति ने महिषासुर का मर्दन किया था। त्रेतायुग में प्रभु श्रीराम ने वनवासियों का सहयोग लेकर, उन्हें संगठित कर तथा सेतु-निर्माण कर, दुष्ट रावण की आसुरी शक्तियों का विनाश किया था। इसी प्रकार द्वापर युग में श्रीकृष्ण के मार्गदर्शन में दैवी शक्तियों ने आसुरी शक्तियों का विध्वंस किया था। कलयुग में प्रतिकूल परिस्थितियों में भी हिंदुत्व का स्वाभिमान लेकर हिंदू पद-पादशाही की स्थापना करने वाले छत्रपति शिवाजी महाराज द्वारा सीमोल्लंघन की परंपरा का प्रारंभ भी इसी पावन दिवस पर किया गया था। रामलीला तथा दुर्गापूजा इन दोनों उत्सवों को, इस विजयशाली दिवस की पावन स्मृति को, लोकमानस में बनाए रखने की दृष्टि से ही मनाया जाता है। विजयादशमी के पावन दिवस पर शस्त्र-पूजन की परंपरा भी है। 12 वर्ष के वनवास तथा 1 वर्ष के अज्ञातवास के पश्चात् पांडवों ने अपने शस्त्रों का पूजन इसी दिन किया था तथा उन्हें पुनः धारण किया था।

विजयादशमी के दिन ही परमपूज्य आद्य सरसंघचालक डॉक्टर केशव बलिराम हेडगेवार जी ने नागपुर के मोहिते के बाड़े में संवत् 1983 तदनुसार 27 सितंबर 1925 ईसवी को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना की थी अर्थात् राष्ट्र जीवन में शक्ति का निर्माण करने के लिए संकल्पित संघ का कार्य भी इसी दिन के शुभ मुहूर्त से प्रारंभ हुआ था। वर्ष 2024 में विजयादशमी दिवस का विशेष महत्व है क्योंकि संघ अपनी स्थापना के 100वें वर्ष में प्रवेश कर रहा है, अर्थात् संघ का यह सौवां विजयादशमी उत्सव है।

मुगलकाल एवं ब्रिटिश शासनकाल के अंतर्गत हिन्दू लोक जीवन विखंडित हो गया था। हिन्दू धर्म के मूल रहस्यों से अनभिज्ञ आक्रांताओं ने न केवल वैयक्तिक अधिकारों का हनन किया अपितु हिन्दू धर्म के मूल ग्रंथों को भी नष्ट कर दिया। 1000 वर्षों तक सनातन संस्कृति विधर्मियों के प्रहार को झेलती हुई लगभग मृतप्राय बना दी गई थी। साथ ही, जिस खंडकाल में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना हुई थी वह मुस्लिम तुष्टिकरण का काल था। वर्ष 1920 में देश में खिलाफत आंदोलन शुरू हुआ। मुसलमानों का नेतृत्व मुल्ला-मौलवियों के हाथों में था। इस खंडकाल में मुसलमानों ने देश में अनेक दंगे किए। केरल में मोपला मुसलमानों ने विद्रोह किया। उसमें हजारों हिंदू मारे गए। मुस्लिम आक्रांताओं के आक्रमण के कारण हिंदुओं में अत्यंत असुरक्षिता की भावना फैली थी। हिंदू संगठित हुए बिना मुस्लिम आक्राताओं के सामने टिक नहीं सकेंगे, यह विचार अनेक लोगों ने प्रस्तुत किया और इस प्रकार हिंदू हितों के रक्षार्थ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना हुई। शास्त्रों में वर्णन मिलता है कि 'संघ शक्ति कलौ युगे' अर्थात् कलयुग में संगठन ही सर्वोपरि है। इस वाक्य के अनुरूप ही संघ में संगठन को विशेष महत्व प्रदान किया जाता है। अब आवश्यकता है कि मूल्य परक हिन्दू जीवन पद्धति जिससे न केवल मानव अपितु प्रकृति एवं जीव-जन्तु जगत का भी उत्थान सम्भव है, उसे पुनः प्रतिष्ठित किया जाए। इस प्रकार, संघ के प्रयासों से भारत में विस्मृत राष्ट्रभाव का पुनर्जागरण प्रारम्भ हुआ है।

भारत ही नहीं बल्कि पूरे विश्व में शायद ही कोई ऐसा संगठन रहा होगा जो अपनी स्थापना के समय से ही निर्धारित किए गए अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने की ओर लगातार सफलतापूर्वक आगे बढ़ता जा रहा है। मार्च, 2024 में संघ की नागपुर में आयोजित प्रतिनिधि सभा की बैठक में उपलब्ध कराई गई जानकारी के अनुसार, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की 922 जिलों, 6597 खंडों एवं 27,720 मंडलों में 73,117 दैनिक शाखाएं हैं, प्रत्येक मंडल में 12 से 15 गांव शामिल हैं। समाज के लगभग प्रत्येक क्षेत्र में संघ की प्रेरणा से 40 से अधिक विभिन्न संगठन अपना कार्य कर रहे हैं जो राष्ट्र निर्माण तथा हिंदू समाज को संगठित करने में अपना योगदान दे रहे हैं। देश में राजनैतिक कारणों के चलते संघ पर तीन बार प्रतिबंध भी लगाया गया है - वर्ष 1948, वर्ष 1975 एवं वर्ष 1992 में - परंतु तीनों ही बार संघ पहिले से भी अधिक सशक्त और मुखर होकर भारतीय समाज के बीच उभरा है।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ "हिंदू" शब्द की व्याख्या सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के संदर्भ में करता है जो किसी भी तरह से (पश्चिमी) धार्मिक अवधारणा के समान नहीं है। इसकी विचारधारा और मिशन का जीवंत सम्बंध स्वामी विवेकानंद, महर्षि अरविंद, बाल गंगाधर तिलक और बीसी पाल जैसे हिंदू विचारकों के दर्शन से हैं। विवेकानंद ने यह महसूस किया था कि "सही अर्थों में एक हिंदू संगठन अत्यंत आवश्यक है जो हिंदुओं को परस्पर सहयोग और सराहना का भाव सिखाए।"

स्वामी विवेकानंद के इस विचार को डॉक्टर हेडगेवार ने व्यवहार में बदल दिया। उनका मानना था कि हिंदुओं को एक ऐसे कार्य दर्शन की आवश्यकता है जो इतिहास और संस्कृति पर आधारित हो, जो उनके अतीत का हिस्सा हो और जिसके बारे में उन्हें कुछ जानकारी हो। संघ की शाखाएं इस महान कार्य को आगे बढ़ाते हुए "स्व" के भाव को परिशुद्ध कर उसे एक बड़े सामाजिक और राष्ट्रीय हित की भावना में मिला देती हैं। संघ की शाखाओं में अनोखी पद्धति का अनुपालन करते हुए युवाओं में राष्ट्रीयता का भाव विकसित किया जाता है। शाखा की इस अनोखी पद्धति की सराहना आज पूरे विश्व में ही की जा रही है। वस्तुतः यह कह सकते हैं कि हिंदू राष्ट्र को स्वतंत्र करने व हिंदू समाज, हिंदू धर्म और हिंदू संस्कृति की रक्षा कर राष्ट्र को परम वैभव तक पहुंचाने के उद्देश्य से डॉक्टर साहब ने संघ की स्थापना की। आज संघ का केवल एक ही ध्येय है कि भारत को पुनः विश्व गुरु के रूप में स्थापित किया जाय।

संघ के संस्थापक डॉक्टर हेडगेवार जी की दृष्टि हिंदू संस्कृति के बारे में बहुत स्पष्ट थी एवं वे इसे भारत में पुनः प्रतिष्ठित कराना चाहते थे। डॉक्टर साहब के अनुसार, "हिंदू संस्कृति हिंदुस्तान का प्राण है। अतएव हिंदुस्तान का संरक्षण करना हो तो हिंदू संस्कृति का संरक्षण करना हमारा पहला कर्त्तव्य हो जाता है। हिंदुस्तान की हिंदू संस्कृति ही नष्ट होने वाली हो तो, हिंदू समाज का नामोनिशान हिंदुस्तान से मिटने वाला हो, तो फिर शेष जमीन के टुकड़े को हिंदुस्तान या हिंदू राष्ट्र कैसे कहा जा सकता है? क्योंकि राष्ट्र, जमीन के टुकड़े का नाम तो नहीं है ...... यह बात एकदम सत्य है। फिर भी हिंदू धर्म तथा हिंदू संस्कृति की सुरक्षा एवं प्रतिदिन विधर्मियों द्वारा हिंदू समाज पर हो रहे विनाशकारी हमलों को कांग्रेस द्वारा दुरलक्षित किया जा रहा है, इसलिए इस अत्यंत महत्वपूर्ण कार्य के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की आवश्यकता है।"

वस्तुतः राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का आज भी लक्ष्य हिंदुओं को जाति, क्षेत्र और भाषा के कृत्रिम विभाजन के चलते उत्पन्न सामाजिक सांस्कृतिक विरोधाभासों से उबारना है। इसकी आकांक्षा है कि भारत को विश्व गुरु का स्थान अपने कृतत्व, दर्शन और सांस्कृतिक प्रभाव से पुनः मिले। भारतीय समाज को संघ के इन प्रयासों से अपने आप को जोड़ना चाहिए तभी भारत को पुनः विश्व गुरु के रूप में स्थापित किया जा सकेगा।

हाल ही के समय में हिंदू समाज में दिखाई दे रही एकरसता के चलते भारत का रुतबा वैश्विक स्तर पर बढ़ा है, यह परिणाम स्पष्ट तौर पर दिखाई देने लगा है। भारत आज विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है एवं पूरे विश्व में सबसे तेज गति से आगे बढ़ती अर्थव्यवस्था बना हुआ है। विश्व के शक्तिशाली देशों की सूची में अमेरिका, रूस, जापान, चीन, ब्रिटेन, जर्मनी, फ्रान्स जैसे पश्चिमी देशों के नाम ही सुनाई देते रहे हैं। यूनाइटेड नेशन्स में वीटो पावर भी इन्हीं देशों के पास रही है। भारत का इस दृष्टि से दूर दूर तक नाम दिखाई नहीं देता था। परंतु, आस्ट्रेलिया के एक संस्थान, लोवी इन्स्टिटयूट थिंक टैंक, ने हाल ही में एशिया में शक्तिशाली देशों की एक सूची जारी की है। "एशिया पावर इंडेक्स 2024" नामक इस सूची में भारत को एशिया में तीसरा सबसे बड़ा शक्तिशाली देश बताया गया है। वर्ष 2024 के इस इंडेक्स में भारत ने जापान को पीछे छोड़ा है। इस इंडेक्स में अब केवल अमेरिका एवं चीन ही भारत से आगे है। रूस तो पहले से ही इस इंडेक्स में भारत से पीछे हो चुका है। इस प्रकार अब भारत की शक्ति का आभास वैश्विक स्तर पर भी महसूस किया जाने लगा है। यहां यह ध्यान देने योग्य बात है कि भारत का विकास स्पर्धा के लिए नहीं है, बल्कि पूरे विश्व में अच्छा वातावरण बनाने तथा शांति स्थापित करने के लिए है क्योंकि भारत वसुधैव कुटुंबकम की भावना में विश्वास रखता है।

# भविष्य की राह : ईवी चार्जिंग के लिए दिशानिर्देश, 2024

**समीर पंडिता**

भारत का लक्ष्य 2070 तक कार्बन उत्सर्जन को शून्य करना है, इसलिए इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) परिवहन क्षेत्र को कार्बन-मुक्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। हालांकि, ईवी को व्यापक रूप से अपनाना एक विश्वसनीय और सुलभ चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर पर निर्भर करता है। इसे सुविधाजनक बनाने के लिए भारत सरकार ने इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर की स्थापना और संचालन के लिए दिशानिर्देश 2024 जारी किए हैं। यह देश भर में चार्जिंग स्टेशनों की स्थापना में तेज़ी लाने के लिए डिज़ाइन किया गया एक ढांचा है। एक मज़बूत ईवी चार्जिंग नेटवर्क का निर्माण न केवल सुविधा के लिए बल्कि ऊर्जा, सुरक्षा, नवीकरणीय ऊर्जा का लाभ उठाने और वायु गुणवत्ता में सुधार के लिए भी महत्वपूर्ण है। इस विकास से नए उद्योग सृजन, रोज़गार पैदा करने और नवीकरणीय ऊर्जा, बैटरी तकनीक और स्मार्ट ग्रिड सिस्टम में नवाचार को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

ईवी चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए दिशानिर्देश 2024 की मुख्य विशेषताएं


दिशानिर्देश 2024 शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों एवं दोपहिया वाहनों से लेकर भारी-भरकम ट्रकों तक, विभिन्न प्रकार के वाहनों की ज़रूरतों को पूरा करने वाले चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर के तेज़ गति से विस्तार को सुनिश्चित करने के लिए एक स्पष्ट रोडमैप प्रदान करते हैं। दिशा-निर्देश 2024 की मुख्य विशेषताएं इस प्रकार हैं: सार्वजनिक और निजी चार्जिंग स्टेशनः दिशा-निर्देश 2024 में शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में नियमित अंतराल पर सार्वजनिक चार्जिंग स्टेशनों का निर्माण अनिवार्य किए गए हैं, ताकि चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर तक पहुंच सुनिश्चित किया जा सके। ईवी को प्रोत्साहित करने के लिए इसकी उपलब्धता महत्वपूर्ण है। वे आवासीय परिसरों, कार्यालयों और वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों में निजी चार्जिंग पॉइंट को बढ़ावा देते हैं। यह व्यक्तियों और व्यवसायों के लिए पहुंच को सरल बनाते हैं और शहरी और उपनगरीय निवासियों के बीच ईवी अपनाने को और बढ़ावा देते हैं। एक इलेक्ट्रिक वाहन उपयोगकर्ता के रूप में, आपको दिल्ली से शिमला की यात्रा करते समय अपनी ईवी बैटरी चार्ज करने की चिंता करने की ज़रूरत नहीं है। आपको राजमार्ग पर प्रत्येक 20 किलोमीटर पर एक चार्जिंग प्वाइंट मिल जाएगा। शहर में आने के बाद, आप बिना किसी चिंता के अपने घर या कार्यालय में चार्ज कर सकते हैं।

**पारस्परिकता (इंटरऑपरेबिलिटी)** : दिशा-निर्देश 2024 की एक प्रमुख विशेषता विभिन्न चार्जिंग नेटवर्क के बीच पारस्परिकता पर जोर देना है। इसका मतलब है कि ईवी उपयोगकर्ता चार्जिंग उपकरण के निर्माता या वाहन के प्रकार की चिंता किए बिना किसी भी चार्जिंग स्टेशन पर अपने वाहन चार्ज कर सकेंगे। यह सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण है कि चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर व्यापक रूप से सुलभ और उपयोगकर्ताओं के अनुकूल हो। ईवी उपयोगकर्ताओं के लिए, पारस्परिकता संभावित रूप से कम शुल्क के साथ कई चार्जिंग नेटवर्क तक पहुंच को सक्षम करके अधिक सुविधा, लचीलापन, कम रेंज की चिंता, लागत बचत प्रदान करती है। इसलिए, अगली बार जब आप यात्रा करेंगे, तो आप हाईवे पर या शहर में सार्वजनिक चार्जिंग स्टेशन पर अपने ईवी को चार्ज करने के लिए लंबी कतार में इंतजार करते हुए निराश नहीं होंगे। चार्जर्स की पारस्परिकता के लिए धन्यवाद, आप निकटतम चार्जिंग स्टेशन का अविलंब पता लगाने के लिए किसी भी चार्जिंग सेवा प्रदाता के मोबाइल ऐप का उपयोग कर सकते हैं।

स्मार्ट चार्जिंगः दिशा-निर्देश 2024 स्मार्ट चार्जर्स के उपयोग को बढ़ावा देते हैं, जो ऊर्जा खपत को अनुकूलित करने के लिए ग्रिड प्रबंधन प्रणालियों के साथ एकीकृत होते हैं। स्मार्ट चार्जर उपयोगकर्ताओं को व्यस्त समय के अलावा (ऑफ-पीक) चार्जिंग सत्र शेड्यूल करने से बिजली की मांग कम होती है। इससे लागत कम होती है और पावर ग्रिड पर बोझ कम करता है। स्मार्ट चार्जर उपयोगकर्ताओं को ऑफ-पीक घंटों के दौरान चार्जिंग शेड्यूल करके लागत कम करने में सक्षम बनाता है। यात्रा के लिए चार्जिंग स्टेशन की उपलब्धता पर वास्तविक समय की जानकारी प्रदान करते हैं। एक डिस्कॉम के रूप में, आप अपने ग्रिड को स्थिर करने में मदद करने के लिए स्मार्ट ईवी चार्जर्स को प्राथमिकता देंगे।

**सुरक्षा और विश्वसनीयता मानकः** दिशा-निर्देश 2024 में चार्जिंग स्टेशनों के लिए कड़े सुरक्षा मानकों को अनिवार्य किया गया है, जिसमें अग्नि सुरक्षा, विद्युत खतरे से सुरक्षा और स्पष्ट संकेत शामिल हैं, जो सार्वजनिक स्टेशनों के लिए उपयोगकर्ता की चिंताओं को कम करने के लिए महत्वपूर्ण हैं। इसके अलावा, उन्हें अनुपलब्ध चार्जिंग पॉइंट के कारण ड्राइवरों को फंसे रहने से बचाने के लिए राजमार्ग स्टेशनों पर निर्बाध सेवा की आवश्यकता होती है। इसलिए, एक ईवी उपयोगकर्ता के रूप में, सुरक्षित, उच्च-गुणवत्ता वाले और विश्वसनीय चार्जर होने का मतलब है कि आपको बिजली के झटके, आग या किसी खराबी जैसे संभावित खतरों के बारे में चिंता करने की ज़रूरत नहीं है। इससे आपको मन की शांति मिलती है और आपका वाहन सुरक्षित रूप से चार्ज होता है। साथ ही, विश्वसनीय चार्जर के साथ, आप दोषपूर्ण उपकरणों के कारण आप रास्ते में फंसेंगे नहीं और इससे आपकी यात्रा आसान और तनाव मुक्त रहेगी। निजी निवेश को प्रोत्साहन एवं बढ़ावाः सरकार ईवी चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास को बढ़ावा देने और चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर स्थापित करने के लिए भूमि की उपलब्धता बढ़ाने हेतु अभिनव व्यवसाय मॉडल को प्रोत्साहित करने के लिए कई तरह के वित्तीय प्रोत्साहन दे रही है। इन उपायों का उद्देश्य ईवी चार्जिंग पर लागत कम करना और विशेष रूप से ग्रामीण और कम सेवा वाले क्षेत्रों में इसकी स्थापना को सरल बनाना है। इस संबंध में जारी दिशा-निर्देश सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) को चार्जिंग स्टेशनों की स्थापना में तेज़ी लाने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। निजी क्षेत्र के संसाधनों और विशेषज्ञता का लाभ उठाकर, स्थानीय सरकारें ईवी चार्जिंग नेटवर्क का अधिक कुशलता से विस्तार कर सकती हैं। चार्जिंग व्यवसाय में निवेश करने को उत्सुक एक चार्ज पॉइंट ऑपरेटर के रूप में आपको पता चलता है कि चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने से जुड़ी सबसे बड़ी लागत भूमि है। इलेक्ट्रिक वाहनों की बढ़ती मांग, सस्ती भूमि तक पहुंच और प्रचार आपूर्ति शुल्क की उपलब्धता के साथ, आप अपने शुरुआती निवेश और परिचालन व्यय को काफी कम कर सकते हैं। रणनीतिक स्थानों पर चार्जिंग स्टेशन स्थापित करके, आप ईवी चलाने वालों को बेहतर सेवा दे सकते हैं और अधिक मजबूत चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर में योगदान दे सकते हैं, जो इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाने को बढ़ावा देने के लिए आवश्यक है।

**अक्षय ऊर्जा** : ईवी के संबंध में दिशा-निर्देश सौर और पवन जैसे अक्षय ऊर्जा स्रोतों के साथ चार्जिंग स्टेशनों को जोडऩे को बढ़ावा देते हैं। यह सुनिश्चित करते हैं कि ईवी स्वच्छ ऊर्जा से संचालित हों और उनके पर्यावरणीय प्रभाव को कम करें। आप अपने कार्बन उत्सर्जन में कमी लाने और अपनी चार्जिंग लागत को कम करने के लिए अपनी ईवी बैटरी को अक्षय ऊर्जा से चार्ज करना पसंद करेंगे। आप छूट का लाभ उठाने के लिए सुबह 9:00 बजे से शाम 4:00 बजे के बीच सौर घंटों के दौरान सार्वजनिक चार्जिंग स्टेशन, निवास या कार्यालय में चार्ज करना पसंद करेंगे।




**मेष राशि**–आज का दिन आपके लिये शानदार रहने वाला है। स्टूडेंट्स अपनी पढ़ाई पर ध्यान देंगे। आज किसी खास प्रयोजन को लेकर यात्रा संबंधी प्रोग्राम बन सकता है। घर में नजदीकी संबंधियों का आगमन होगा और घर में सकारात्मक ऊर्जा बनी रहेगी। घर के बड़े बुजुर्गों का आशीर्वाद अवश्य लें और उनका मान-सम्मान व आदर करें।

**वृष राशि**–आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। आज आपको कोई नई जानकारी मिलेगी आपके लिए यह जानकारी भविष्य में फायदेमंद साबित होगी। आज काम जिस तरह चल रहे हैं, अभी उनमें किसी तरह का भी बदलाव लाने की कोशिश ना करें। अगर व्यवसाय में कोई नया काम शुरू करने की योजना बना रहे हैं तो उससे संबंधित और अधिक जानकारी हासिल करना जरूरी है।

**मिथुन राशि**–आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज अचानक ही किसी मित्र से मुलाकात होगी और विशेष मुद्दों पर लाभदायक विचार विमर्श भी होगा। मानसिक सुकून पाने के लिए धार्मिक और आध्यात्मिक गतिविधियों में समय बिताएंगे। आज नकारात्मक सोच से बचने की कोशिश करें। बेहतर होगा ज्ञानवर्धक और उत्तम साहित्य पढऩे में अपना समय लगाएं।

**कर्क राशि**–आज का दिन आपके लिए उमंग से भरा रहने वाला है। आज किसी अनुभवी व्यक्ति का सानिध्य मिलेगा, जिससे नई ऊर्जा और स्फूर्ति महसूस करेंगे। कोई खास कार्य सिद्धि भी संभव है। दूसरों से उम्मीद करने के बजाय अपनी मेहनत और क्षमता पर विश्वास रखें। आज सहज तरीके से अपने कार्यों को व्यवस्थित करते चलें। आप किसी जरूरत का सामान खरीदने मार्केट जाएंगे जहां आपकी मुलाकात किसी परिचित से होगी।

**सिंह राशि**–आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आज आपके तय किए काम समय से पूरे होते हुए नजर आ रहे हैं साथ ही कुछ काम वक्त से पहले पूरे करने की वजह से खुद के लिए प्रसन्नता मिलेगी। समस्याओं से घबराने के बजाय उनको सुलझाने की कोशिश करें। जो चीजें महत्वपूर्ण हैं उनको खुद ही संभालें और जरूरत हो तो किसी अनुभवी की सलाह भी लें।

**कन्या राशि**–आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आपके बच्चे बिजनेस में आपका पूरा स्पोर्ट करेंगे। पूंजी के उचित निवेश के लिए आपको किसी अनुभवी से सलाह लेनी चाहिए। अपने अहम् पर काबू करके परिस्थिति को ठीक से समझने की कोशिश करेंगे, तो आपको आसानी से हल मिल जाएगा। लवमेट के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है। कुल मिलाकर आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है।

**तुला राशि**–आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। काम करने के तरीकों में बदलाव करेंगे और व्यवस्थित रहेंगे तो इससे आपके काम जल्दी निपटेंगे। आज किसी से अनबन की स्थिति में अपने गुस्से पर काबू रखें। आज लंबी यात्रा का प्रोग्राम बन सकता है। जोखिम भरे कामों से दूर रहें। आज किसी काम में जल्दबाजी और गुस्सा नहीं करेंगे तो आपका काम आसानी से हो जाएगा।

**वृश्चिक राशि**–आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज बिजनेस में बहुत संजीदगी और गंभीरता से काम करने की जरूरत है। बिजनेस बढ़ाने की योजनाओं पर एक बार फिर से विचार करें। कोई भी छोटा-बड़ा फैसला लेते वक्त किसी एक्सपर्ट की सलाह से आपको मुनाफा होगा। आज पारिवारिक माहौल व्यवस्थित रखने में आपकी मदद कारगर साबित होगी, आज रुके हुए पैसे की वापसी भी हो सकती है।

**धनु राशि**–आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहने वाला है। आज दोस्तों और रिश्तेदारों से पूरी मदद मिलेगी। खास काम के सिलसिले में बातचीत भी होगी। किसी महत्वपूर्ण कार्य को करने से पहले घर के सदस्यों की सलाह लेना आपके लिए बहुत ही लाभदायक रहेगा। आज कोई सुखद समाचार मिलने से भावनात्मक रूप से आप अपने आपको बढ़िया महसूस करेंगे। आज कुछ समय एकांत अथवा आध्यात्मिक स्थल पर बिताएंगे।

**मकर राशि**–आज का दिन आपके लिए खुशहाल रहने वाला है। आज आपके मन में किसी प्रकार का डर रहेगा लेकिन डरने की बात नहीं है यह आपकी ओवर थिन्किंग के कारण हो सकता है। आज कार्यस्थल की व्यवस्था में कुछ परिवर्तन लाने की भी जरूरत है।

**कुंभ राशि**–आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहने वाला है। घर में सुखद और अच्छा माहौल रहेगा, शाम का समय बड़े बुजुर्गों के साथ बिताएंगे। ऑफिस में कुछ राजनीति जैसा माहौल रह सकता है। आज जीवनसाथी का आपके प्रति पूर्ण सहयोग रहेगा। लवमेट के साथ घूमने का भी प्रोग्राम बनेगा।

**मीन राशि**–आज का दिन आपके लिए बहुत अच्छा रहेगा। आज पैसों से जुड़ी समस्याओं को सुलझाने की कोशिश करेंगे। आज पारिवारिक और व्यवसायिक गतिविधियों में संतुलन बना कर रखने से उचित व्यवस्था बनी रहेगी। स्टूडेंट को अपने अध्ययन और करियर में एकाग्रता रखने से उचित परिणाम मिलेंगे।

## साक्षात्कार दशहरे पर ......



**डॉ प्रशान्त करण**

खबरीलाल पिछले तीन दिनों से दुर्गा पूजा पंडालों , शहर के मुख्य सड़कों और थानों का चक्कर लगाकर अपराधों के समाचार एकत्रित कर रहे थे . सम्पादक महोदय का विशेष आदेश था . उनके इस प्रसिद्द हिंदी दैनिक समाचार पत्र के सम्पादक नए आए थे . उनकी धाक जम नहीं रही थी . पुलिस अधीक्षक उनकी पैरवी सुनते नहीं थे . छत्तीस का आंकड़ा हो गया था .सम्पादक ने नया प्रयोग किया. दशहरे में अपराधों का शहर उसे बताने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी . पुलिस कप्तान भी घाघ थे . उन्होंने समाचार पत्र के मालिक के पास पैरवी लगा दी . सम्पादक महोदय की ही बदली दशहरे के दिन हो गयी . लेकिन अगले दिन छपने वाले साक्षात्कार को तैयार कर खबरीलाल उनके पास इस अनभिज्ञता से गए कि उन्हें उनकी बदली की खबर नहीं मिली है .सम्पादक महोदय जल्दी में साक्षात्कार बिना देखे बोल गए – छाप दो . अब दशहरे के दूसरे दिन साक्षात्कार जो छपना था , उसे उपसंपादक ने गलती से सार्वजनिक कर दिया . पाठकों के हितार्थ उसे अब मैं भी सार्वजनिक करता हूँ .

**खबरीलाल** – भैया जी , आप आगामी चुनाव लड़ने जा रहे हैं . अमुक दल आपको उम्मीदवार बनाने जा रहा है .इस दशहरे पर आप क्या कहना चाहेंगे ?

**भैया जी** – देखो , दशहरा का अर्थ पहले समझो .दश हरा अर्थात विधान सभा के चुनाव में दस और प्रत्याशी भी खड़ा हो तो उसे हरा .हमने दशहरा पर ही पूरे विधान सभा क्षेत्र को दस भागों में बाँट दिया , सबका भार अलग – अलग भाग के सबसे दबंग को दिया गया है . हर एक भाग के दबंग को दस – दस हजार वोट दिलवाना है . सबने इसके इसके लिए दस खुंखारों को रखा है . वे सभी दसों विरोधियों से निबटेंगे .

**खबरीलाल** – मथुरा जी , आप पिछले पाँच वर्षों से टाउन थाना में हवलदार हैं . दशहरे पर आप क्या कहना चाहेंगे ? मथुरा जी – देखिए , त्यौहार आते ही हमलोग सतर्कता बढ़ाते हैं . चेकिंग से हमारा त्यौहार मन जाता है . चुनाव आते ही चेकिंग में ढेर माल पकड़ता है . माल वाला स्वामित्व से बचता है . हम उनकी मदद कर अपना स्वामित्व माल पर दे देते हैं .बँटने पर भी आधा तो बचा लेते हैं . दशहरा का मतलब है कि हरा दस अर्थात पचास रुपए के हरे नोट के दस बंडल . हर दिन कम से कम पचास हजार तो आए और आता रहे .

खबरीलाल – रवि बाबू , आप बैंक के बड़े अधिकारी रहे . दशहरे पर आप क्या कहना चाहते हैं ? रवि बाबू – दशहरे का आशय है बुराई पर सच्चाई की जीत .कभी सच्चाई , ईमानदारी , नैतिकता सच्चाई हुआ करती थी . कलियुग में यह बुराई है . झूठ , घूसखोरी , अनैतिकता अच्छाई है . यह सभी सफल आदमियों के पास बहुतायत से पायी जाती है . इसलिए कलियुग में भी हमें कलियुग की अच्छाई का साथ देकर बुराई को परास्त करना है .

### सूडोकु नवताल- 7218

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | | | | | | | 4 | |
| | | 5 | | 3 | | | 7 | |
| | | | | | 8 | | | 2 |
| | | | | | 1 | 9 | | |
| | 2 | | | | | | 8 | |
| | | 6 | 7 | | | | | |
| 1 | | | 4 | | | | | |
| | 9 | | | 2 | | 5 | | |
| | 8 | | | | | | | 1 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 7217 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 4 | 5 | 6 | 1 | 3 | 7 | 2 | 9 |
| 7 | 2 | 6 | 4 | 9 | 5 | 3 | 8 | 1 |
| 9 | 3 | 1 | 7 | 8 | 2 | 6 | 5 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 9 | 6 | 8 | 4 | 3 | 5 |
| 5 | 6 | 9 | 3 | 2 | 4 | 1 | 7 | 8 |
| 4 | 8 | 3 | 5 | 7 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 2 | 9 | 7 | 1 | 5 | 6 | 8 | 4 | 3 |
| 3 | 1 | 8 | 2 | 4 | 7 | 5 | 9 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 8 | 3 | 9 | 2 | 1 | 7 |

'पुष्पेश पब्लिकेशन', श्रीकृष्णापुरी, चास, बोकारो–827013 के लिए स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक **पूर्णेन्दु सिन्हा 'पुष्पेश'** द्वारा प्रकाशित तथा 'गोपीन्दु इंटरप्राइजेज' प्रेस, चास, बोकारो में मुद्रित।पंजीकृत कार्यालय– गोपीन्दु भवन, श्रीकृष्णापुरी, चास, बोकारो–827013. झारखंड।
संपादक : **पूर्णेन्दु सिन्हा 'पुष्पेश'**❀; प्रबंध संपादक : **राजेश मोहन सहाय**; बिहार प्रभारी : **संतोष श्रीवास्तव।**
**रांची** – 93, मेजर कोठी, इटकी रोड, हेहल, झारखंड।
फोन– 9142412511/9102251947; WhatsApp- 9142412511; Website : www.rashtriyamukhyadhara.com
❀समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। ◦ यहाँ प्रकाशित लेखों–आलेखों में व्यक्त सत्य, तथ्य और विचार लेखकों के सर्वथा निजी हैं।

हिन्दी दैनिक
राष्ट्रीय मुख्यधारा
अख़बार भी, आन्दोलन भी
बोकारो, सोमवार, 14 अक्टूबर, 2024



# पूर्णिया में कंधे पर बैठाकर मां दुर्गा को दी विदाई: 3 किमी की निकली विसर्जन यात्रा

## 110 साल पुरानी परंपरा को आज भी निभा रहे श्रद्धालु



**पूर्णिया,एजेंसी।** दुर्गा पूजा विजयादशमी के साथ संपन्न हो गया। 9 दिनों की आराधना के बाद मां दुर्गा को लोगों ने विदाई दी। 110 साल पुरानी परंपरा को कायम रखते हुए लोग मधुबनी स्थित दुर्गा मंदिर से देवी की प्रतिमा को कंधे पर लेकर विसर्जन के लिए निकले। विसर्जन यात्रा में हजारों लोग शामिल हुए, जो देवी दुर्गा की प्रतिमा को कंधे पर लेकर मधुबनी दुर्गा स्थान से चूनापुर घाट पहुंचें। 3 किलोमीटर लंबी विदाई यात्रा में कुछ लोग भक्ति में डूबे नजर आएं, तो वहीं कुछ लोग भावुक दिखाई दिए। गाजे-बाजे के साथ बाड़ीहाट की देवी दुर्गा की प्रतिमा को विदाई गई है। इसमें हजारों लोग शामिल रहे। पूजा-अर्चना और महाआरती के बाद मधुबनी दुर्गा मंदिर से देवी दुर्गा को विदाई दी गई। विसर्जन यात्रा को देखने और इसमें शामिल होने शहर के कोने- कोने से हजारों लोग मधुबनी दुर्गा स्थान पहुंचे। मां की प्रतिमा को कंधे पर लोग दुर्गा मंदिर से चूनापुर घाट के लिए निकले। लोग 3 किलोमीटर यात्रा में पूरे रास्ते जय कारा शेरोवाली दा, जय माता दी, बोल सांचे दरबार की जय के जयकारे लगाते दिखाई दिए।

### माता की आरती उतारी और चुनरी चढ़ाई

देवी दुर्गा की विसर्जन यात्रा जिन रास्तों से होकर गुजरी उसके दोनों ओर लोगों की भारी भीड़ जुटी रही। कोई हाथों में फूल लिए पुष्प वर्षा करता दिखाई दिया, तो किसी ने मां की आरती की और चुनरी चढ़ाई। विसर्जन यात्रा मधुबनी दुर्गा मंदिर रोड से चूनापुर घाट पहुंची। जहां मां दुर्गा को विदाई दी गई और सुख समृद्धि की कामना की। मधुबनी में 1917 से ही मां दुर्गा की प्रतिमा बैठाई जा रही है। यहां बंगाली विधि विधान से पूजा की परंपरा है।

### 12 लाख रुपए खर्च किए गए

इस बार मधुबनी स्थित दुर्गा मंदिर में समिति की ओर से भव्य पूजा पंडाल का निर्माण कराया गया। बंगाल से आए कई कारीगरों और कलाकारों ने मां दुर्गा की प्रतिमा और पंडाल को तैयार किया। इसपर 12 लाख रुपए खर्च किए गए। यहां मां दुर्गा की एक मुरादी प्रतिमा स्थापित है। शारदीय नवरात्रि में भक्तों की भारी भीड़ इस मंदिर में उमड़ती है।

### सौरा घाट पर मां दुर्गा को विदाई दी गई

शहर के प्रसिद्ध पूजा पंडालों में से एक बाड़ीहाट की मां दुर्गा की प्रतिमा को भी लोगों ने विदाई दी। विदाई यात्रा में न सिर्फ पुरुष बल्कि बड़ी तादाद में महिलाएं भी शामिल हुईं। बाड़ीहाट में हजारों लोग उमड़े। भक्ति गीतों पर मां दुर्गा की विसर्जन यात्रा निकाली गई। विसर्जन यात्रा में लोग दुर्गा महारानी की जय, जय माता दी के जयकारे लगाते रहे। पूर्णिया सिटी स्थित सौरा घाट पर मां दुर्गा को विदाई दी गई। भक्तों ने जय माता दी के जयकारे के साथ अगले साल फिर आने का न्योता दिया। शहर में सहायक खजांची हाट थाना क्षेत्र के बाड़ीहाट इलाके में स्थित बाड़ीहाट दुर्गा मंदिर पूजा पंडाल शहर के प्राचीन और प्रमुख पूजा पंडाल में से एक है। बाड़ीहाट में साल 1966 से दुर्गा पूजा की परंपरा कायम है। इस बार बाड़ीहाट दुर्गा पूजा समिति की ओर से 10 लाख रुपए खर्च किए गए। पंडाल के फ्लेक्स पर मां दुर्गा के नौ रूप का चित्रण किया गया।

## 70 फिट के रावण का दहन, 20 हजार लोग शामिल



**बांका,एजेंसी।** बांका के नवादा थाना क्षेत्र स्थित वैष्णवी दुर्गा मंदिर रानीटीकर मैदान परिसर में दशहरा के मौके पर आतिशबाजी के बीच रावण दहन हुआ। मुकेश सिंह उर्फ विनोद सिंह ने रावण का दहन किया। इस दौरान बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक मानकर रावण का दहन किया गया। इस बार रावण दहन में पुतले का कद 70 फीट का था। इसके साथ ही आकर्षक आतिशबाजी भी की गई। तेज धमाकों के साथ रावण के दस सिर व तेज गर्जना के साथ रावण का पुतला धू-धू कर जल उठा। इसके पहले साउंड बॉक्स के माध्यम से निकाले गए रावण और राम के आवाजों से गूंज उठा। रावण का पुतला दहन होते ही जय श्री राम से मैदान गूंज उठा। इसको लेकर मौके पर पुलिस प्रशासन के कड़े इंतजाम थे। 20 हजार से अधिक लोग रावण दहन को देखने के लिए पहुंचे हुए थे।

मौके पर पुलिस इंस्पेक्टर रंजीत कुमार, नवादा थाना अध्यक्ष पंकज किशोर, धनकुंड थानाध्यक्ष मंटू कुमार, शिवमणि के सचिव शिवपूजन सिंह सहित काफी संख्या में पुलिस प्रशासन उपस्थित थे। रावण दहन के मौके पर पुलिस प्रशासन के साथ अग्निशमन वाहन, आपदा मित्र सहित सुरक्षा के कड़े व्यवस्था रही। वैष्णवी दुर्गा मंदिर रानीटिकर पूजा समिति के सभी अधिकारी उपस्थित थे। वही रजौन के नवादा थाना अंतर्गत रानीटीकर गांव में 20 हजार से ऊपर ग्रामीण रावण दहन देखने के लिए पहुंचे थे।

## संक्षिप्त समाचार

### पटना में तेज रफ्तार कार डिवाइडर से टकराकर पलटी : हादसे में एक बच्चा और महिला घायल



**पटना,एजेंसी।** पटना में मरीन ड्राइव पर तेज रफ्तार कार डिवाइडर से टकराकर पलट गई। हादसे में कार सवार 2 लोग घायल हो गए। घायलों में एक बच्चा और महिला शामिल है। इलाज के लिए पीएमसीएच में भर्ती कराया गया है। ओवरटेक करने के दौरान हादसा हुआ है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि कार ओवर स्पीड थी। 120-130 किलोमीटर प्रति घंटे का अनुमान है। ओवर स्पीड के कारण चालक का संतुलन बिगड़ा और डिवाइडर के पास गाड़ी पलट गई। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। आनन-फानन में घायलों को गाड़ी से बाहर निकाला। वहीं, गांधी मैदान ट्रैफिक थानेदार ब्रजेश कुमार चौहान ने बताया कि जानकारी मिलते ही पुलिस और एंबुलेंस मौके पर पहुंच गई थी। घायलों को पीएमसीएच में एडमिट कराया गया है। फिलहाल स्थिति सामान्य है। क्षतिग्रस्त गाड़ी को सड़क किनारे से हटा दिया गया है।

### मधुबनी में लोक नृत्य के साथ मनाया गया विजयादशमी, लोगों में दिखा उत्साह




**मधुबनी,एजेंसी।** मधुबनी में भारत और नेपाल के मिथिला क्षेत्र का एक प्रमुख सांस्कृतिक लोक नृत्य झिझिया से दशहरा उत्सव मनाया गया। इस दौरान नृत्य कर रही महिलाओं ने मां दुर्गा के प्रति भक्ति को तो दिखाया ही साथ ही बच्चों और समाज को चुड़ैलों और काले जादू से बचाने के लिए मां की आराधना की। नृत्य में लड़कियों ने भी बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। नृत्य में लड़कियां ने अपने सिर पर छोटे-छोटे छेद वाले घड़े में जलता दीपक रखकर नृत्य किया। मालूम हो कि कलश स्थापना के दिन से लेकर विजय दशमी तक लगातार दस दिनों तक नृत्य किया जाता है। काली मंदिर परिसर में आयोजित दुर्गा पूजा में बच्चों ने झिझिया और गरबा नृत्य भी किया। लोगों ने इसकी काफी सराहना की और झिझिया नृत्य को देखा।

### सहरसा में मोमबत्ती से घर में लगी आग, फायर ब्रिगेड की टीम ने पाया काबू, एक लाख का नुकसान

**सहरसा,एजेंसी।** सहरसा नगर निगम के वार्ड 39 में गांधी पथ मोहल्ले में एक घर में अचानक आग लग गई। आग लगने से घर में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया। वहीं आग में एक लाख से अधिक का नुकसान होने का अनुमान लगाया जा रहा है। आग लगने का कारण घर में जल रहा मोमबत्ती बताया जा रहा है। हालांकि अग्निशमन टीम ने मौके पर पहुंचकर आग को आधा घंटे में बुझा दिया।

# बिहार में बदलेगा मौसम, अब ठंड की होगी एंट्री: रात के तापमान में गिरावट आएगी



**पटना,एजेंसी।** बिहार में अब ठंड की एंट्री होने वाली है। आज प्रदेश के किसी भी जिले में बारिश होने की संभावना नहीं है। सभी जिलों में मौसम शुष्क बना रहेगा। इस दौरान दिन के तापमान में सामान्य से 1 से 2 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी देखने को मिलेगी। जबकि, रात के तापमान में गिरावट आएगी। हालांकि, 18 अक्टूबर को 11 जिलों में बारिश की संभावना है। पिछले 24 घंटे के दौरान बांका जिले का तापमान सबसे ज्यादा 34.6 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। इसके अलावा पटना का अधिकतम तापमान 31.4 डिग्री दर्ज किया गया।

मौसम वैज्ञानिक एसके पटेल के अनुसार पिछले 24 घंटे के दौरान मौसम शुष्क बना रहा है। तापमान में गिरावट देखने को मिल रही है, लेकिन अभी भी तापमान सामान्य से एक से दो डिग्री सेल्सियस अधिक है। बिहार के ऊपर कोई मौसमी गतिविधि नहीं है, जिसके कारण आज मौसम शुष्क बना रहेगा और कई जिलों में बादल छाए रहने का पूर्वानुमान है। वहीं, बिहार के निचले इलाकों से पश्चिमी हवा ऊपर की ओर आ रही है, जिसके कारण अब धीरे-धीरे तापमान में कमी आने की संभावना है।

### बिहार में कब होगी ठंड की एंट्री

पटना मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार आने वाले दो-तीन हफ्तों में रात के तापमान में धीरे-धीरे गिरावट देखने को मिलेगी। दिन के तापमान में थोड़ी बढ़ोतरी हो सकती है। उसके कारण लोग उमस से परेशान हो सकते हैं। वहीं, आने वाले कुछ दिनों में राज्य में पछूआ हवा की एंट्री पूरी तरीके से हो जाएगी। जिसके कारण ठंड का माहौल बनेगा। ऐसे में उम्मीद जताई जा रही है कि दिवाली और छठ महापर्व के करीब ठंड की शुरुआत हो सकती है।

**18 अक्टूबर को इन जिलों में बारिश होने की संभावना :** मौसम विभाग द्वारा जारी अपडेट के अनुसार 18 अक्टूबर को सुपौल, अररिया, किशनगंज, मधेपुरा, पूर्णिया, सहरसा, कटिहार, भागलपुर, जमुई, मुंगेर और बांका जिले के एक या दो स्थानों पर बारिश हो सकती है।



# बाढ़ में महिला से छेड़छाड़ के बाद बवाल,2 गुट आपस में भिड़े

**जमकर हुई मारपीट, 4 महिला समेत 9 लोग घायल**

**पटना ,एजेंसी।** बाढ़ थाना क्षेत्र के विकास नगर में महिला से छेड़खानी को लेकर जमकर बवाल हुआ। 2 पक्ष आपस में भिड़ गए। मारपीट में दोनों पक्ष के 9 लोग घायल हो गए। घायलों में एक गर्भवती महिला भी शामिल है। सभी को इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### घर लौटते समय 3 लोगों ने की छेड़खानी

पीड़िता ने बताया कि चोन्दी मोहल्ले में पति के साथ किराए के घर में रहती हूं। विजयादशमी के दिन पति, बच्चों और परिजनों के साथ मेला घूमने पंचशील नगर आई थी। घर लौटते समय 3 लोगों ने छेड़खानी की। विरोध करने पर पति के साथ मारपीट करने लगे। मेरा मायके पास में ही है। बच्चों ने घटना की सूचना परिजनों को दी, जिसके बाद सभी मौके पर पहुंचे। पीड़िता के भाई ने बताया कि जब हमलोग घटनास्थल पर पहुंचे तो 10 से 12 लोग मेरे बहनोई के साथ मारपीट कर रहे थे। हमलोगों से भी भिड़ गए। मारपीट में अक्षय कुमार, गौरव कुमार, सौरव कुमार, राहुल कुमार, मिथुन कुमार घायल हो गए।

### गर्भवती महिला के साथ भी मारपीट

वहीं, दूसरे पक्ष के बिट्टू ने बताया कि हमलोग आपस में बातचीत कर रहे थे। महिला को लगा को उनके बारे में बात कर रहे हैं। इस बीच अचानक महिला के समर्थन में कुछ लोग पहुंच गए और और मारपीट शुरू कर दी। बीच-बचाव में कुसुम देवी, शर्मीला देवी, सुशीला देवी और पम्मी कुमारी घायल हो गईं। पम्मी कुमारी प्रेग्नेंट है, उसे भी नहीं छोड़ा।

### घायलों को अस्पताल में कराया भर्ती

मामले की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। सभी को अस्पताल में भर्ती कराया। अस्पताल में मौजूद बाढ़ थाना के एएसआई धर्मेंद्र कुमार ने इस मामले में कुछ भी बोलने से इनकार कर दिया।

## अपराध की योजना बनाते 4 आरोपी गिरफ्तार : कटिहार में पुलिस ने 12 जिंदा कारतूस, 3 मोबाइल, 3 मोटरसाइकिल किया बरामद, भेजा जेल

**कटिहार,एजेंसी।** कटिहार के सहायक थाना की पुलिस ने लंगड़ा बागान साहेबपाड़ा से 4 अपराधियों को एक पिस्टल, 12 जिंदा कारतूस, 3 मोबाइल और 3 मोटरसाइकिल के साथ किया गिरफ्तार कर लिया है। सहायक थाना अध्यक्ष पंकज प्रताप ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि कुछ अपराधी हथियार के साथ किसी आपराधिक घटना की योजना बना रहे है। इसकी जानकारी वरीय पुलिस पदाधिकारियों को दिया गया और वरीय पुलिस पदाधिकारियों के निर्देश पर एक टीम का गठन करते हुए छापेमारी की गई। छापेमारी में 4 अपराधी को एक पिस्टल, 12 जिंदा कारतूस, 3 मोबाइल, 3 मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार अपराधियों में सूरज सिंह पिता संजय सिंह, प्रशांत श्रीवास्तव उर्फ गोल्डी पिता श्रीकांत श्रीवास्तव साकिन, विशाल कुमार हाड़ी उम्र 26 साल पिता संजय हाड़ी और उज्जवल झा पिता राजेश कुमार झा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। इनका आपराधिक इतिहास भी खंगाला जा रहा है।

# दो सड़क हादसों में 1 की मौत, 7 घायल

## भागलपुर में ऑटो बाइक की टक्कर, महिला को बाइक सवार ने रौंद डाला

**भागलपुर,एजेंसी।** भागलपुर में दो अलग-अलग जगहों पर सड़क दुर्घटनाओं में सात जख्मी हुए और एक की मौत हुई है। पहली घटना शाहकुंड थाना क्षेत्र के किरणपुर मोड़ के समीप की है। जहां बाइक और ऑटो की टक्कर में 7 लोग हुए गंभीर रूप से जख्मी हो गए। घायलों में ऑटो सवार लक्ष्मीपुर गांव निवासी गुलशन सागर, सुदर्शन कुमार, श्वेता कुमारी, लता कुमारी, प्रीति कुमारी व रोहित यादव और बाइक सवार लोगांय गांव निवासी शिव कुमार शामिल है। सभी घायलों का प्राथमिक उपचार रेफरल अस्पताल में डॉ. ज्योति भारती ने किया। गुलशन सागर अपने भाई बहन और बहनोई के साथ ऑटो से मेला देख कर वापस लौट रहे थे। शिवकुमार बाइक से शाहकुण्ड की तरफ जा रहे थे। तभी किरणपुर मोड़ के पास बाइक-ऑटो की टक्कर हो गई। मौके से एंबुलेंस ने सभी जख्मियों को अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सक ने सभी को बेहतर इलाज के लिए भागलपुर मायागंज अस्पताल रेफर कर दिया।

### बाइक ने महिला को मार दी टक्कर

दूसरी तरफ भागलपुर- अमरपुर मुख्य मार्ग में कुल्हड़िया रोड के समीप एक महिला को तेज रफ़्तार बाइक ने टक्कर मार दी। जिससे महिला की मौके पर मौत हो गई। स्थानीय ग्रामीणों ने उठाकर रेफरल अस्पताल लाया। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। घटना रतनगंज बाजार स्थित सैदा पोखर के समीप की है। स्थानीय लोगों ने बताया कि महिला प्रतिदिन मंदिर के पास से फूल तोड़कर पूजा करती थी। मृत महिला रतनगंज गांव निवासी बंशीधर शाह की पत्नी है। परिजन को खबर मिलते ही परिवार के सदस्यों में चिख पुकार मच गई है।



# बेगूसराय में प्लास्टिक फैक्ट्री में लगी भीषण आग, 1 करोड़ की संपत्ति जलकर राख





## कैसे हुआ हादसा

**बेगूसराय ,एजेंसी।** बिहार के बेगूसराय में भीषण आगलगी में एक करोड़ से अधिक की संपत्ति जलकर राख हो गई। इंडस्ट्रियल एरिया स्थित एक प्लास्टिक की बोतल फैक्ट्री में अहले सुबह आग लग गई। घटना रिफाइनरी थाना क्षेत्र के मोसादपुर औद्योगिक क्षेत्र की बताई जा रही है। फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंचकर घंटों की मशक्कत के बाद आग को बुझाने में कामयाबी हासिल की।

लेकिन इससे पहले पूरी फैक्ट्री जलकर राख हो गई। आग की लपटें इतनी तेज थी कि आसपास उठ रही गुबार से लोग दहशत में आ गए। जानकारी के मुताबिक जिस फैक्ट्री में आगलगी की घटना हुई उसमें प्लास्टिक की बोतल, ढक्कन और अन्य प्रकार के बर्तनों का उत्पादन होता है। फैक्ट्री में कच्चा माल से लेकर तैयार माल तक सबकुछ ज्वलनशील ही था। इस वजह से तेजी से आग फैलने लगी।

लेकिन स्थानीय लोगों और फैक्ट्री मालिक की सूचना पर फायर फाइटिंग टीम बहुत जल्दी से मौके पर पहुंच गई। लोग बता रहे थे कि समय पर दमकल बुलाकर आग बुझाने का काम शुरू नहीं होता तो हादसा और बड़ा हो सकता था। यह औद्योगिक क्षेत्र है जहां अन्य कई फैक्ट्रियां हैं जिनमें आग लग सकती थी। लेकिन फायर ब्रिगेड और स्थानीय पुलिस टीम की तत्परता से बड़ा हादसा टल गया। आग को एक फैक्ट्री के अंदर ही रोक लिया गया। इस घटना में किसी जान के नुकसान की कोई सूचना नहीं दी गई है।

फैक्ट्री में काम करने वालों ने बताया कि इस घटना में कंपनी का भारी नुकसान हुआ है। लगभग एक लाख की संपत्ती जलकर राख हो गई। हालांकि अग्निशाम विभाग द्वारा आग से क्षति का आकलन किया जा रहा है। आग लगने के कारणों को लेकर ठोस जानकारी नहीं दी गई है। कुछ लोगों का कहना है कि शॉट सर्किट की वजह से आग लगने की घटना हुई है। मामले में प्रशासन के स्तर पर जांच की जा रही है। अन्य फैक्ट्रियों में फायर फाइटिंग की व्यवस्था का ऑडिट किया जा रहा है।

हिन्दी दैनिक
राष्ट्रीय मुख्यधारा
RNI : JHAHIN/2014/54374
अख़बार भी, आन्दोलन भी
बोकारो, सोमवार, 14 अक्टूबर, 2024



# बाबा सिद्दीकी हत्याकांड: यूपी के बहराइच जिले के हैं दो शूटर, रोजी-रोटी की तलाश में गए थे मुंबई



**बहराइच , एजेंसी।** मुंबई में हुए बाबा सिद्दीकी हत्याकांड में यूपी के दो शूटरों का नाम सामने आ रहा है। इस घटना में शामिल धर्मराज कश्यप और शिव कुमार उर्फ शिवा गौतम दोनों कैसरगंज कोतवाली के गंडारा गांव के रहने वाले थे। दोनों परिवार के भरण पोषण के लिए मुंबई कमाने गए थे। एसपी वृंदा शुक्ला ने बताया की दोनो का कोई आपराधिक रिकॉर्ड नहीं है। यह दोनों ही सामान्य परिवार के लोग हैं। अभी तक नियमित रूप से यह परिवार के साथ जुड़े हुए भी थे। पुलिस घर पहुंचकर परिवार से बात कर रही है। साथ ही यह जानने की कोशिश कर रही है कि इस घटना के बारे में परिवार के पास क्या जानकारी है।

**शनिवार रात हुई थी हत्या:** महाराष्ट्र में अजित पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के नेता बाबा सिद्दीकी की शनिवार रात गोली मारकर हत्या कर दी गई। मुंबई पुलिस ने इस मामले में दो संदिग्धों को गिरफ्तार किया है। इस बीच, इस हत्याकांड को लेकर नया दावा सामने आया है। रिपोर्ट्स में दावा किया है कि हमलावरों ने बाबा सिद्दीकी की हत्या के लिए पटाखों का फायदा उठाया। दरअसल, दशहरे के मौके पर जब बाबा सिद्दीकी अपने बेटे जीशान के ऑफिस के बाहर पटाखे फोड़ रहे थे तभी उनकी हत्या की गई।

**यूपी एसटीएफ को किया अलर्ट:** मुंबई में पूर्व विधायक बाबा सिद्दीकी की हत्या करने वाला धर्मराज कश्यप बहराइच का रहने वाला है। अपने कुछ महीनों पहले अपने साथी शिवाा गौतम के साथ मुंबई काम तलाशने गया था। मुंबई में हुए इस हाईप्रोफाइल मर्डर में उसका नाम सामने आने के बाद बहराइच पुलिस ने उसके बारे में छानबीन की तो कोई पुराना आपराधिक इतिहास नहीं मिला। फिलहाल पुलिस उसके बारे में गहनता से पता लगा रही है। वहीं दूसरी ओर बाबा सिद्दीकी की हत्या का यूपी लिंक सामने आने के बाद एसटीएफ की सारी यूनिट्स को अलर्ट कर दिया गया है। दरअसल, वारदात में शामिल एक शूटर मौके से भाग गया था। बाबा सिद्दीकी की हत्या के लिए यूपी के अंडरवर्ल्ड की मदद लेने की आशंका जताई जा रही है, जिसकी वजह से एसटीएफ इसकी टोह लेने में जुट गई है। एडीजी कानून-व्यवस्था अमिताभ यश ने बताया कि अभी मुंबई पुलिस ने एसटीएफ से संपर्क नहीं किया है, लेकिन धर्मराज और उसके साथी के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। दरअसल, एसटीएफ को शक है कि धर्मराज किसी संगठित गिरोह से जुड़ा था, जिसके बाद उसे किसी खास काम से मुंबई भेजा गया। दरअसल, वारदात के दौरान धर्मराज का किसी पेशेवर शूटर की तरह पिस्टल से ताबड़तोड़ गोलियां बरसाना उसके किसी गिरोह से जुड़े होने का संदेह पुख्ता कर रहा है।

**मजदूरी करने गया था:** हमारे बहराइच कार्यालय के अनुसार धर्मराज कश्यप और शिवा गौतम कैसरगंज कोतवाली के गंडारा गांव के रहने वाले हैं। एसपी बहराइच वृंदा शुक्ला ने बताया कि दोनों का कोई आपराधिक रिकॉर्ड फिलहाल नहीं मिला है। दोनों सामान्य परिवार के हैं और मजदूरी करने मुंबई गए थे। दोनों के बारे में सारी जानकारियां जुटाई जा रही हैं। शिव कुमार गौतम उर्फ शिवा गौतम पुत्र बालकिशुन उर्फ ननकुन्ने। शिवा दो भाइयों में छोटा भाई है। पिता खेती और मजदूरी करके जीवन यापन करते हैं। शिवा की शादी नहीं हुई है। धर्मराज कश्यप पुत्र राधे कश्यप, छः भाइयों में सबसे छोटा भाई है। पिता मछली बेचता है और बड़ा भाई मछली भी बेचता है। दूसरा भाई ठेला लगाता है। तीसरा भाई कपड़े की दुकान पर मजदूरी करता है साथ ही और भी भाई मजदूरी करते हैं। चार बड़े की भाई शादी हो गई है। धर्मराज और एक और भाई की शादी नहीं हुई है। इन लोगों के पास खेती न के बराबर है।

## बाबा सिद्दीकी हत्याकांड: यूपी एसटीएफ को किया गया अलर्ट, शूटरों के संगठित गिरोह से जुड़े होने की भी आशंका

**लखनऊ , एजेंसी।** महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री और एनसीपी अजीत गुट के बड़े नेता बाबा सिद्दीकी की मुंबई के बांद्रा ईस्ट में गोली मारकर हत्या कर दी गई। मुंबई पुलिस ने इस मामले में दो संदिग्धों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार संदिग्ध गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई गैंग के हैं। सूत्रों का कहना है गिरफ्तार किए गए दोनों संदिग्धों ने खुद ये दावा किया है। हालांकि अभी तक इस हत्याकांड की जिम्मेदारी किसी ने नहीं ली है। इस हत्याकांड में यूपी का कनेक्शन भी सामने आ गया है। हत्याकांड में शामिल धर्मराज कश्यप और शिव कुमार उर्फ शिवा गौतम दोनो कैसरगंज कोतवाली के गंडारा गांव के रहने वाले थे। कुछ महीनों पहले अपने साथी शिवाा गौतम के साथ मुंबई काम तलाशने गया था। मुंबई में हुए इस हाईप्रोफाइल मर्डर में उसका नाम सामने आने के बाद बहराइच पुलिस ने उसके बारे में छानबीन की तो कोई पुराना आपराधिक इतिहास नहीं मिला। फिलहाल पुलिस उसके बारे में गहनता से पता लगा रही है।

**अलर्ट मोड पर एसटीएफ:** वहीं दूसरी ओर बाबा सिद्दीकी की हत्या का यूपी लिंक सामने आने के बाद एसटीएफ की सारी यूनिट्स को अलर्ट कर दिया गया है। दरअसल, वारदात में शामिल एक शूटर मौके से भाग गया था। बाबा सिद्दीकी की हत्या के लिए यूपी के अंडरवर्ल्ड की मदद लेने की आशंका जताई जा रही है, जिसकी वजह से एसटीएफ इसकी टोह लेने में जुट गई है। एडीजी कानून-व्यवस्था अमिताभ यश ने बताया कि अभी मुंबई पुलिस ने एसटीएफ से संपर्क नहीं किया है, लेकिन धर्मराज और उसके साथी के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। दरअसल, एसटीएफ को शक है कि धर्मराज किसी संगठित गिरोह से जुड़ा था, जिसके बाद उसे किसी खास काम से मुंबई भेजा गया। दरअसल, वारदात के दौरान धर्मराज का किसी पेशेवर शूटर की तरह पिस्टल से ताबड़तोड़ गोलियां बरसाना उसके किसी गिरोह से जुड़े होने का संदेह पुख्ता कर रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### एक्सिस बैंक से दिनदहाड़े 40 लाख रुपये लूटने वाला बदमाश गिरफ्तार, कब्जे से 30 लाख रुपये बरामद

**शामली , एजेंसी।** शामली में कोतवाली क्षेत्र के धीमानपुरा में स्थित एक्सिस बैंक में एक अक्तूबर को तमंचे के बल पर एक बदमाश 40 लाख रुपये लूट कर फरार हो गया था। खुलासे के लिए एसपी द्वारा आठ टीमों का गठन किया गया। इसके अलावा एसटीएफ एवं सहारनपुर एवं मुजफ्फरनगर की एसओजी भी मामले के खुलासे में लगी थी। रविवार को शहर कोतवाली पुलिस को बड़ी सफलता मिली। 40 लाख रूपये लूटने वाले बदमाश को गिरफ्तार कर लिया गया। बदमाश पर 25 हजार रूपये का इनाम घोषित था। पुलिस ने गांव लिलोन निवासी परमजीत को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने कब्जे से करीब 30 लाख रूपये बरामद किया है। सदर कोतावली के गांव लिलोन घर से गिरफ्तार किया है। डीआईजी सहारनपुर रेंज दोपहर तीन बजे प्रेस वार्ता कर करेंगे मामले का खुलासा।

### पत्नी के सामने पति की पिटाई...पुलिसकर्मियों को नहीं आया रहम

**आगरा , एजेंसी।** मथुरा के कोसीकलां में पत्नी के साथ काली मेला देखने गए पति की पुलिसकर्मियों ने धुनाई लगा दी, जिससे युवक के कान का परदा फट गया। चिकित्सकीय परीक्षण कराने सीएचसी गए युवक से पुलिसकर्मी चिट्ठी मंजनून छीन ले गए। घायल युवक को उपचार के लिए भर्ती कराया गया। पूरे मामले का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जानकारी के अनुसार गोपाल नगर निवासी अमित वर्मा अपनी पत्नी दुर्गेश के साथ रविवार की रात बल्देवगंज चौराहे पर काली मेला देखने आया था। वहां भीड़ का दबाव अधिक होने के चलते पुलिसकर्मी भीड़ को तितर-बितर कर रहे थे, तभी एक सिपाही ने अमित से मारपीट कर दी। मारपीट होते देख वहां अन्य पुलिसकर्मी आ गए और अमित पर टूट पड़े। वहां खड़ी पत्नी मदद की गुहार लगाती रही, लेकिन पुलिसकर्मी हैवान बन गए।

### गंगा के कछला घाट पर दुर्गा मूर्ति विसर्जन के दौरान डूब गया युवक, मौत से परिजनों में मचा कोहराम

**आगरा , एजेंसी।** कासगंज के कछला घाट पर रविवार सुबह दुर्गा मूर्ति विसर्जन करते समय गहरे पानी में जाने से डूबकर युवक की मौत हो गई। मौके पर मौजूद गोताखोरों की टीम तलाश में जुट गई। जब तक उसे बाहर निकाला गया, मौत हो चुकी थी। जनपद फिरोजाबाद के थाना टूंडला में मनी की मढ़ैया निवासी मदन निषाद (25) पुत्र महेन्द्र सिंह अपने साथियों सहित शनिवार रात दुर्गा मूर्ति विसर्जन करने कछला गंगाघाट पर आये थे। रविवार सुबह पूजा पाठ और आरती करने के बाद मूर्ति विसर्जन करने गंगा में गहरे पानी में चले गए। गहरे पानी में जाने से मदन का पैर फिसलने से वह गंगा में डूब गए। कुछ देर की मशक्कत के बाद स्थानीय गोताखोर सुधीश, ओमकार, राजकुमार, इश्तहाक व शमीर आदि ने शव को ढूंढ निकाला। मदन को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उझानी ले गए, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। भूरी सिंह पुत्र रामकिशन ने बताया कि मृतक ऑटो चलाने का कार्य करता था और अविवाहित था।

### फिरोजाबाद पुलिस की हिस्ट्रीशीटर लुटेरे से मुठभेड़, पैर में लगी गोली...नाम दर्ज हैं 30 मुकदमे

**आगरा , एजेंसी।** फिरोजाबाद पुलिस ने मैनपुरी के हिस्ट्रीशीटर लुटेरे को मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की गोली लगने से आरोपी घायल हो गया। घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस हिस्ट्रीशीटर पर मैनपुरी, एटा और फिरोजाबाद में 30 से अधिक मुकदमे दर्ज हैं। एसपी ग्रामीण फ़िरोज़ाबाद अखिलेश भदौरिया ने बताया कि 3 अक्तूबर को थाना सिरसागंज में बाइक चोरी के मामले में एक मुकदमा पंजीकृत कराया गया था। चोरी की घटना के संबंध में दो पुलिस टीमों का गठन किया गया था। शनिवार रात को मुखबिर की सूचना पर सिरसागंज पुलिस ने कार्रवाई की।

# सीएम योगी ने कहा- जमीन पर अवैध कब्जे, लोगों को उजाड़ने वाले बख्शे न जाएं; 300 लोगों की सुनी शिकायतें



**गोरखपुर , एजेंसी।** शारदीय नवरात्र और विजयादशमी पर्व के उपलक्ष्य में लगातार तीन दिन आनुष्ठानिक कार्यक्रमों में अति व्यस्तता के बाद आराम करने की बजाय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार सुबह जन समस्याओं के निस्तारण को प्राथमिकता दी।

गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन के दौरान मुख्यमंत्री ने लोगों से मुलाकात की, उनकी समस्याएं सुनीं और निस्तारण के लिए अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए। जनता दर्शन में सीएम योगी ने अधिकारियों को दो टूक हिदायत दी है कि किसी की जमीन पर अवैध कब्जा करने वाले, कमजोरों को उजाड़ने वाले किसी भी सूरत में बख्शे न जाएं। उनके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। जो लोग किन्हीं कारणों से सरकार की योजनाओं के लाभ से वंचित हैं, उन्हें इसका लाभ दिलाएं। सरकार किसी के भी साथ अन्याय नहीं होने देने और हर नागरिक के जीवन में खुशहाली लाने को प्रतिबद्ध है। सीएम योगी ने रविवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन के दौरान करीब 300 लोगों से मुलाकात की। गोरखनाथ मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सामने कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक वह खुद पहुंचे और एक-एक करके सबकी समस्याएं सुनीं। सबके प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए त्वरित और संतुष्टिपरक निस्तारण का निर्देश देने के साथ लोगों को भरोसा दिलाया कि सरकार हर पीड़ित की समस्या का समाधान कराने के लिए दृढ़ संकल्पित है। मुख्यमंत्री के समक्ष जनता दर्शन में हर बार की भांति इस बार भी कई लोग इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे थे। सीएम योगी ने उन्हें आश्वस्त किया कि सरकार इलाज के लिए भरपूर मदद करेगी। उनके प्रार्थना पत्रों को अधिकारियों को हस्तगत करते हुए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि इलाज से जुड़ी इस्टीमेट की प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूर्ण करा कर शासन में उपलब्ध कराया जाए। राजस्व व पुलिस से जुड़े मामलों को मुख्यमंत्री ने पूरी पारदर्शिता व निष्पक्षता के साथ निस्तारित करने का निर्देश देते हुए कहा कि किसी के साथ भी नाइंसाफी नहीं होनी चाहिए। हर पीड़ित के साथ संवेदनशील व्यवहार अपनाते हुए उसकी मदद की जाए। जनता दर्शन में कुछ महिलाएं अपने बच्चों के साथ आई थीं। मुख्यमंत्री ने इन बच्चों को खूब पढ़ने के लिए प्रेरित किया और चॉकलेट गिफ्ट करते हुए प्यार व आशीर्वाद दिया।

# रावण के पुतले में आग लगते ही कानपुर में गूंजा जय श्री राम

## हर दशहरे मेले में सुरक्षा के भी रहे कड़े इंतजाम

सुनील बाजपेई

**कानपुर।** यहां बुराई के खिलाफ अच्छाई की जीत का प्रतीक दशहरे का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान परेड, शास्त्री नगर, गोविंद नगर और किदवई नगर के दशहरा मेले में जमकर भीड़ भी हुई। जगह-जगह लोग खरीदारी करते दिखे तो वहीं होटल, रेस्टोरेंट और ठेले में लोग अलग-अलग तरह की चीज का स्वाद लेते हुए दिखाई दिए। लगभग हर मेले में लोगों के रामलीला का मंचन भी खूब पसंद आया। रावण वध का मंचन भी हर जगह लगभग सजीव नजर आया। रावण के पुतले में जैसे ही आग लगाई गई। पूरा पंडाल जय श्री राम के नारों से गूंज उठा। कहीं-कहीं पर लंका दहन, कुंभकरण वध, मेघनाथ वध का भी शानदार मंचन हुआ। लोगों ने जलते हुए रावण के पुतले को अपने मोबाइल पर भी कैद किया। इस दौरान कल्याणपुर ,बिधनू , परेड , किदवई नगर , घाटमपुर ,बिठूर और बिल्हौर क्षेत्र में लगने वाले मेले में कुछ अराजक तत्वों ने शांति भंग करने की भी कोशिश की ,जिसे पुलिस ने विफल कर दिया। वहीं मारपीट की कुछ घटनाओं में कुछ युवकों को हिरासत में भी लिया गया। सुरक्षा के लिए बड़ी संख्या में पुलिस बल भी यहां हर मेले में लगातार सक्रिय रहा।

# बाइक स्टंट में गई जान: पुल से नीचे गिरे दो युवक, एक की मौत, दूसरे की हालत गंभीर

## खाली सड़क पर लगा रहे थे रेस

**वाराणसी , एजेंसी।** सारनाथ के पुरानापुल चौकी अंतर्गत नाले पर बने पुलिया से टकराकर बाइक सवार नाले में गिर गए, जिससे मौके पर ही एक युवक की मौत हो गई तो दूसरा युवक घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा तो वहीं घायल को पंडित दीनदयाल अस्पताल उपचार के लिए भेजा।

बीती रात लगभग 2:30 बजे आशापुर की तरफ पुरानापुल की ओर तीन से चार बाइक पर 6 से 7 युवक आपस में तेज गति से रेस लगा रहे थे। इसी दौरान पल्सर सवार एक युवक पुराना पुल चौकी से लगभग 200 मीटर पहले बाईं ओर बने पुलिया से टकरा गया। हादसे में बाइक के साथ दोनों युवक लगभग 10 फीट गहरे नाले में जा गिरे, जिससे बाइक चला रहा सूर्या चौहान (21) पिता राजन निवासी बजरडीहा थाना भेलूपुर की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, बाइक पर बैठे दूसरे युवक मक्खन (19) निवासी रामलीला मैदान खोजवां (भेलूपुर) गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे स्थानीय लोगों के मदद से पुलिस ने पंडित दीनदयाल अस्पताल उपचार के लिए भेजा।

थाना प्रभारी परमहंस गुप्ता ने बताया कि रात लगभग 2:30 बजे तीन से चार मोटरसाइकिल पर युवक आपस में रेस लगा रहे थे। इसी बीच, एक बाइक गहरे नाले में गिर गई, जिससे मौके पर एक युवक की मौत हो गई। शव को कब्जे में लेकर मृतक के परिजनों को सूचित कर दिया गया था।

# मैकेनिक गया था गिबड़ी एसी ठीक करने- बन बैठा साहब

**बस्ती , एजेंसी।** बस्ती में पीडब्ल्यूडी प्रांतीय खंड के एक्सईएन की कुर्सी पर बैठे हुए एक अनाधिकृत व्यक्ति की फोटो शनिवार को वायरल हो गया। इसी के बाद विभाग में हड़कंप मच गया। आनन- फानन एक्सईएन ने अपने चौकीदार को निलंबित कर दिया। वैसे पीडब्ल्यूडी की सभी शाखाओं में इस घटना की चर्चा पूरे दिन रही। हंसते- हंसते लोग यह भी बोल पड़े- कि एक्सईएन साहब अपनी कुर्सी भी सुरक्षित नहीं कर पा रहे हैं।

घटना 4 सितंबर की देर शाम की बताई जा रही है। एक्सईएन कक्ष की एसी ठीक करने के लिए शाम को मैकेनिक बुलाया गया था। वह कक्ष खाली देख एक्सईएन की कुर्सी पर बैठ फोटो खिंचवा लिया। अगले दिन उसे वाहवाही में वायरल भी कर दिया। कुर्सी पर बैठे हुए व्यक्ति के बारे में तरह-



तरह की चर्चाएं हो रही है।

दरअसल प्रांतीय खंड के एक्सईएन का पद एक महीने से रिक्त चल रहा है। यहां का अतिरिक्त कार्यभार पीडब्ल्यूडी निर्माण खंड-एक के एक्सईएन अवधेश प्रसाद को सौंपा गया है। शनिवार को वह अपने मूल तैनाती वाले कक्ष में बैठकर प्रांतीय खंड के इंजीनियरों को बुलाकर विभागीय कामकाज निपटा रहे थे। इसी के कुछ देर बाद उनके अतिरिक्त चार्ज वाले कार्यालय में एक्सईएन की कुर्सी पर बैठे हुए एक अनाधिकृत व्यक्ति की फोटो वायरल होने लगी। एक्सईएन ने आनन- फानन में चौकीदार बनवारी लाल को निलंबित कर दिया। एक्सईएन अवधेश कुमार ने बताया कि कुर्सी पर बैठा युवक तीन- चार साल से विभाग में एसी मैकेनिक के रूप में रिपेयरिंग आदि कार्य के लिए आता रहता है।

मेरे कक्ष की एसी खराब थी। इसलिए मैने कामकाज खत्म होने के बाद शाम को उसे ठीक करने के लिए बुलवाया था। चौकीदार बनवारी लाल की उस समय ड्यूटी लगाई गई थी। इसी बीच मौका पाकर मैकेनिक मेरी कुर्सी पर बैठकर अपने हेल्पर से फोटो खिंचवा ली और अगले दिन वायरल कर दिया। उसे हिस्ट्रीशीटर बताया जा रहा है। यह अफवाह है। फिलहाल मैने चौकीदार को निलंबित कर दिया है।

# बागपत में दर्दनाक सड़क हादसा, ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेसवे पर ट्रक ने चार को कुचला, तीन की मौत

**बागपत, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के बागपत जिले में बड़ा सड़क हादसा हुआ है। बागपत के रटौल में ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेसवे पर लहचौड़ा के पास ट्रक ने कैंटर से उतर रहे कई लोगों को कुचल दिया। हादसे में तीन की मौके पर मौत हो गई, जबकि एक घायल है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए बागपत भेज दिया है।

जानकारी के अनुसार, नन्हे (40) पुत्र इंतजार निवासी दहरा, नाहल निवासी आकिल पुत्र इकबाल अपने साथियों के साथ कैंटर से गाजियाबाद की तरफ से हरियाणा की ओर जा रहे थे।

उनके कैंटर में डीजल के दो खाली दो



भरे हुए बैरल भी रखे थे, उसमें डीजल निकालने वाला पाइप और चार बाल्टी भी थी, जब वह लहचौड़ा गांव के पास पहुंचे और कैंटर से नीचे उतरने लगे, तभी पीछे से आ रहे ट्रक ने उन्हें कुचल दिया।

हादसे में नन्हे पुत्र इंतजार निवासी दहरा, आकिल पुत्र इकबाल निवासी नाहल की मौत हो गई, जबकि एक मृत व्यक्ति की शिनाख्त नहीं हो पाई है। अनवार पुत्र इंतजार घायल हुआ है, जो रटौल में निजी अस्पताल में भर्ती हुआ है। सूचना पर पहुंची पुलिस तीनों मृतकों के शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए बागपत भेज दिया है, वहीं कैंटर मालिक को फोन पर सूचना दी है। कैंटर सवार सभी लोग कहां जा रहे थे अभी पता नहीं चल पाया है। पुलिस ने घटना की सूचना परिजनों को दे दी है। परिजनों के आने पर ही घटना की जानकारी का पता चलेगा, वहीं जानकारी में आया है कि यह सभी लोग ईपीई पर गाड़ियों से डीजल चोरी करके बेचते थे।



# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का हुआ पथ संचलन, तीन अलग-अलग जगहों से निकला

**अलीगढ़, एजेंसी।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का पथ संचलन 13 अक्टूबर को अलीगढ़ महानगर में तीन अलग-अलग जगहों से निकला।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ महानगर प्रचारक विक्रांत ने बताया कि संघ के स्थापना दिवस व विजयादशमी के पर्व पर सुबह 6.45 पर सभी स्वयंसेवक ने पथ संचलन में भाग लिया। महर्षि वेदव्यास भाग का पथ संचलन एसएमबी इंटर कॉलेज रामघाट रोड से शुरू हुआ।

**आरएसएस पथ संचलन:** महर्षि दयानंद भाग गायत्री पैलेस से और महर्षि वाल्मीकि भाग केपी इंटर कॉलेज से शुरू हुआ। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवक कतारबद्ध होकर हाथ में लाठी लेकर अनुशासन में पथ संचलन करते नजर आए।

हिन्दी दैनिक
राष्ट्रीय मुख्यधारा
अख़बार भी, आन्दोलन भी
बोकारो, सोमवार, 14 अक्टूबर, 2024


संक्षिप्त समाचार

## जर्मनी में सेकंड वर्ल्ड वॉर का बम मिला, 5 हजार लोगों को सुरक्षित निकाला गया

**नई दिल्ली।** जर्मनी के हैम्बर्ग प्रांत में सेकंड वर्ल्ड वॉर के टाइम का बम मिला है। शनिवार को स्टर्नशांजे जिले में बम की सूचना मिलने के बाद 300 मीटर के दायरे में रहने वाले करीब 5 हजार लोगों को सुरक्षित निकाला गया। इसके अलावा पुलिस ने इलाके के रेस्तरां और बार भी बंद करा दिए थे। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक एक प्राइमरी स्कूल के कंस्ट्रक्शन के दौरान ये मिला था। अधिकारियों ने बताया कि बम को सुरक्षित तरीके से डिफ्यूज कर दिया गया है। इसे डिफ्यूज करने में करीब आधे घंटे का वक्त लगा था। बम मिलने की वजह से जिले में रेल सर्विस को भी रोकना पड़ा। जर्मनी में सेकेंड वर्ल्ड वॉर के बमों का मिलना आम बात है, जिन्हें बाद में डिफ्यूज कर दिया जाता है। जापान के दक्षिणी हिस्से में मियाजाकी एयरपोर्ट पर 3 अक्टूबर को एक बम विस्फोट हुआ था। इस बम को अमेरिका ने सेकंड वर्ल्ड वॉर के दौरान जापान पर गिराया था। हालांकि जब इसे गिराया गया, तब इसमें विस्फोट नहीं हो पाया था। इसकी वजह से ये दबा रहा। ये बम विस्फोट एयरपोर्ट के टेक्सी-वे की साइड में हुआ था। बम विस्फोट के बाद एयरपोर्ट पर उड़ानों को रद्द कर दिया गया था।



## पाकिस्तान में 2 आदिवासी गुटों में लड़ाई, 11 की मौत, गाड़ियां रोककर हमले किए

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान में शनिवार (12 अक्टूबर) को दो आदिवासी गुटों की आपसी लड़ाई में 11 लोगों की मौत हो गई। मामला खैबर पख्तूनख्वाह प्रांत के कुर्रम जिले का हैं। पाकिस्तान के अखबार डॉन के मुताबिक, घटना में 8 लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जिनका इलाज चल रहा है। हालांकि, विवाद की वजह अभी पता नहीं चल पाई है। कुर्रम के डिप्टी कमिश्नर जाविदुल्लाह महसूद ने बताया कि, पाक-अफगान बॉर्डर के पास कुंज अलिजाई पहाड़ों के पास गोलीबारी में दो लोग घायल हुए थे, जिसके बाद इलाके में तनाव बढ़ गया। इसके बाद गाड़ियों को रोककर उन पर हमला किया गया। पुलिस लगातार स्थिति को सामान्य करने की कोशिश कर रही है। समाज के नेता शांति की कोशिश कर रहे हैं पूर्व सांसद और ट्राइबल काउंसिल के सदस्य पिर हैदर अली शाह ने कहा कि, समाज के बुजुर्ग नेता कुर्रम में मामला शांत करने पहुंचे हैं। दोनो ही ट्राइबल गुटों के बीच समझौता करवाने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा कि गोलीबारी की घटनाएं दुखद है। इनसे समाज पर बुरा असर पड़ता है। जमीनी विवाद में 46 लोगों की मौत हुई थी इससे पहले कुर्रम जिले में 20 सितंबर को शिया और सुन्नी मुसलमानों के दो गुटों के बीच जमीनी विवाद को लेकर झगड़ा हुआ था। इस घटना में 46 लोगों की मौत हुई थी, जबकि 91 लोग घायल हुए थे। डॉन की रिपोर्ट के मुताबिक, दोनों तरफ से मिसाइल, रॉकेट और मोर्टार से हमले किए गए। कुर्रम एक सेंसिटिव ट्राइबल इलाका है। यहां बंगाश, तुरी, अलीशेरजाई, मुकबिल समेत कई ट्राइब्स रहती है, जिनके बीच जमीनी विवाद होते रहते हैं।



## अमेरिकी राष्ट्रपति बनने के लिए फिट हैं कमला हैरिस, मेडिकल रिकॉर्ड जारी किया

**नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव से 23 दिन पहले डेमोक्रेटिक पार्टी की कैंडिडेट कमला हैरिस अपना मेडिकल रिकॉर्ड जारी किया है। इसमें उन्हें पूरी तरह से फिट घोषित किया है। कमला ने अपना फिटनेस रिकॉर्ड जारी कर रिपब्लिकन पार्टी के कैंडिडेट डोनाल्ड ट्रम्प से भी मांग की है कि वे अपना हेल्थ रिकॉर्ड सार्वजनिक करें। उन्होंने कहा, "डोनाल्ड ट्रम्प ये नहीं चाहते कि अमेरिकी लोगों को ये पता चले कि वे राष्ट्रपति बनने के लिए फिट हैं या नहीं।" इस पर ट्रम्प की टीम ने उनके मेडिकल रिकॉर्ड जारी किए बिना बयान जारी कर कहा, "ट्रम्प की सेहत बिल्कुल ठीक है। कमला में राष्ट्रपति बनने का स्टैमिना नहीं हैं।" कमला के परिवार में कोलोन कैंसर की हिस्ट्री एकतरफ जहां व्हाइट हाउस ने उप-राष्ट्रपति कमला हैरिस को राष्ट्रपति बनने के लिए फिट घोषित किया है। वहीं उनके डॉक्टर जोशुआ सिमोंस ने बताया है कि कमला हैरिस के परिवार में कोलोन कैंसर की हिस्ट्री रही है। उन्हें कुछ चीजों से एलर्जी भी है। इसके चलते वे लगातार कोलोनोस्कॉपी कराती रहती हैं और अपना ध्यान रखती हैं। कमला के मेडिकल रिकॉर्ड जारी होते ही उनकी टीम ने एक्स पर लिखा था- अब तुम्हारी बारी डोनाल्ड ट्रम्प। इससे पहले कमला ने एक रैली में ट्रम्प की मेंटल हेल्थ पर भी सवाल उठाए थे। कमला ने कहा था- वे कभी-कभी खो जाते हैं।



## पूर्व सांसद नवनीत राणा को गैंगरेप की धमकी

**अमरावती।** महाराष्ट्र के अमरावती से पूर्व सांसद और भाजपा नेता नवनीत राणा को धमकी भरा लेटर मिला है। लेटर में नवनीत को गैंगरेप की धमकी दी गई है। साथ ही कहा कि उनके घर के सामने गाय को काटा जाएगा। पत्र भेजने वाले ने खुद का नाम आमिर बताया है। उसने 10 करोड़ की फिरौती भी मांगी है। साथ ही पाकिस्तान जिंदाबाद भी लिखा। आरोपी ने लेटर में अपना फोन नंबर भी लिखा है। लेटर में नवनीत राणा को लेकर कई आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल किया गया है। साथ ही उनके पति रवि राणा के लिए अभद्र बातें लिखी गईं। रवि राणा के निजी सहायक विनोद गुहे ने राजापेठ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। एक्ट्रेस से नेता बनीं नवनीत राणा, विवादों से नाता रहा नवनीत राणा एक फिल्म एक्ट्रेस और राजनेता हैं। नवनीत ने हिंदी, तेलुगु, कन्नड, मलयालम और पंजाबी की कई बड़ी फिल्मों में काम किया। साल 2014 में एनसीपी के टिकट से अमरावती से लोकसभा चुनाव लड़ा, लेकिन जीत हासिल नहीं कर पाईं। साल 2019 में निर्दलीय चुनाव लड़ा। इस बार उन्होंने शिवसेना के दिग्गज नेता आनंद अडसुल को हराकर लोकसभा चुनाव जीता। 2024 लोकसभा चुनाव में वह बीजेपी में शामिल हुईं। महाराष्ट्र की अमरावती सीट पर कांग्रेस के बलवंत वानखेड़े ने नवनीत राणा को 19,731 वोटों से हराया।

## बाबा सिद्दीकी की हत्या के बाद सलमान की सिक्योरिटी बढ़ी, सुनील दत्त को मेंटॉर मानते थे सिद्दीकी

**मुंबई।** NCP अजित पवार गुट के नेता और महाराष्ट्र सरकार के पूर्व मंत्री रहे बाबा सिद्दीकी की शनिवार रात गोली मारकर हत्या कर दी गई। इसकी जिम्मेदारी लॉरेंस गैंग ने ली है। सिद्दीकी के करीबी सलमान खान की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। राजनीति में दिलचस्पी ना रखने वाले लोग बाबा सिद्दीकी को उनकी इफ्तार पार्टियों के लिए जानते थे। सालाना रमजान के मौके पर मुंबई में होने वाली इस पार्टी में बॉलीवुड सेलेब्स की भीड़ रहती थी। ये बात कम लोग ही जानते हैं कि यही पार्टी शाहरुख खान और सलमान खान का सालों पुराना झगड़ा खत्म होने की वजह रही थी। हर साल की तरह साल 2013 में भी बाबा सिद्दीकी ने इफ्तार पार्टी का आयोजन किया था। सलमान इस पार्टी में पहले से मौजूद थे, जबकि शाहरुख खान उनके बाद पहुंचे थे। संयोग से जिस समय शाहरुख पार्टी में पहुंचे, सलमान भी वहीं मौजूद थे। पार्टी के होस्ट बाबा सिद्दीकी पहले शाहरुख से गले मिले और फिर सलमान को भी खींचकर गले लगा लिया। बाबा सिद्दीकी से गले मिलते हुए दोनों सुपरस्टार एक ही फ्रेम में आ गए। इस दौरान सलमान के पिता सलीम खान भी मौजूद थे। बाबा सिद्दीकी से मिलने के बाद दोनों स्टार्स ने हाथ मिलाया और फिर एक-दूसरे के गले लग गए। जैसे ही शाहरुख और सलमान गले मिले, पूरी पार्टी में मौजूद कैमरे उनकी तरफ घूम गए और सभी लोग खुशी से हूटिंग करने लगे।

# ईरान के सैन्य ठिकानों पर हमला कर सकता है इजराइल

### ईरान ने अरब देशों से कहा-पलटवार करेंगे, लेबनान में बंकर से पकड़ा गया हिजबुल्लाह फाइटर

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

ईरान ने हिजबुल्लाह चीफ हसन नसरल्लाह की मौत का बदला लेने के लिए 1 अक्टूबर को इजराइल पर 200 मिसाइलें दागी थीं। अमेरिका को शक है कि इसका बदला लेने के लिए इजराइल अब ईरान के सैन्य ठिकानों को निशाना बना सकता है। अमेरिकी मीडिया हाउस NBC ने अमेरिकी अधिकारियों के हवाले से ये जानकारी दी है। रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिका को नहीं लगता कि इजराइल पलटवार में ईरान के न्यूक्लियर ठिकानों को निशाना बनाएगा। हालांकि, ईरान के एनर्जी इंफ्रास्ट्रक्चर पर अटैक की आशंका भी जताई गई है। वहीं, ईरान ने अमेरिका और मिडिल ईस्ट के कुछ देशों को कहा है कि अगर इजराइल ने हमला किया तो वे जवाब जरूर देंगे। ईरान से तनातनी के बीच नेतन्याहू आज फिर से कैबिनेट की मीटिंग करेंगे। इसमें ये चर्चा की जाएगी कि ईरान के 1 अक्टूबर को किए गए हमले पर पलटवार कैसे करें। इससे पहले शुक्रवार को भी एक बैठक हुई थी। हालांकि, उसमें कोई फैसला नहीं हो पाया था।



हिजबुल्लाह फाइटर ने सरेंडर किया इजराइली सेना ने दक्षिणी लेबनान में अंडर ग्राउंड बंकर से एक हिजबुल्लाह फाइटर को पकड़ने का दावा किया है। IDF के मुताबिक उसके पास हथियार भी थे। उसे पूछताछ के लिए इजराइल ले जाया गया है। हिजबुल्लाह फाइटर के सरेंडर करने का एक वीडियो भी जारी किया गया है, जिसमें वो सिर्फ अंडर वियर में दिखाई दे रहा है। इजराइली हमले में लेबनान के 13 लोगों की मौत इजराइल ने शनिवार को लेबनान के 2 कस्बों पर हमले किए। इनमें एक 'बारजा' बेरूत से 32 किलोमीटर दूर है, जहां ज्यादातर सुन्नी आबादी वाले लोग रहते हैं। इजराइल के हमले में यहां 4 लोग मारे गए। हिजबुल्लाह शियाओं का संगठन हैं इसके चलते लेबनान जंग में इजराइल ने अब तक शिया इलाकों को निशाना बनाया था। अमेरिकी मीडिया हाउस CNN के मुताबिक सुन्नी कस्बे पर हमला पहली बार हुआ है। वहीं, उत्तरी लेबनान के मायसरा में भी इजराइली हमले में 9 लोगों की मौत हुई है। दूसरी तरफ इजराइल ने दावा किया है हिजबुल्लाह ने शनिवार को उन पर 300 प्रोजेक्टाइल (छोटी मिसाइलें) दागी हैं।

## उद्धव बोले- महायुति अपना सीएम कैंडिडेट बताए, फिर हम ऐलान करेंगे

♦ शरद पवार ने कहा- लोगों को मौजूदा सरकार से छुटकारा दिलाना है



**एजेंसी, मुंबई।**

महाविकास अघाड़ी के मुख्यमंत्री उम्मीदवार के बारे में पूछे जाने पर शिवसेना (UBT) नेता उद्धव ठाकरे ने कहा कि यह चुनाव MVA और महायुति के बीच मुकाबला होगा। पहले महायुति अपना मुख्यमंत्री उम्मीदवार बताए, फिर हम कैंडिडेट बताएंगे। वहीं, नेशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी (SCP) प्रमुख शरद पवार ने रविवार को कहा कि महाराष्ट्र के लोग बदलाव चाहते हैं और उन्हें भरोसा है कि विधानसभा चुनाव के नतीजों में इसका असर दिखेगा। मुंबई में महाविकास अघाड़ी (MVA) की प्रेस कॉन्फ्रेंस में शरद पवार ने कहा कि पहले महाराष्ट्र का प्रशासन देश में सबसे अच्छा माना जाता था, लेकिन अब यह कमजोर हो गया है। हम लोगों को मौजूदा सरकार से छुटकारा दिलाना चाहते हैं और मुझे उम्मीद है कि लोग हमारा सपोर्ट करेंगे। BJP अपने पुराने कार्यकर्ताओं को सम्मान नहीं दे रही है और उनकी उपेक्षा कर रही है। शरद पवार बोले- मोदी ने बंजारा समाज के बारे में गलत जानकारी दी शरद पवार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बंजारा समाज के बारे में गलत जानकारी दी। उन्होंने 'बंजारा विरासत' के उद्घाटन के दौरान दावा कियाथा कि कांग्रेस और पिछली सरकारों ने बंजारा समाज को कोई अवसर नहीं दिया। शरद पवार ने इस दावे का खंडन करते हुए बताया कि कांग्रेस ने बंजारा समाज को महाराष्ट्र में नेतृत्व के महत्वपूर्ण अवसर दिए हैं।

इसी समुदाय के वसंतराव नाइक 11 साल तक महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री रहे। सुधाकरराव नाइक ने तीन साल तक मुख्यमंत्री पद संभाला। मनोहर नाइक कांग्रेस सरकार में कैबिनेट मंत्री रहे। पवार ने कहा कि बंजारा समाज कांग्रेस का आभारी है, क्योंकि इसने इस समुदाय के लोगों को राज्य का नेतृत्व करने का मौका दिया।

## आंध्र प्रदेश में सास-बहू से गैंगरेप, 5 आरोपी घर के बाहर हंगामा कर रहे थे



रोका तो उनके पतियों को बंधक बनाकर घटना को अंजाम दिया

**एजेंसी, हैदराबाद।**

आंध्र प्रदेश के श्री सत्य साईं जिले में अंडर कंस्ट्रक्शन पेपर मिल में महिला और उसकी बहू से गैंगरेप की घटना सामने आई है। घटना 11 अक्टूबर की रात चिलमंथुर थाना क्षेत्र की है। पुलिस अधीक्षक वी रत्न ने बताया कि दोनों के पति नल्लबोमनी पल्ली इलाके में अंडर कंस्ट्रक्शन मिल में चौकीदारी करते हैं और उसी के कंपाउंड में रहते हैं। 11 अक्टूबर की रात उनके घर के बाहर पांच बाइक सवार हंगामा कर रहे थे। जब उन्हें रोका गया तो उन लोगों ने उन पर हमला कर दिया। दोनों महिलाओं के पतियों की पिटाई की और चाकू के बल पर बंधक बना लिया।

इसके बाद चार लोग दोनों महिलाओं (सास-बहू) को घर के अंदर घसीट ले गए। उनके साथ रेप किया और फरार हो गए। पुलिस ने बताया परिवार बेल्लारी जिले का रहने वाला है और पांच महीने पहले ही वहां रहने आया था।

# पाकिस्तान में SCO समिट के लिए तैयारियां

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

पाकिस्तान में 15-16 अक्टूबर को शंघाई को-ऑपरेशन ऑर्गेनाइजेशन (SCO) समिट होने वाली है। इसकी तैयारियां को लेकर रविवार (13 अक्टूबर) को पाकिस्तानी अधिकारियों की एक बैठक हुई। रिपोर्ट के मुताबिक, इस बैठक में समिट के लिए राजधानी इस्लामाबाद को बंद करने का फैसला किया जा रहा है। दरअसल, PTI कार्यकर्ताओं के हिंसक प्रदर्शनों और राजनीतिक अशांति को लेकर पाकिस्तान की सरकार परेशान है। शहबाज शरीफ नहीं चाहते समिट के दौरान प्रदर्शनों से सुरक्षा हालात बिगड़ें और देश की छवि खराब हो। इस समिट में भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर भी हिस्सा लेंगे। उनके अलावा समिट में चीन के प्रधानमंत्री ली कियांग, रूसी प्रधानमंत्री मिखाइल मिशुस्तिन समेत अन्य देशों के प्रमुख शामिल होंगे। राजधानी में प्रदर्शन करने पर रोक न्यूज एजेंसी AFP के मुताबिक,



पाकिस्तान में समिट के चलते राजधानी इस्लामाबाद में विरोध प्रदर्शनों पर रोक लगा दी गई है। शहर में सेना की तैनाती की अनुमति दी गई है। इसके अलावा विपक्षी नेता इमरान खान के समर्थकों को गिरफ्तार किया गया है। सेंटर फॉर रिसर्च एंड सिक्योरिटी स्टडीज के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर और सीनियर एनालिस्ट इम्तियाज गुल ने बताया कि, यह समिट पाकिस्तान के लिए बेहद जरूरी है। इसलिए सरकार सुरक्षा के लिए पुख्ता इंतजाम कर रही है। यह कोशिश है कि कार्यक्रम बिना किसी अप्रिय घटना के शांति से हो जाए। इमरान खान की पार्टी ने विरोध की चेतावनी दी विपक्षी नेता इमरान खान की पार्टी तहरीक-ए-इंसाफ ने समिट के दौरान विरोध प्रदर्शन की चेतावनी दी है। दरअसल, इमरान जेल में बंद है और उनके समर्थक उनकी रिहाई की मांग को लेकर कई बार प्रदर्शन कर चुके हैं। इससे पहले 5 अक्टूबर को इमरान समर्थकों ने इस्लामाबाद

इस्लामाबाद को बंद करने का फैसला, भारतीय विदेश मंत्री जयशंकर भी शामिल होंगे

में प्रदर्शन किया था। इसके बाद शहर को 3 दिन के लिए बंद कर दिया गया था। मोबाइल नेटवर्क बंद करने के साथ शहर से बाहर आने-जाने वाले रास्तों को भी बंद किया गया था। समिट से पहले आतंकी हमलों ने चिंता बढ़ाई पाकिस्तान में समिट शुरू होने से पहले 2 आतंकी हमले हो चुके हैं।

इससे सुरक्षा व्यवस्थाओं को लेकर सवाल खड़े हो गए हैं। पहला हमला 6 अक्टूबर को कराची एयरपोर्ट के पास हुआ। इस हमले में 2 चीनी नागरिकों की मौत हो गई थी। इस पर चीन ने अपराधियों को कड़ी सजा देने की मांग की। दूसरा हमला 11 अक्टूबर को बलूचिस्तान प्रांत में एक प्राइवेट कोयला खदान पर हुआ। इसमें 20 लोगों की मौत हुई थी।

# खड़गे ने कर्नाटक सरकार को जमीन लौटाई

♦ ट्रस्ट के लिए दी गई थी 5 एकड़ जमीन, MUDA स्कैम की जांच के बीच उठाया कदम

**एजेंसी, बेंगलुरु।**

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और उनके परिवार ने कर्नाटक सरकार को पांच एकड़ जमीन लौटाने का फैसला किया है, जो खड़गे परिवार के सिद्धार्थ विहार ट्रस्ट को दी गई थी। खड़गे ने यह कदम मैसुरु अर्बन डेवलपमेंट अथॉरिटी (MUDA) स्कैम की जांच के बीच उठाया है। यह पांच एकड़ जमीन खड़गे के बेटे राहुल एम खड़गे को कर्नाटक इंडस्ट्रियल एरियास डेवलपमेंट बोर्ड (KIADB) की तरफ से बागालुर के हाई-टेक डिफेंस एंड एयरोस्पेस पार्क में हार्डवेयर सेक्टर में दी गई थी। इससे पहले कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया की पत्नी पार्वती बी. एम. ने 30 सितंबर को MUDA को 14 प्लॉट वापस करने की बात कही थी। इसे लेकर सिद्धारमैया ने कहा कि मेरे खिलाफ चल रहे राजनीतिक षड्यंत्र से आहत होकर मेरी पत्नी ने प्लॉट वापस करने का फैसला लिया है। दरअसल, ED ने 30 सितंबर को



मुख्यमंत्री सिद्धारमैया, उनकी पत्नी, साले और अन्य के खिलाफ FIR दर्ज की थी। इससे पहले मैसूरु लोकायुक्त ने 27 सितंबर को सभी के खिलाफ केस दर्ज किया था। लोकायुक्त ने 1 अक्टूबर से मामले की जांच शुरू कर दी है। मार्च 2024 में खड़गे के बेटे को दी गई थी जमीन विवाद की शुरुआत मार्च 2024 में हुई, जब कर्नाटक कांग्रेस सरकार ने सिद्धार्थ विहार ट्रस्ट को जमीन आवंटित की। खड़गे के बेटे राहुल इस ट्रस्ट के अध्यक्ष थे। भाजपा ने इसकी आलोचना की थी। पार्टी के आईटी सेल प्रमुख अमित मालवीय ने सरकार पर 'सत्ता का दुरुपयोग' और 'परिवारवाद' का आरोप लगाया। यह पांच एकड़ जमीन सिद्धार्थ विहार ट्रस्ट को अनुसूचित जाति (SC) कोटे के तहत आवंटित की गई थी। इस ट्रस्ट में कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खड़गे, उनके दामाद और कलबुर्गी के सांसद राधाकृष्ण और उनके बेटे राहुल खड़गे सहित खड़गे परिवार के कई सदस्य ट्रस्टी हैं। यह जमीन 45.94 एकड़ इलाके का हिस्सा है, जिसे KIADB ने हाई-टेक डिफेंस एयरोस्पेस पार्क के लिए रिजर्व कर रखा था। एक एक्टिविस्ट ने गवर्नर के पास दर्ज कराई थी शिकायत एक्टिविस्ट दिनेश कल्लाहल्ली ने कर्नाटक के राज्यपाल थावर चंद गहलोत के पास औपचारिक शिकायत दर्ज कराई थी, जिसमें उन्होंने जमीन की आवंटन प्रक्रिया में अनियमितताओं और भ्रष्टाचार का आरोप लगाया था। कल्लाहल्ली ने कर्नाटक के उद्योग मंत्री एमबी पाटिल के खिलाफ मुकदमा दायर करने की इजाजत भी मांगी, ताकि वे राज्य के लोकायुक्त के पास शिकायत दर्ज कर सकें मंत्री पाटिल ने इन आरोपों का खंडन किया है और कहा कि राहुल खड़गे ने कोई फ्रॉड नहीं किया। उन्हें मेरिट के आधार पर इस जमीन के लिए पारदर्शी, सिंगल-विंडो अप्रूवल प्रक्रिया के जरिए से मंजूरी दी गई थी। MUDA केस क्या है साल 1992 में अर्बन डेवलपमेंट संस्थान मैसूर अर्बन डेवलपमेंट अथॉरिटी (MUDA) ने रिहायशी इलाके विकसित करने के लिए किसानों से जमीन ली थी। इसके बदले MUDA की इंसेंटिव 50:50 स्कीम के तहत जमीन मालिकों को विकसित भूमि में 50% साइट या एक वैकल्पिक साइट दी गई।

## तमिलनाडु रेल हादसा- इंटरलॉकिंग सिस्टम में खामी की आशंका

### एक्सपर्ट बोले- इस खामी के बारे में रेलवे में सब जानते हैं, कोई स्वीकार नहीं करता

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

तमिलनाडु में कवरपेट्टई स्टेशन पर यात्री ट्रेन की मालगाड़ी से टक्कर मामले में रेलवे ने जांच का आदेश दिया है। रेलवे सुरक्षा के एक अधिकारी ने शनिवार को दुर्घटनास्थल का निरीक्षण किया। वहीं, विशेषज्ञों ने इसे बालासोर-2 बताते हुए इंटरलॉकिंग प्रोसेस में खराबी से हादसे की आशंका जताई है। उत्तर रेलवे में मुख्य सिग्नल एंड कम्युनिकेशन इंजीनियर के पद से रिटायर हुए के.पी. आर्य ने कहा, 'ट्रेन इंटरलॉकिंग पॉइंट पर पटरी से उतर गई। यह इंटरलॉकिंग प्रोसेस में इंजीनियरिंग की खामी है, जिसके बारे में रेलवे में सभी जानते हैं, पर कोई आधिकारिक रूप से स्वीकार नहीं करता।' वहीं, इंडियन रेलवे लोको रनिंगमैन ऑर्गनाइजेशन के कार्यकारी अध्यक्ष संजय पांधी कहा, 'बालासोर में सिग्नल मरम्मत का काम खत्म होने के तुरंत बाद टक्कर हुई थी। यहां ऐसा कुछ नहीं हुआ था।' उन्होंने कहा, 'ऐसा लगता है कि ट्रैक के कुछ जंग लगने के कारण सिग्नल



और इंटरलॉकिंग का कनेक्शन टूट गया होगा।' दक्षिण रेलवे के ऑल इंडिया लोको रनिंग स्टाफ एसोसिएशन के अध्यक्ष आर. कुमारेसन ने भी कहा, 'सिग्नलिंग प्रोसेस में आ रही खामियों को दूर करना चाहिए।' दरअसल, शुक्रवार रात मैसूर-दरभंगा बागमती एक्सप्रेस को मुख्य लाइन से गुजरने के लिए हरी झंडी दी गई थी। यह एक लूप लाइन पर चली गई, जिस पर पहले से ही मालगाड़ी खड़ी थी। हादसे में 19 यात्री घायल हुए थे। वहीं, बालासोर में 2 जून, 2023 को ऐसे ही हादसे में 293 लोग मारे गए थे। साजिश की आशंका... एनआईए के अफसरों ने शुरू की जांच हादसे के पीछे साजिश की आशंका को देखते हुए राष्ट्रीय जांच एजेंसी (NIA) भी मामले की जांच कर रही है। जांच एजेंसी के अफसर शनिवार को घटनास्थल पर पहुंचे। वहीं, रेलवे ने रिकॉर्ड वक्त में लाइन खोलने का दावा किया है। रात 9:05 पर चेन्नई-राजधानी एक्स. यहां से गुजरी। इस बीच, हादसाग्रस्त ट्रेन के 1,800 से अधिक यात्री विशेष ट्रेन से दरभंगा भेजे गए। रिस्टोरेशन का काम तीसरे दिन भी जारी 11 अक्टूबर की रात हुए ट्रेन हादसे में 1360 पैसेंजर्स सवार थे। हादसे के बाद फंसे हुए पैसेंजर्स को एक स्पेशल ट्रेन से उनकी आगे की यात्रा के लिए रवाना कर दिया गया। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री स्टालिन ने कहा कि सरकार तेजी से राहत और बचाव कार्य में जुटी। आज यानी 13 अक्टूबर की सुबह तक लाइन के रेस्टोरेशन का काम पूरा हो जाएगा।

## भारत बोला- बांग्लादेश में मंदिरों को अपवित्र करने की साजिश

**एजेंसी, ढाका।**



बांग्लादेश में ढाका के तांतीबाजार में पूजा मंडप पर हमले और सतखीरा में जेशोरेश्वरी काली मंदिर में चोरी की घटना पर भारत ने चिंता जताई है। विदेश मंत्रालय ने शनिवार को कहा कि बांग्लादेश में मंदिरों और देवी-देवताओं को अपवित्र करने की साजिश हो रही है। इन घटनाओं को सुनियोजित तरीके से अंजाम दिया जा रहा है। भारत ने मांग की है कि बांग्लादेश सरकार हिंदुओं और सभी अल्पसंख्यकों के पूजा स्थलों की सुरक्षा करे। भारत के इन आरोपों के बीच बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस ने ढाकेश्वरी मंदिर का दौरा किया। यहां पहुंचकर उन्होंने कहा कि हम बांग्लादेश को ऐसा देश बनाना चाहते हैं जहां सभी धर्मों के लोगों के अधिकारों की सुरक्षा हो। वहीं, बांग्लादेश में शेख हसीना सरकार के तख्तापलट के बाद से हिंदू और अल्पसंख्य समुदाय पर हमले की कई रिपोर्ट्स आई हैं। दुर्गा पूजा के दौरान ही कई मंदिरों पर हमले और चोरी हुई हैं। पहली घटना ढाका के तांतीबाजार में शुक्रवार रात को एक शख्स ने दुर्गा पंडाल में बम फेंका था। हालांकि बम फटा नहीं। पंडाल की सिक्योरिटी में लगे लोगों ने जब आरोपी को पकड़ने की कोशिश की तो उसे बचाने के लिए कुछ लोग आ गए। इन्होंने आरोपी को बचाने के लिए चाकूबाजी शुरू कर दी। इसमें 5 लोग घायल हो गए। बम फेंके जाने की घटना CCTV में कैद हुई है।

विवाद बढ़ने पर कोटयाली पुलिस ने कहा मामला चोरी की घटना से जुड़ा है। कोटयाली पुलिस स्टेशन के अधिकारी इनेमुल हसन ने कहा कि रात करीब 8 बजे पंडाल में कुछ चोरों ने एक महिला की चेन झपट ली थी। इसके बाद चाकूबाजी की घटना हुई। पुलिस ने कहा

हिंदुओं की हिफाजत हो, दुर्गा पूजा पर मंदिरों में चोरी, पंडालों पर बम से हमले हुए

कि हमलावरों ने एक बोतल भी फेंकी। इसमें केरोसिन भरा था और इसे बम की तरह इस्तेमाल किया गया। पुलिस ने बताया कि मामले में अब तक 3 लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है। वहीं घायलों का ढाका के मिडफोर्ट अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस ने कहा कि बॉटल सिर्फ लोगों को डराने के लिए फेंकी गई थी। चोर चाहते थे कि लोग डर जाएं और उनके डर का फायदा उठाकर वे भाग जाए।

दूसरी घटना बांग्लादेश के जेशोरेश्वरी मंदिर से मां काली का मुकुट चोरी हो गया। यह सोने की परत चढ़ा चांदी का मुकुट है। इस घटना का CCTV फुटेज 11 अक्टूबर को सामने आया। पीएम मोदी 2021 में बांग्लादेश दौरे के दौरान जेशोरेश्वरी मंदिर दर्शन के लिए गए थे। इस दौरान उन्होंने यह मुकुट मंदिर में चढ़ाया था। इस मुकुट को स्थानीय कारीगरों ने 3 सप्ताह की मेहनत के बाद तैयार किया था। चोरी गुरुवार को दोपहर करीब 2 बजे से 2.30 बजे के बीच में हुई। मंदिर की सेवादार ने देखा कि देवी के सिर से मुकुट गायब था। इसके बाद श्यामनगर पुलिस को इसकी जानकारी दी गई। श्यामनगर पुलिस स्टेशन के इंस्पेक्टर तैजुल इस्लाम ने कहा कि वे चोर की पहचान करने के लिए मंदिर के CCTV फुटेज की जांच कर रहे हैं।

हिन्दी दैनिक
राष्ट्रीय मुख्यधारा
अख़बार भी, आन्दोलन भी
बोकारो, सोमवार, 14 अक्टूबर, 2024



# चौके-छक्कों की बारिश के बीच भारतीय टीम ने टी20 श्रृंखला में किया क्लीव स्वीप

**बांग्लादेश के खिलाफ 133 रन से जीता तीसरा टी20 मैच**

एजेंसी, हैदराबाद



भारतीय टीम के बल्लेबाजों की ओर से हैदराबाद के राजीव गांधी इंटरनेशनल स्टेडियम में कमाल का प्रदर्शन देखने को मिला। बांग्लादेश के खिलाफ इस मुकाबले में भारतीय बल्लेबाजों ने 22 छक्के और 25 चौके लगा टी20 क्रिकेट में भारतीय टीम का 297 रन का सबसे बड़ा स्कोर खड़ा किया। विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन के शानदार शतक और कप्तान सूर्यकुमार यादव की ताबड़तोड़ पारी ने दर्शकों को काफी आनन्दित किया। आखिर में रियान पराग और हार्दिक पंड्या ने तेजतर्रार पारी खेल टीम को रिकॉर्ड स्कोर तक पहुंचाया। टीम इंडिया का यह स्कोर टेस्ट प्लेइंग नेशन में सबसे बेहतर है। इस विशाल लक्ष्य के आगे बांग्लादेश के बल्लेबाज पूरी तरह दबाव में दिखे और 20 ओवर में मात्र 164 रन ही बना सके। इस तरह भारत ने 133 रन से मैच में जीत के साथ श्रृखंला में क्लीव स्वीप किया। 298 रन के लक्ष्य को लेकर बल्लेबाजी करने उतरी मेहमान बांग्लादेश की टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही। पारी की पहली ही गेंद पर परवेज हुसैन बिना खाता खोले आउट हो गए। इसके बाद कप्तान नजमुल होसैन शंटो ने तंजिद हसन के साथ पारी को आगे बढ़ाया और तेजी से रन बनाने भी शुरू किए। हालांकि चौथे ओवर में तंजिद भी 15 रन बनाकर आउट हो गए। फिर कप्तान शंटो भी 14 के निजी स्कोर पर पवेलियन लौट गए। पांच ओवर में 59 रन पर तीन विकेट गंवाने के बाद तौहिद हृदय और लिटन दास ने मोर्चा संभाला। इन दोनों ने बांग्लादेश की पारी का सबसे बड़ा स्कोर भी बनाया। तभी लिटन 42 रन बनाकर आउट हो गए। लिटन के बाद कोई दूसरा बल्लेबाज क्रीज पर ज्यादा देर नहीं टिका। हालांकि तौहिद हृदय आखिर तक नाबाद रहे, उन्होंने 63 रन की पारी खेली। भारत के लिए रवि विश्नोई ने तीन विकेट और मयंक यादव ने दो विकेट चटकाए। जबकि वाशिंगटन सुंदर और नितीश रेड्डी को एक-एक सफलता मिली। इससे पहले, भारतीय टीम ने कई रिकॉर्डो को तोड़ते हुए टी20 क्रिकेट में अपना सबसे बड़ा स्कोर बनाया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी टीम इंडिया आज अलग ही रंग में दिखी। भारतीय बल्लेबाजों ने इस मुकाबले में शुरुआत से ही ताबड़तोड़ बल्लेबाजी की। टीम इंडिया ने 100 रन का आंकड़ा सिर्फ 7.1 ओवर में छुआ और 10 ओवर होते-होते 150 रन भी पूरे किए। इस दौरान भारतीय टीम ने टी20 क्रिकेट के इतिहास के सबसे तेज 100, 150, 200 और 250 रन पूरे किए। टीम के लिए संजू सैमसन ने 46 गेंदों में 111 रनों की पारी खेली। अपनी पारी में उन्होंने 11 चौके और 8 छक्के जड़े। वहीं, कप्तान सूर्यकुमार यादव ने सिर्फ 35 गेंदों पर 75 रन बनाए। सूर्या ने 8 चौके और 5 छक्के जड़े। फिर रियान पराग ने 13 गेंदों में एक चौका और चार छक्कों की मद से 34 रन बनाए। तो हार्दिक पंड्या में 18 गेंदों पर 47 रन की ताबड़तोड़ पारी खेली।

# हॉकी इंडिया लीग पुरुष नीलामीः 550 से अधिक खिलाड़ियों की लगेगी बोली

एजेंसी, नई दिल्ली




हॉकी इंडिया लीग का बहुप्रतीक्षित 2024 संस्करण रविवार को नई दिल्ली में पुरुषों की नीलामी के साथ शुरू होने वाला है। इस साल के अंत में राउरकेला में हॉकी इंडिया लीग शुरू होने पर आठ पुरुष टीमों में से एक में शामिल होने का मौका पाने के लिए 400 घरेलू और 150 से अधिक विदेशी पुरुष खिलाड़ियों ने पंजीकरण कराया है।

प्रत्येक टीम के पास खिलाड़ियों को चुनने के लिए 4 करोड़ का पर्स होगा, जिन्हें अगले दो दिनों में तीन बेस प्राइस स्लैब 2 लाख, 5 लाख और 10 लाख के तहत वर्गीकृत किया गया है। नीलामी में हरमनप्रीत सिंह, हार्दिक सिंह, मनप्रीत सिंह मनदीप सिंह, संजय, जुगराज सिंह, जरमनप्रीत सिंह, अमित रोहिदास, सुखजीत सिंह, ललित कुमार उपाध्याय, गुरजंत सिंह, अभिषेक, कृष्ण बी पाठक, सुमित, विवेक सागर प्रसाद जैसे सितारे शामिल होंगे। इनके अलावा रूपिंदर पाल सिंह, बीरेंद्र लाकड़ा और धर्मवीर सिंह जैसे पूर्व भारतीय हॉकी दिग्गजों ने भी पंजीकरण कराया है। एसजी स्पोर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड के स्वामित्व वाली दिल्ली स्थित टीम का नाम एसजी पाइपर्स रखा गया है। एसजी स्पोर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड के सीईओ महेश भूपति, हॉकी निदेशक पीआर श्रीजेश, मुख्य कोच ग्राहम रीड और सहायक कोच शिवेंद्र सिंह के साथ नीलामी में टीम का नेतृत्व करेंगे। एम एंड सी प्रॉपर्टी डेवलपमेंट प्राइवेट लिमिटेड के स्वामित्व वाली तमिलनाडु स्थित टीम को तमिलनाडु ड्रैगन्स कहा जाएगा। सीएमडी श्री जोस चार्ल्स मार्टिन, श्री जोसेफ सेलवन, श्री रीन वान ईजक और श्री चार्ल्स डिक्सन के साथ टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे। श्राची स्पोर्ट्स एंडेवर प्राइवेट लिमिटेड ने कोलकाता स्थित टीम का नाम श्राची रारह बंगाल टाइगर्स रखा है। श्राची स्पोर्ट्स एंडेवर प्राइवेट लिमिटेड के नीरज ठाकुर और सौरव सिकदर के साथ जगराज सिंह, रोमेश पठानिया, अभिषेक शर्मा, दीपक ठाकुर और एड्रियन डिसूजा भी होंगे। हैदराबाद स्थित टीम, जिसका स्वामित्व रेसोल्यूट स्पोर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड के पास है। लिमिटेड, को हैदराबाद तूफ़ान कहा जाएगा।

# जयदेव उनादकट ने ससेक्स के साथ अपना अनुबंध दो साल के लिए बढ़ाया

एजेंसी, नई दिल्ली



भारतीय तेज गेंदबाज जयदेव उनादकट ने 2025 और 2026 काउंटी चैंपियनशिप सीज़न के लिए ससेक्स के साथ दो साल का अनुबंध विस्तार किया है। उनादकट ने पहली बार 2023 में ससेक्स के साथ करार किया था और अपने पहले सीज़न में उन्होंने तीन मैचों में 11 विकेट चटकाए थे। वह 2024 में टीम में लौटे और पांच मैचों में 14.40 की औसत से 22 विकेट चटकाए। गेंद के साथ उनके बेहतरीन प्रदर्शन ने सीधे तौर पर ससेक्स को डिवीजन टू का खिताब जीतने में मदद की। टीम द्वारा जारी एक विज्ञप्ति में उनादकट के हवाले से कहा गया, "जब मैं पिछले साल होव आया था, तो मुझे यकीन नहीं था कि काउंटी चैंपियनशिप में क्या होगा और मैं इसके लिए कैसे खुद को ढाल पाऊंगा। लेकिन अब कुछ खेलों के बाद, मैं निश्चित रूप से कह सकता हूं कि होव मेरे घर से दूर मेरा दूसरा घर है और गुड ओल्ड ससेक्स बाय द सी मेरा दिल जीत लेता है।" ससेक्स के मुख्य कोच पॉल फरब्रेस ने एक खिलाड़ी और एक व्यक्ति के रूप में टीम को प्रदान की जाने वाली गुणवत्ता के बारे में खुलकर बात की। उन्होंने कहा, "होव में हर कोई बहुत खुश और उत्साहित है कि जयदेव [उनादकट] ने दो साल के विस्तार पर हस्ताक्षर किए हैं और अगले दो सत्रों के लिए क्लब में वापस आएंगे।" उन्होंने कहा, "जयदेव की पिच पर गुणवत्ता हर किसी के लिए स्पष्ट है, लेकिन एक व्यक्ति के रूप में उनके गुण उन्हें सबसे लोकप्रिय और सबसे अच्छे लोगों में से एक बनाते हैं, जिनकी कोई भी टीम कामना कर सकती है।"

# वुहान ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचीं झेंग किनवेन

एजेंसी, वुहान

चीन की झेंग किनवेन ने इटली की तीसरी वरीयता प्राप्त जैस्मीन पाओलिनी को 6-2, 3-6, 6-3 से हराकर शुक्रवार रात वुहान ओपन के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। यह मैच दो घंटे 14 मिनट तक चला, जिसमें झेंग ने 10 ऐस लगाकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। पहले सेट में शुरू से ही कड़ी टक्कर देखने को मिली। शुरुआती गेम में झेंग पहले 0-30 से पिछड़ रही थीं, लेकिन पाओलिनी की सर्विस तोड़ने के लिए उन्होंने शानदार लचीलापन दिखाया। अगले कुछ गेम में दोनों खिलाड़ियों ने अपनी सर्विस बरकरार रखी, लेकिन झेंग ने इसके बाद लगातार तीन गेम जीतकर सेट 6-2 से अपने नाम कर लिया। दूसरे सेट में पाओलिनी ने वापसी की और झेंग की सर्विस दो बार तोड़कर 6-3 से जीत दर्ज की। निर्णायक तीसरे सेट की शुरुआत दोनों खिलाड़ियों द्वारा 3-3 तक अपनी सर्विस बनाए रखने से हुई। इसके बाद झेंग ने बेहतर प्रदर्शन किया और पाओलिनी की सर्विस तोड़कर अपनी सर्विस को बनाए रखते हुए मैच को 6-3 से अपने नाम किया और सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की की। मैच के बाद झेंग ने कहा, "पाओलिनी ने आज बहुत अच्छा खेला। उनका आक्रामक खेल बहुत ही शानदार था और यह निश्चित रूप से टूर्नामेंट का मेरा अब तक का सबसे चुनौतीपूर्ण मैच था।"

# हांगकांग क्रिकेट सक्सेस टूर्नामेंटः रॉबिन उथप्पा करेंगे भारतीय टीम का नेतृत्व

एजेंसी, नई दिल्ली



रॉबिन उथप्पा 1 से 3 नवंबर तक होने वाले हांगकांग क्रिकेट सिक्सेस टूर्नामेंट में सात सदस्यीय भारतीय टीम का नेतृत्व करेंगे। टीम के बाकी खिलाड़ियों में भरत चिपली, केदार जाधव, मनोज तिवारी, शाहबाज नदीम, श्रीवत्स गोस्वामी और स्टुअर्ट बिन्नी शामिल हैं। हांगकांग क्रिकेट सिक्सेज़ टूर्नामेंट 2017 के बाद पहली बार लौट रहा है और टिन क्वांग रोड क्रिकेट ग्राउंड में खेला जाएगा।

इस आयोजन में 12 देश शामिल होंगे, जो सिक्स-ए-साइड मैचों में प्रतिस्पर्धा करेंगे। 12 टीमों को तीन-तीन के चार पूल में विभाजित किया जाएगा, जो राउंड-रॉबिन प्रारूप में प्रतिस्पर्धा करेंगे। प्रत्येक समूह की शीर्ष दो टीमें क्वार्टर फाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी। जबकि क्वार्टर फ़ाइनल के विजेता कप सेमीफ़ाइनल में प्रवेश करेंगे, क्वार्टर फ़ाइनल के हारने वाले प्लेट सेमीफ़ाइनल में प्रतिस्पर्धा करेंगे। प्रत्येक पूल में सबसे निचले स्थान पर रहने वाली टीम बाउल प्रतियोगिता खेलेगी। तीन दिवसीय टूर्नामेंट में कुल 29 मैच खेले जायेंगे। पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना की स्थापना की 75वीं वर्षगांठ मनाने के लिए टूर्नामेंट के अंतिम दिन एक महिला प्रदर्शनी मैच भी आयोजित किया जाएगा।

## व्यापार

# त्योहारी सीजन शुरू होते ही सजने लगा ड्राई फ्रूट मार्केट

एजेंसी, नई दिल्ली




त्योहारी सीजन की शुरुआत होते ही देश में ड्राई फ्रूट (मेवा) मार्केट भी सजने लगा है। धनतेरस से लेकर दिवाली तक और फिर शादी के सीजन में ड्राई फ्रूट्स की जमकर खरीदारी होती है। इसके साथ ही सेहत के प्रति लोगों की जागरूकता जैसे-जैसे बढ़ी है, वैसे-वैसे लोगों के खान-पान की शैली में भी बदलाव आया है और खान-पान में ड्राई फ्रूट्स ने मजबूती के साथ अपना स्थान बना लिया है।

मार्केट एक्सपर्ट्स मुताबिक पिछले 5 साल की अवधि में भारत में ड्राई फ्रूट्स की खपत में 25 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। खासकर पिछले 2 साल से देश में ड्राई फ्रूट्स का मार्केट सालाना 8 प्रतिशत की रफ्तार से बढ़ रहा है। सेहत के प्रति जागरूकता और लोगों की आय में हुई बढ़ोतरी की वजह से भी ड्राई फ्रूट्स की मांग में तेजी आई है। मार्केट एक्सपर्ट्स के मुताबिक देश में ड्राई फ्रूट्स की घरेलू जरूरत को पूरा करने के लिए भी अंतरराष्ट्रीय बाजार से होने वाले आयात पर ही निर्भर करना पड़ता है। भारत फिलहाल दुनिया का सबसे बड़ा ड्राई फ्रूट इंपोर्टर है। ग्लोबल इंपोर्ट में भारत की हिस्सेदारी 11.2 प्रतिशत की है। फिलहाल भारत सबसे अधिक अमेरिका से ड्राई फ्रूट्स का आयात करता है। 2023-24 में भारत ने ड्राई फ्रूट्स का आयात करने के लिए ग्लोबली 2.85 बिलियन डॉलर का खर्च किया था। ये स्थिति भी तब है, जब भारत में खुद भी काजू और किशमिश जैसे ड्राई फ्रूट्स का भारी मात्रा में उत्पादन होता है। इसके साथ ही अखरोट और बदाम का भी देश के कुछ हिस्सों में उत्पादन होता है। ड्राई फ्रूट्स के इंपोर्ट में सबसे बड़ी हिस्सेदारी काजू की है। देश के कुल ड्राई फ्रूट इंपोर्ट में लगभग 50 प्रतिशत हिस्सेदारी काजू की है। 2023-24 में देश में भारत में उत्पादित काजू और आयातित काजू को मिला कर काजू का ही कुल 2.40 बिलियन डॉलर का कारोबार हुआ था। अनुमान लगाया जा रहा है कि मौजूदा वित्त वर्ष के अंत तक देश में काजू का कुल कारोबार 2.90 बिलियन डॉलर तक पहुंच जाएगा। ड्राई फ्रूट्स के इंपोर्टर सुरेंद्र अग्रवाल के अनुसार ड्राई फ्रूट्स में सबसे अधिक मांग काजू की ही है। मांग के लिहाज से देखा जाए तो कुल ड्राई फ्रूट्स में काजू की हिस्सेदारी करीब 40 प्रतिशत है। सबसे अधिक मांग होने की वजह से ही काजू की कीमत में पिछले 1 साल में ही 45 से 50 प्रतिशत तक का इजाफा हो गया है। खासकर फेस्टिवल सीजन के दौरान ड्राई फ्रूट्स की मांग में और तेजी आई है। ऐसी स्थिति में दिवाली तक काजू, बादाम, अखरोट और पिस्ता के दाम में तेजी आने की पूरी संभावना बनी हुई है। इसके साथ ही किशमिश की लंबी वाली किस्म की मांग में भी तेजी आने की संभावना है। इसलिए किशमिश की ये किस्म भी तुलनात्मक तौर पर महंगी हो सकती है। हालांकि किशमिश की गोल वाली किस्म की मांग में अधिक बढ़ोतरी होने के आसार नहीं है।

# सर्राफा बाजार में लगातार दूसरे दिन तेजी, सोना और चांदी के भाव चढ़े

एजेंसी, नई दिल्ली



घरेलू सर्राफा बाजार में आज लगातार दूसरे दिन तेजी का रुख नजर आ रहा है। सोने के भाव में आज आए उछाल के कारण देश के अधिकांश सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 77,820 रुपये से लेकर 77,670 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 71,350 से लेकर 71,200 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। सोने की तरह ही चांदी की कीमत में तेजी आने के कारण दिल्ली सर्राफा बाजार में ये चमकीली धातु आज 97,000 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर है। दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 77,820 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 71,350 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं मुंबई में 24 कैरेट सोना 77,670 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 71,200 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 77,720 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 71,250 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 77,670 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 71,200 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 77,670 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 71,200 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 77,820 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 71,350 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। वहीं पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 77,720 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है, जबकि 22 कैरेट सोना 71,250 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 77,820 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 71,350 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजारों में भी तेजी आने की वजह से आज सोना महंगा हुआ है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों- बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 77,670 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह इन तीनों शहरों के सर्राफा बाजारों में 22 कैरेट सोना 71,200 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

# अक्टूबर में सेलर बने विदेशी निवेशक, सिर्फ 9 दिन में की 58,394 करोड़ की बिकवाली

एजेंसी, नई दिल्ली

अक्टूबर के महीने में विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) अभी तक भारतीय शेयर बाजार में शुद्ध बिकवाल बने हुए हैं। शुक्रवार को खत्म हुए कारोबारी सप्ताह के दौरान विदेशी निवेशकों ने 27,674 करोड़ रुपये के शेयरों की बिक्री की। सिर्फ शुक्रवार को ही विदेशी निवेशकों ने दिन भर में 4,163 करोड़ रुपये की बिकवाली की। अक्टूबर के महीने में अब तक कुल 9 दिन कारोबार हुआ है। इन 9 दिनों में विदेशी निवेशक एकतरफा बिकवाली करते रहे हैं। इस दौरान उन्होंने भारतीय शेयर बाजार में 58,394.56 करोड़ रुपये की शुद्ध बिकवाली की। स्टॉक एक्सचेंज के पास उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार अक्टूबर के महीने में विदेशी संस्थागत निवेशक जहां अंधाधुंध बिकवाली करते रहे, वहीं घरेलू संस्थागत निवेशक (डीआईआई) खरीदारी करके लगातार शेयर बाजार को सपोर्ट देने की कोशिश करते रहे। सिर्फ शुक्रवार को ही घरेलू संस्थागत निवेशकों ने 3,731 करोड़ रुपये की खरीदारी की। अक्टूबर के महीने में अभी तक घरेलू संस्थागत निवेशक करीब 57,792.20 करोड़ रुपये की शुद्ध खरीदारी कर चुके हैं। स्टॉक एक्सचेंज के आंकड़ों को देखें तो इस साल विदेशी संस्थागत निवेशक कुल 1.97 लाख करोड़ रुपये के शेयरों की बिकवाली कर चुके हैं। दूसरी ओर घरेलू संस्थागत निवेशकों ने इस अवधि में 4.76 लाख करोड़ रुपये के शेयरों की खरीदारी की है। इस आंकड़े से साफ है कि घरेलू संस्थागत निवेशकों ने विदेशी निवेशकों की बिकवाली की तुलना में दो गुना से अधिक खरीदारी करके घरेलू शेयर बाजार को लगातार सपोर्ट देने की कोशिश की है। घरेलू निवेशकों की इस खरीदारी के कारण शेयर बाजार न केवल बड़ी गिरावट से बच गया, बल्कि बाजार में लगातार तेजी का रुख भी बना रहा। मार्केट एक्सपर्ट्स का मानना है कि पिछले कुछ सालों के दौरान घरेलू शेयर बाजार के कारोबार के तरीके में बदलाव आया है। पहले विदेशी संस्थागत निवेशकों की मर्जी के हिसाब से शेयर बाजार में कारोबार होता था। विदेशी निवेशक कभी भी जोरदार खरीदारी करके बाजार की चाल को तेज कर देते थे, वहीं कभी भी बाजार में जबरदस्त बिकवाली करके शेयर बाजार को ध्वस्त कर देते थे। ऐसा होने से छोटे और खुदरा निवेशकों को भारी नुकसान का सामना करना पड़ता था।

# मल्टीबैगर रिटर्न देने वाली कंपनी पर सेबी की सख्ती, शेयर मार्केट में बैन किया गया

एजेंसी, नई दिल्ली

मार्केट रेगुलेटर सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया (सेबी) ने पिछले 5 सालों के दौरान शेयर बाजार के निवेशकों को जबरदस्त मुनाफा देने वाली कंपनी क्रेसेंडा रेलवे सॉल्यूशंस और उसके कई डायरेक्टर्स के खिलाफ सख्त एक्शन लेते हुए उन्हें शेयर बाजार से बैन कर दिया है। कंपनी और उसके डायरेक्टर्स पर वित्तीय अनियमितता का आरोप लगा है। क्रेसेंडा रेलवे सॉल्यूशंस के शेयर ने पिछले कुछ सालों के दौरान जबरदस्त धूम मचाई थी। पिछले 5 सालों की अवधि में इस कंपनी के शेयर ने निवेशकों को कई गुना मल्टीबैगर रिटर्न दिया है, लेकिन अब ये कंपनी गंभीर वित्तीय अनियमितता के आरोपों की वजह से बड़े विवाद में फंस गई है। मार्केट रेगुलेटर सेबी के अनुसार कंपनी ने फर्जी बिक्री और खरीद के जरिए अपने अकाउंट्स और बैलेंस शीट में गलत आंकड़े दिखाए। आरोप है कि निवेशकों को धोखे में रखने के लिए ऐसा किया गया। सेबी के आदेश में बताया गया है कि क्रेसेंडा ने उत्पादों की नकली बिक्री और खरीद का सहारा लिया और फर्जी रेवेन्यू दिखाकर अपने खातों में आंकड़ों को बढ़ाया। ये गड़बड़ियां वित्त वर्ष 2022-23 की तो हैं ही, 2023-24 में भी ये गड़बड़ियां जारी रहीं।

# पिछले दस दिनों में हुआ 50 हजार करोड़ रुपये का व्यापार, दीवाली पर बंपर होगा कारोबारः कैट

एजेंसी, नई दिल्ली



देश में पिछले दस दिनों में 50 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा का कारोबार हो चुका है। इस त्योहारी सीजन में लाखों लोगों को रोजगार भी मिला है। अब दीपावली पर बंपर व्यापार होने की संभावना है। इससे भारतीय अर्थव्यवस्था में बड़ा उछाल आ सकता है। कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय महामंत्री और चांदनी चौक सीट से भाजपा के सांसद प्रवीण खंडेलवाल ने शनिवार को जारी एक बयान में यह बात कही। कैट महामंत्री ने बताया कि राजधानी नई दिल्ली सहित देशभर में अगले एक महीने तक त्योहारों की धूम रहेगी। उन्होंने कहा कि पिछले दस दिनों के नवरात्र, दुर्गा पूजा, रामलीला, डांडिया एवं गरबा उत्सवों के आयोजनों एवं विभिन्न वस्तुओं की खरीदारी से अर्थव्यवस्था मजबूत हुई है। इन कार्यक्रमों के आयोजन से भारत की संस्कृति एवं सभ्यता को बढ़ावा मिला है। देश में व्यापार, सर्विस सेक्टर तथा अर्थव्यवस्था भी तेज़ी से मज़बूत हुई है तथा बड़े पैमाने पर कारीगरों, शिल्पकारों एवं श्रमिकों को भी बड़ा रोज़गार मिला है। सांसद प्रवीन खंडेलवाल ने बताया कि देशभर में बड़े पैमाने पर लाखों छोटे-बड़े उत्सवों के माध्यम से पंडाल निर्माण से लेकर मूर्ति निर्माण, सजावट, भोजन, कपड़े, बिजली व्यवस्था, पूजा सामग्री, फल-फूल और सेवाओं से जुड़े कई व्यवसायों को बड़े पैमाने पर काम मिला है, जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को बड़ा लाभ हुआ है।

हिन्दी दैनिक
राष्ट्रीय मुख्यधारा
अख़बार भी, आन्दोलन भी
बोकारो, सोमवार, 14 अक्टूबर, 2024



# उपचार से बेहतर है, रोगों की रोकथाम

जून और जुलाई के महीने में जैसे ही बरसात की शुरुआत होती है, रोगकारी जीवाणु और विषाणुओं को पर्याप्त मात्रा में आर्द्रता एवं तापमान मिलने से वे सक्रिय हो जाते हैं और कई भयानक बीमारियों जैसे कि लंगड़ा बुखार तथा गलघोटू बीमारियों को जन्म देते हैं। जैसा कि हम जानते हैं कि उपचार से बेहतर है रोगों की रोकथाम। बरसात के इन दिनों में जानवरों को रोगों से सुरक्षा प्रदान करने के मूल रूप से दो तरीके हैं। पहला है पर्याप्त पोषण के अभाव में टीकाकरण के बावजूद भी जानवर पर्याप्त मात्रा में पोषक तत्व जैसे कि प्रोटीन, खनिज एवं विटामिन्स आवश्यक होते हैं जो कि जानवरों को संतुलित आहार से प्राप्त होते हैं तथा पर्याप्त रूप से रोग प्रतिरोधक क्षमता प्रदान करते हैं।





दूसरा है टीकाकरण जिसमें हम जानवर को टीका लगाते है, टीका एक जैविक कारक होता है। यह किसी एक विशिष्ठ रोगकारी कारण का ही निष्क्रिय रुप होता है यह टीका जानवरों में रोग तो उत्पन्न नहीं कर पाता परंतु बीमारी के खिलाफ पर्याप्त रुप से रोग प्रतिरोधक क्षमता प्रदान करता है। इसलिए हम किसी सरकारी पशु चिकित्सालय अथवा प्राइवेट पशु चिकित्सालय से जानवर का टीकाकरण करवा सकते हैं। प्राय: यह देखा गया है कि गाय व भैंस बरसात के दिनों में ब्याना शुरू करते हैं, इन्ही दिनों पशुओं की विशेष देखभाल आवश्यक है परंतु इसके विपरीत पशुपालक भाई इन्हीं माहों में (गर्भावस्था के अंतिम काल) चूंकि पशु दूध देना बंद कर देता है या दूध निकालना बंद कर देते हैं और इन गर्भस्थ पशुओं को केवल भूसा या सूखा चारा ही प्रदान किया जाता है। जबकि गर्भस्थ पशु को गर्भावस्था के अंतिम काल में ही सबसे अधिक पौष्टिक तत्वों की आवश्यकता होती है, क्योंकि इसी अवस्था में गर्भस्थ बछड़े की 75 प्रतिशत वृद्धि होती है इसी काल में गर्भस्थ पशु आवश्यक तत्वों का संग्रह भी करता है जिनका उपयोग पशु दूध श्रवण काल में करता है। चूंकि गर्भस्थ बछड़े अपना पोषण अपनी मां से ही प्राप्त करते हैं जिसमें गर्भस्थ पशु में पोषक तत्वों की कमी हो जाती है जो अन्य कई समस्याओं को जन्म देती है जैसे कि–

- जर रुकना
- रक्त युक्त पेशाब
- दुग्ध ज्वार
- किटोसिस

## जर रुकना

बच्चा जन्म लेने के बाद कभी–कभी मादा जर नहीं गिराती जिसका मुख्य कारण आहार में कैल्सियम, फास्फोरस, विटामिन–सी व सेलेनियम इत्यादि की कमी है।

## रक्त युक्त पेशाब

सामान्यत: अधिक दूध देने वाले शंकर गायों में ब्याने के उपरांत तथा भैसों में गर्भावस्था के अंतिम काल में देखा गया है। इसका मुख्य कारण आहार में फास्फोरस की कमी है। जिससे रक्त में उपस्थित लाल रक्त कणिकाएं टूटने लगती हैं और हिमोग्लोबिन मूत्र के साथ विर्सजित होने लगती है। जिससे मूत्र भूरा काफी के रंग जैसा हो जाता है। इस अवस्था से बचने के लिए हमें गर्भस्थ पशु को पर्याप्त मात्रा में लगभग दो–तीन किलो दाना देना चाहिए।

## दुग्ध ज्वर

यह समस्या मुख्यत: अधिक दूध देने वाली संकर गायों में ब्याने के बाद प्रथम 3–4 दिनों में होता है क्योंकि दूध में कैल्सियम की अधिक मात्रा उत्सर्जित होती है जिससे रक्त में कैल्सियम की कमी हो जाती है। पशु के शरीर का तापमान सामान्य से कम हो जाता है पशु बेहोश भी हो सकता है कैल्सियम की कमी से पशु जमीन पर बैठ जाता है और सिर को छाती पर टिका देता है। जिससे यह प्रतीत होता है कि पशु सो रहा है। तथा सही समय पर उचित उपचार नहीं मिलने से पशु मर भी सकता है।

## गर्भपात (मृत नवजात का जन्म)

यह समस्या मुख्यत: आहार में प्रोटीन विटामिन–ए, विटामिन–सी, कॉपर व सैलेनियम की कमी से होता है जो भ्रूण के पूर्ण विकास के लिए आवश्यक हैं।

## गलघोटू

यह वर्षाकाल में होने वाला एक भयानक फैलने वाला तथा घातक संक्रामक रोग है। इसमें तेज ज्वर, मुंह तथा गले पर शोधवाली सूजन होती है, आमाशय व आंत में पीड़ा होती है। मुंह से लार व नाक से गाढ़ा स्राव निकलता है।

## लंगड़ा बुखार

यह भी वर्षाकाल में होने वाली एक जीवाणु जनित छूतदार बीमारी है जिसमें शरीर के अगले कंधे अथवा पिछले पुट्ठों पर गैस भरी सूजन हो जाती है। बरसात के दिनों में होने वाली बीमारियों से सुरक्षा के लिए जानवरों का टीकाकरण करवायें । इन दोनों बीमारियों से सुरक्षा के लिए रक्षा ट्राईऔवेक टीके का उपयोग करना चाहिए जो किसी भी सरकारी पशु चिकित्सालय अथवा प्राइवेट पशु चिकित्सालय के द्वारा किया जा सकता है। बछड़ों में यह टीका चार माह या इससे अधिक आयु पर लगाया जा सकता है, इसके नो महीने बाद बूस्टर डोज लगाया जाता है। और उसके बाद वार्षिक टीकाकरण किया जा सकता है वयस्क जानवरों में यह टीका मानसून आने से पहले लगवायें।

## डाउनर काऊ सिन्ड्रोम

इसका मुख्य कारण गर्भस्थ पशु के आहार में कैल्सियम, फास्फोरस व मैग्नेशियम की कमी है। इस रोग में पशु सामान्य प्रतीत होता है, परंतु पशु खड़ा होने में असमर्थ रहता है।

## किटोसिस

इस रोग में पशु के रक्त में किटोन बॉडिज बन जाती है जिसका मुख्य कारण गर्भस्थ पशु के आहार में शर्करा की कमी है। अंत में हम सभी पशु पालकों को यह सुझाव देना चाहेंगे कि गर्भवस्था के अंतिम काल में खनिज एवं विटामिन युक्त संतुलित आहार पशु को अवश्य दें इसके लिए 2–3 किलोग्राम दाना मिश्रण का उपयोग करें। ताकि पशुओं को उपरोक्त समस्याओं से बचाया जा सके।

## गर्भाशय का बाहर निकलना

यह समस्या गाय/भैसों में ब्याने के तुरंत बाद या गर्भावस्था के अंतिम काल में पायी जाती है। इसका मुख्य कारण आहार में कैल्सियम तथा फास्फोरस की कमी है।





# हवादार, ठंडा रखें भैंसों का घर



## आवास प्रबंधन

भैंसों का बाड़ा ऊंचाई पर स्थित होने के अलावा रोशनीदार हवादार, ठंडा तथा सूखा होना चाहिए. बाड़ा खुला होना चाहिए और चारों कोनों में ईट क्रॉकीट या लोहा या अन्य चीजों के खंबे होने चाहिए. उन पर लकड़ी, लोहा या अन्य मजबूत चीज का ढाँचा तथा उस पर सीमेंट ऑएबेस्टॉस या अन्य मजबूत लेकिन ज्यादा गर्म न होने वाली चीज का छत होना चाहिए. जमीन की सतह से छत की ऊंचाई 12 से 15 फीट होनी चाहिए. इससे बाड़े में स्थित गर्म हवा बाहर निकलकर ठंडी हवा अंदर आकर बाड़े का तापक्रम कम रहता है. फर्श सीमेंट कांक्रीट का पक्का होना चाहिए.

छत पर स्थित चादरें इतनी लंबी हो ताकि दीवारों की सतह से उनके बाहरी सिरे ढाई से तीन फीट बाहर निकले. इससे दीवारें ज्यादा गर्म नहीं होती. बाड़े के चारों ओर दिन में गर्मी के समय टाट,बोरी, बारदाने के मोटे पर्दे लगवाकर उन्हें पानी छिटककर गीला रखें. इससे बाहर की हवा छनकर ठंडी होकर बाड़े के भीतर प्रवेश करेगी तथा भीतरी तापमान में कमी आयेगी. छत के ऊपर सफेद रंग लगवाये या ऊपर घांस–फूस डलवायें या उस पर हरी–भरी बेलें चढ़वायें. इससे छत ठंडी रहेगी और बाड़े का तापमान भी कम रहेगा. बाड़े के तीन बगलों पर हरे–भरे घांस की क्यारियाँ जैसे बरसीम, लूसर्न, चौलाई आदि लगायें. इससे चारा प्राप्त होगा तथा आसपास का वातावरण (सूक्ष्म वातावरण) ठंडा रहेगा. इन क्यारियों पर पानी की फुहारें डलवायें तो और भी ठंडक मिलेगी. बाड़े के चारों ओर हरे–भरे, फैली हुई डालियों वाले घने छायादार वृक्ष जैसे बरगद, बादाम, आम, नीम आदि लगायें. भैंसों को ऐसे छायादार वृक्षों की ठंडी छांव में बैठना बहुत पसंद होता हैं तथा वह उनके स्वास्थ्य और अच्छी उत्पादन क्षमता के लिए काफी फायदेमंद होता है. भैंस फार्म की बाड़ के पास भी घनी झाड़ियां जैसे बांस, सुबबूल आदि लगवायें.

## आहार प्रबंधन

भैंसों के आहार में 60 प्रतिशत हरा चारा तथा 40 प्रतिशत सूखा चारा शामिल होना चाहिए. इन दोनों में फलीधारी चारा जैसे बरसीम, लूसर्न, चौलाई शामिल कर सकते हैं तथा मक्का, ज्वार या बाजरे का चारा भी शामिल कर सकते हैं. सूखा चारा दिन में न खिलायें बल्कि उसे शाम की रात को तथा सबेरे खिलायें. दिन में गर्मी के समय हरा चारा खिलायें. इससे भैंसों को ठंडक मिलेगी. उन्हें 3 से 4 छोटे चम्मच विटामिन मिश्रण कुट्टी में मिलाकर खिलायें. कुट्टी में 30 ग्राम सादा नमक डालें. इसके अलावा या तो कुट्टी में 30 ग्राम खनिज मिश्रण चूर्ण डालें या खनिज–ईट बाड़े में नांद के ऊपर टांग कर रखें जिसे चाटने से भैंस की खनिजों की प्राप्ति होगी.



हिन्दी दैनिक
राष्ट्रीय मुख्यधारा
अख़बार भी, आन्दोलन भी
बोकारो, सोमवार, 14 अक्टूबर, 2024





# फ्लाइट में 24 घंटे की देरी होने पर टर्किश एयरलाइंस पर भड़कीं तापसी

## बताया सबसे खराब अनुभव

**तापसी** पन्नू को हाल में ही अपनी फ्लाइट में देरी होने की वजह से समस्या का सामना करना पड़ा और इसके लिए अभिनेत्री ने टर्किश एयरलाइंस के प्रति अपनी नाराजगी जाहिर की। अभिनेत्री तापसी पन्नू को आखिरी बार खेल खेल में देखा गया था, जो अगस्त 2024 में रिलीज हुई थी और यह इतालवी फिल्म परफेक्ट स्ट्रेंजर्स से प्रेरित है। इस फिल्म में अक्षय कुमार, एमी विर्क, फरदीन खान, वाणी कपूर, आदित्य सील और प्रज्ञा जायसवाल ने अभिनय किया था। अब अभिनेत्री एक बार फिर सुर्खियों में आ गईं। हाल ही में अभिनेत्री ने टर्किश एयरलाइंस के प्रति अपनी निराशा व्यक्त की।

तापसी ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर लिखा, सबसे खराब अनुभव टर्किश एयरलाइंस, आपके पास सबसे गैर-परवाह ग्राहक सेवा है या रुकिए, आपके पास खुद कोई ग्राहक देखभाल सेवा नहीं है। खासकर उन यात्रियों के लिए, जो आपकी देरी के कारण परेशान होते हैं। इसे खुद ही पता लगाना है। वाह, आपकी एयरलाइन समस्या के कारण 24 घंटे की देरी, यह पता लगाने के लिए यात्री की समस्या नहीं है।

### श्रुति हासन भी हो चुकी हैं परेशान

तापसी उड़ान में होने वाली देरी से परेशान होने वाली पहली अभिनेत्री नहीं हैं। हाल ही में साउथ अभिनेत्री श्रुति हासन ने भी इस समस्या का सामना किया था। उन्होंने इस समस्या का अनुभव इंडिगो एयरलाइन के साथ किया था। श्रुति ने एक्स पर अपनी आपबीती साझा की और देरी की वजह से हुई अव्यवस्था के बारे में बात की थी। उन्होंने ट्वीट किया था, अरे मैं आम तौर पर शिकायत करने वालों में से नहीं हूं, लेकिन इंडिगो आपने आज अव्यवस्था के मामले में वाकई बहुत बड़ी गलती कर दी, हम पिछले चार घंटों से एयरपोर्ट पर फंसे हुए हैं और हमें कोई जानकारी नहीं है, शायद आप अपने यात्रियों के लिए कोई बेहतर तरीका सोच सकते हैं जानकारी, शिष्टाचार और स्पष्टता।

### तापसी पन्नू की आने वाली फिल्में

वहीं, तापसी पन्नू की आने वाली फिल्मों के बारे में बात करें तो अभिनेत्री के पास प्रतीक गांधी के साथ वो लड़की है कहां फिल्म है। इसके बाद वह कनिका ढिल्लों के साथ गांधारी में नजर आएंगी, जिसे एक एक्शन-थ्रिलर फिल्म बताया जा रहा है। सी फिल्म का प्रीमियर नेटफ्लिक्स पर होगा।

## बाबा सिद्दीकी को महंगी पड़ी सलमान से दोस्ती



एनसीपी पार्टी के नेता बाबा सिद्दीकी को शनिवार शाम को तीन अज्ञात हमलावरों ने गोली मार दी. पुलिस की मानें तो उनपर हमला तब हुआ, जब वो अपने बेटे जीशान सिद्दीकी के बांद्रा ईस्ट स्थित ऑफिस से निकलकर अपनी कार में बैठकर जा रहे थे. गोली उनके पेट और सीने पर लगी थी. आनन-फानन में उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी मौत हो गई. अब उनकी मौत को लेकर नया अपडेट आया है. लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने उनकी हत्या की जिम्मेदारी एक सोशल मीडिया पर पोस्ट कर ली.

बाबा सिद्दीकी की मौत के पीछे लॉरेंस बिश्नोई गैंग का हाथ है. लॉरेंस बिश्नोई गैंग के एक मेंबर का फेसबुक पोस्ट तेजी से सोशल मीडिया पर पोस्ट हो रहा है. पोस्ट में लिखा गया है कि, ओ3म् जय श्री राम जय भारत जीवन का मूल समझता हूं, जिस्म और धन को में धूल समझता हूं. किया वही सत्कर्म था जो, निभाया मित्रता का धर्म था जो. सलमान खान हम ये जंग चाहते नहीं थे पर तुमने हमरे भाई का नुकसान करवायाज आज जो बाबा सिद्दीके के शराफत के पुल बांध रहे है या एक टाइम में दाऊद के साथ मकोका एक्ट में था. इसके मरने का कारण अनुज थापन और दाऊद को बॉलीवुड, राजनीति, प्रॉपर्टी डीलिंग से जोड़ना था.

आगे इस पोस्ट में लिखा हुआ है, हमारी किसी से कोई दुश्मनी नहीं है पर जो भी सलमान खान और दाऊद गैंग की हेल्प करेगा अपना हिसाब किताब लगा के रखना. हमारे किसी भी भाई को कोई भी मरवाएगा तो हम प्रतिक्रिया जरूर देंगे. हम ने पहले वार कभी नहीं किया.

# डिजाइनर पंकज और निधि के लिए रैंप वॉक करेंगी शरवरी



बॉलीवुड एक्ट्रेस शरवरी वाघ मशहूर डिजाइनर पंकज और निधि के लिए फैशन शो में रैंप वॉक करेंगी। अभिनेत्री ने डिजाइनर पंकज और निधि के साथ काम करने को सपने जैसा बताया। उन्होंने कहा कि वह रैंप पर चलने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं।

शरवरी ने कहा, मैं भारत के पसंदीदा डिजाइनर पंकज और निधि के लिए शोस्टॉपर के तौर पर रैंप पर चलने को लेकर काफी रोमांचित हूं। इन दो प्रतिष्ठित नामों के लिए भारत के सबसे बड़े फैशन शो में से एक के रैंप पर डेब्यू करना मेरे लिए सपना सच होने जैसा है। शरवरी ने डिजाइनर जोड़ी के साथ काम करने को लेकर खुशी जाहिर की।

उन्होंने कहा, अपनी नई और क्रिस्प सेंसिबिलिटी की वजह से यह पावरहाउस कपल स्टाइल और एलिगेंस के मामले में हर कदम को आगे ले जाती है। इसलिए, मैं उनके शोस्टॉपर आउटफिट और उनके लेबल के साथ न्याय करने को लेकर बेहद उत्साहित हूं। मुझे उम्मीद है कि लोग मुझे शुभकामनाएं देंगे और इस डेब्यू पर मेरा उत्साहवर्धन करेंगे। बता दें कि एक्ट्रेस शरवरी शनिवार को नई दिल्ली में लैक्मे फैशन वीक 2024 में वॉक करती नजर आएंगी। पंकज और निधि के डिजाइन किए ड्रेसेस को दीपिका पादुकोण, सोनम कपूर, शिल्पा शेट्टी, यामी गौतम और आलिया भट्ट जैसी मशहूर हस्तियों ने भी पहना है। इसके साथ ही शरवरी ने शनिवार को दशहरे के अवसर पर अपने आगामी प्रोजेक्ट के बारे में भी बताया। उन्होंने कहा कि वह आलिया भट्ट अभिनीत आगामी फिल्म अल्फा के लिए प्रार्थना कर रही हैं। उन्होंने कहा कि इस दिन अन्याय, अज्ञानता और बुराई से लड़ने के सभी साधनों की पूजा करें। उन्होंने कैप्शन में लिखा, हैप्पी दशहरा और विजयादशमी। आज मैं अल्फा के लिए प्रार्थना कर रही हूं, क्योंकि इस दिन हम सभी हथियारों, औजारों, उपकरणों, किताबों, कलमों की पूजा करते हैं, क्योंकि वे अन्याय, अज्ञानता और बुराई से लड़ने के साधन हैं।

# अदा शर्मा ने हॉरर फिल्म 1920 को लेकर किया खुलासा

अदा शर्मा एक भारतीय फिल्म अभिनेत्री हैं, जो मुख्य रूप से हिंदी, तेलुगु और तमिल भाषाओं की फिल्मों में बेहतरीन अभिनय के लिए जानी जाती हैं। अदा ने महिला प्रधान सबसे ज्यादा कमाई करने वाली हिंदी फिल्म द केरला स्टोरी और बस्तर जैसी शानदार फिल्मों में भी दमदार अभिनय किया और दर्शकों का दिल जीत लिया। अदा ने अपनी हॉरर फिल्म 1920 को लेकर एक चौंकाने वाला खुलाया किया, जिसे सुनकर कोई भी हैरान हो जाएगा। इसके अलावा रीटा सान्याल को लेकर भी किए कई खुलासे। सनफ्लावर में एक विचित्र किरदार निभाने वाली अदा शर्मा अब अपने आने वाले शो रीटा सान्याल में 10 अलग-अलग भूमिकाएं निभाती नजर आएंगी। शो से पहले एक इंटरव्यू में अदा ने बताया कि कैसे लोगों ने उन्हें उनकी फिल्म 1920 के दौरान विदेशी समझ लिया था। अपने शो रीटा सान्याल के बारे में अदा ने कहा, मैं आपको यह नहीं बता सकती कि एक अभिनेता के रूप में मैं कितनी भाग्यशाली महसूस करती हूं। मुझे लोगों के लहजे, उनकी नकल करना पसंद है और मुझे शो में 10 अलग-अलग लोगों के रूप में यह सब करने का मौका मिला। अदा शर्मा खुद को खुशकिस्मत मानती हैं कि उन्हें अपने फिल्मी करियर में कभी टाइपकास्ट नहीं किया गया और उन्हें अलग-अलग भूमिकाएं निभाने का अवसर मिला।

एक इंटरव्यू के दौरान अदा ने बताया कि उनकी पहली हॉरर फिल्म 1920 के बाद ही उन्हें स्टीरियोटाइप कर दिया गया था। उन्होंने कहा, लोगों को लगा कि मैं विदेशी हूं। मैंने नीला लेंस पहना हुआ था और मैं वास्तव में पीली दिख रही थी। सूरज नहीं था। हम लंदन में बिल्कुल भी टैन नहीं हुए थे। वहां ठंड थी, इसलिए मैं नीली आंखों वाली गोरी दिखती थी और लोगों को लगता था कि मैं विदेशी हूं और उन्हें लगा कि मुझे हिंदी नहीं आती। अदा ने कहा कि यह गलतफहमी काफी लंबे समय तक चली। अदा ने आगे कहा, मैं ऐसी इंसान हूं, जो अपनी ही बातों को स्पष्ट करने में बहुत खराब हूं।

रीटा सान्याल शो का निर्देशन अभिरूप घोष ने किया है और इसे अमित खान ने लिखा है। यह शो 14 अक्तूबर, 2024 को डिज्नी+ हॉटस्टार पर प्रीमियर के लिए तैयार है। यह सीरीज रीटा सान्याल नाम की एक वकील पर आधारित है, जो जटिल कानूनी मामलों से निपटने के लिए जानी जाती है, क्योंकि वह कानूनी और आपराधिक दोनों दुनिया में चुनौतियों का सामना करती है। कीलाइट प्रोडक्शंस द्वारा निर्मित यह सीरीज डिज्नी+ हॉटस्टार मोबाइल ऐप पर मुफ्त में स्ट्रीम करने के लिए उपलब्ध होगी, जिसके एपिसोड सोमवार से शुक्रवार तक रिलीज होंगे।





# विवादों में आईं बेबिका धुर्वे

## निर्माता-एक्टिविस्ट ने लगाया बकाया भुगतान न करने का आरोप



**बिग** बॉस ओटीटी 2 से लोकप्रियता हासिल करने वाली बेबिका ध्रुवे अपने गाने बोटी बोटी को लेकर विवादों में घिर गई हैं। सामाजिक कार्यकर्ता और निर्माता अतुल किशन ने सोशल मीडिया पर अभिनेत्री पर बकाया भुगतान न करने का आरोप लगाया है। इंस्टाग्राम स्टोरी में अतुल की ओर से किए गए दावे के मुताबिक बेबिका ने उन्हें गाने से संबंधित बकाया राशि नहीं दी है।

उनके दावे के मुताबिक बेबिका ने बोटी बोटी गाने की रिलीज के बाद भुगतान का वादा किया था, लेकिन तब से उन्होंने उन्हें ब्लॉक कर दिया है और उन्हें अब तक धनराशि नहीं दी गई है। अतुल ने उनकी चैट का एक स्क्रीनशॉट भी शेयर किया, जिसमें दिखाया गया है कि वह मई से ही उनसे भुगतान करवाने की कोशिश कर रहे हैं। अतुल ने लिखा, हमने बोटी बोटी गाने के लिए बेबिका धुर्वे के साथ डील की थी। उन्होंने रिलीज के बाद भुगतान का वादा किया था, लेकिन जैसे ही यह रिलीज हुआ, उन्होंने हमें भूला दिया, हमें हर जगह ब्लॉक कर दिया और जब भी हम उससे बात करते तो वह हमारे साथ बुरा व्यवहार करती थीं और लगातार बहाने बनाने के साथ अनादर करती थीं। यह उनका पहला घोटाला नहीं है। चलिए स्पष्ट कर दें कि यहां पैसा मुद्दा नहीं है, लेकिन आत्म-सम्मान ही सब कुछ है। प्रसिद्धि से मूर्ख मत बनो।

बेबिका धुर्वे और पूजा भट्ट बिग बॉस ओटीटी 2 पर अच्छे दोस्त बन गए थे और उसके बाद भी दोस्त बने रहे। हालाँकि, प्रशंसक तब आश्चर्यचकित रह गए जब उन्होंने अप्रैल 2024 में इंस्टाग्राम पर एक-दूसरे को अनफॉलो कर दिया, जिससे अफवाहें उड़ीं कि दोनों की दोस्ती खत्म हो चुकी है। हालांकि, एक बातचीत में बेबिका ने दावा किया था कि वे अभी भी दोस्त हैं।

# रितेश देशमुख ने लगाई न्याय की गुहार

रितेश देशमुख ने सोशल मीडिया पर न्याय की गुहार लगाई है। उन्होंने बाबा सिद्दीकी की हत्या करने वाले अपराधियों को कटघरे में लाने की मांग की है। साथ ही बाबा सिद्दीकी के बेटे जीशान और उनके परिवार के लिए संवेदना चाहिर की है। बाबा सिद्दीकी की मुंबई में गोली मारकर हत्या कर दी गई है। एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या की खबर ने पूरे देश को झकझोर दिया है। बॉलीवुड सितारे सदमे में हैं। शनिवार देर रात को उन पर कई राउंड गोलियां चलीं। उन्हें गंभीर हालत में लीलावती अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन उनकी मौत हो गई। सलमान खान से लेकर संजय दत्त और शिल्पा शेट्टी तक, कई हस्तियां रात में ही अस्पताल पहुंची थीं। रितेश देशमुख ने भी सोशल मीडिया पर दुख जताया है और न्याय की मांग की है। बाबा सिद्दीकी के दुखद निधन के बारे में जानकर मैं बहुत दुखी और स्तब्ध हूं। मेरी संवेदनाएं जीशान सिद्दीकी (उनके बेटे) और पूरे परिवार के साथ हैं।

## इंशाअल्लाह में सलमान खान को रिप्लेस किए जाने की अफवाहों पर आलिया भट्ट ने तोड़ी चुप्पी

संजय लीला भंसाली की फिल्म इंशाअल्लाह बंद हो चुकी है. मूवी में सलमान खान के अपोजिट आलिया भट्ट काम करने वाली थी. मूवी को लेकर काफी बज था. हालांकि फिल्म में सलमान को रिप्लेस करने पर आलिया ने अपनी बात रखी. संजय लीला भंसाली की फिल्म इंशाअल्लाह को लेकर काफी लंबे समय से सोशल मीडिया पर चर्चा हो रही है. ये फिल्म संजय लीला भंसाली की सबसे चर्चित प्रोजेक्ट में से एक थी. मूवी में आलिया भट्ट और सलमान खान की जोड़ी थी. हालांकि मूवी बन नहीं बन पाई और बंद हो गई. मूवी के बंद होने के पीछे की वजह सामने नहीं आई. ऐसा कहा गया था कि सलमान और संजय के बीच क्रिएटिव डिफरेंस की वजह से एक्टर को मूवी से रिप्लेस करना पड़ा था. अब इसपर आलिया ने रिएक्शन दिया है.



### आलिया भट्ट ने कही ये बात

संजय लीला भंसाली की फिल्म लव एंड वॉर में आलिया भट्ट काम कर रही है. कुछ महीने पहले ही इस मूवी की अनाउसमेंट हुई है. द लल्लनटॉप से बातचीत में आलिया से फिल्म के स्टेटस के बारे में पूछा गया. इसपर एक्ट्रेस ने कहा, मैं उनके साथ लव एंड वॉर फिल्म में काम कर रही हूं. मुझे उम्मीद है कि वो किसी दिन मूवी बनाएंगे क्योंकि इसकी कहानी शानदार है. ये एक लवली लव स्टोरी है. जब होस्ट ने उनसे मजाक में पूछा कि क्रिएटिव डिफरेंस की वजह से हीरो को बदला जा सकता है, तो इसपर एक्ट्रेस ने जवाब दिया, संजय सर जो फैसला करेंगे, वो मूवी के लिए बेस्ट होगा.

# वेट्टैयन के कारोबार में दूसरे दिन आई गिरावट, 50 करोड़ का आंकड़ा पार



सुपरस्टार रजनीकांत और अमिताभ बच्चन की हाल ही में रिलीज हुई फिल्म वेट्टैयन ने 2024 में तमिल फिल्म के लिए दूसरी सबसे बड़ी ओपनिंग की है। हालांकि, टीजे ग्नानवेल द्वारा निर्देशित यह फिल्म थलपति विजय की द ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम उर्फ GOAT को पछाड़ने में विफल रही है। शुरुआती ट्रेड कलेक्शन के अनुसार, दशहरा की छुट्टियों का फायदा उठाते हुए, वेट्टैयन की कमाई में आने वाले दिनों में जबरदस्त वृद्धि देखने को मिलेगी। सिनेमाघरों में अपने पहले दिन वेट्टैयन ने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 30 करोड़ रुपए से ज्यादा की कमाई की है। वहीं फिल्म के दूसरे दिन का कलेक्शन भी सामने आ गया है। वेट्टैयन 10 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। टीजे ग्नानवेल की फिल्म में आपको अमिताभ बच्चन और रजनीकांत की बेहतरीन भूमिका दिखाने को मिलेगी। ट्रैकिंग वेबसाइट सैकनिल्क के अनुसार, इस एक्शन ड्रामा ने भारत में पहले दिन 30 करोड़ रुपए की कमाई की है। तमिल संस्करण में पहले दिन 26.15 करोड़ रुपए कमाए। वहीं वेट्टैयन के दूसरे दिन कमाई में गिरावट भी देखने को मिली। फिल्म ने सिर्फ 23.8 करोड़ रुपए का बिजनेस किया है।

वेट्टैयन इस साल तमिल सिनेमा में दूसरी सबसे बड़ी ओपनर बन गई, जबकि GOAT सबसे बड़ी ओपनर रही। वेट्टैयन ने पहले दिन 30 करोड़ रुपए कमाए, जबकि GOAT ने पहले दिन भारत में लगभग 44 करोड़ रुपए की कमाई की।

वेट्टैयन एक एक्शन ड्रामा है, जिसका निर्देशन टीजे ग्नानवेल ने किया है। फिल्म में रजनीकांत, अमिताभ बच्चन, राणा दग्गुबाती, फहद फासिल, मंजू वारियर, अभिरामी, दुशारा विजयन और रितिका सिंह नजर आए। फिल्म का स्क्रीन प्ले ग्नानवेल और बी किरुथिका ने साथ में लिखी है।